पीएम ने एक लाख परिवारों को ढाई-ढाई लाख... 12

ब्रह्मण चेतना परिषद की ओर से मकर संक्रांति के... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 95
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
मंगलवार | 16 जनवरी, 2024



मंडे बना 'मनी डे'

शेयर बाजार में बंपर उछाल, सेंसेक्स-निफ्टी नई बुलंदियों पर पहुंचे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

नया साल 2024 का तीसरा सोमवार शेयर बाजार के लिए मंडे नहीं 'मनी डे' साबित हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार में बुल्स के जोर के आगे बियर्स का दम निकल गया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी नई बुलंदियों पर पहुंच गए। सोमवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स 73,402.16 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी पहली बार 22,115.55 के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। सोमवार के कारोबारी सेशन के बाद 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स 759.49 अंकों या 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 73,327.94 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों का एनएसई निफ्टी बाजार में बंपर खरीदारी के कारण पहली बार 202.91 या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,097.45 के लेवल पर बंद हुआ।

आईटी सेक्टर के शेयरों में बंपर खरीदारी से नए शिखर पर बाजार

सोमवार को शेयर बाजार में आईटी सेक्टर के शेयरों में रिकॉर्डतोड़ खरीदारी से पंख लग गए और आखिरकार बेंचमार्क इंडेक्स अपने नए शिखर की ओर उड़ान भरने में सफल रहे। आईटी के अलावा फार्मा और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। निफ्टी के शेयरों में विप्रो और ओएनजीसी के शेयर टॉप गेनर्स के रूप में कारोबार करते दिखे। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 847 अंकों की बढ़त के साथ 72,568 के स्तर पर बंद हुआ था।

मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज का आईपीओ हुआ ओपन

मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए आज से ओपन हो गया है। यह इस साल का दूसरा मेनबोर्ड आईपीओ है। कंपनी इस इश्यू के जरिए 1,171.58 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है।

निफ्टी **22,115** का स्तर छुआ

सेंसेक्स **73,402**

विप्रो का शेयर 06% से ज्यादा चढ़ा

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज सहित कई कंपनियों के नतीजेः आज जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर, सूरज इस्टेट डेव्हलपर्स, वाईब्रेंट डिजिटल और ज्वाइस इंटरनेशनल सहित कई कंपनियां अपने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी करेंगी।

दो कारोबारी सेशन के दौरान टेक शेयरों ने बजार में 22 अरब डॉलर जोड़े

- भारत की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियों के शेयरों ने नए साल की शानदार तरीके से शुरुआत की है। पिछली तिमाही में उम्मीद से अधिक बिक्री के आंकड़ों ने निवेशकों का ध्यान भारतीय आईटी कंपनियों की ओर खींचा है। उद्योग की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड और इन्फोसिस लिमिटेड के नेतृत्व में चार प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनियों ने बीते गुरुवार के बाद केवल दो कारोबारी सत्रों में बाजार की पूंजीकरण में लगभग 22 अरब डॉलर जोड़े हैं। विप्रो लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 14 प्रतिशत तक का उछाल आया। जुलाई 2020 के बाद से यह कंपनी की सबसे बड़ी इंट्राडे बढ़त है। कंपनी के राजस्व में सकारात्मक बदलाव के बाद कुछ ब्रोकरेज ने इसकी रेटिंग को अपग्रेड कर दिया था। एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड एक नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

आरबीएल बैंक और टीवीएस मोटर

- सुमीत बागड़िया ने आज आरबीएल बैंक को 310 रुपए के टार्गेट के लिए 295 रुपए पर खरीदने को कहा है। साथ में 285 रुपए का स्टॉप लॉस लगाने को भी कहा है। दूसरे स्टॉक के रूप में बागड़िया ने टीवीएस मोटर पर दांव लगाने को कहा है। उन्होंने 2131 रुपए के टार्गेट के लिए टीवीएस मोटर को 2082 रुपए पर खरीदने और स्टॉप लॉस 2045 रुपए का लगाने की सलाह दी है।

शेयर बाजार में कैसे करें निवेश

- शेयर बाजार में जहां एक ओर ज्यादा रिटर्न मिलता है तो वहीं यह रिस्कफुल भी होता है। ऐसे में स्टॉक मार्केट में सोच-समझकर ही निवेश करना चाहिए।
- अगर आप भी इसमें निवेश करने का सोच रहे हैं तो आपको पहले यह जरूर जान लेना चाहिए कि शेयर बाजार क्या है? इसके अलावा यह कैसे काम करता है। इन सब जानकारियों के बाद ही इसमें निवेश करना चाहिए।
- आप चाहें तो किसी एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी बाजार में निवेश कर सकते हैं।
- आपको हमेशा छोटी रोशि से ही निवेश करना शुरू करना चाहिए। अगर आप बड़ी रकम लगाते हैं और आपको नुकसान पहुंचता है तो यह आपकी वित्तीय स्थिति के लिए सही नहीं है। इसलिए आप उतनी राशि का निवेश करें जितने के लिए आप रिस्क ले सकते हैं।
- अगर आप छोटी राशि से निवेश करते हैं तो आपको हर महीने निवेश की राशि को बढ़ाना चाहिए। यह आपको लंबे समय के बाद ज्यादा रिटर्न देने में मदद करेगा।
- कई बार निवेशक बाजार में आई गिरावट से घबरा जाते हैं। आपको घबराना नहीं चाहिए, बल्कि आप बाजार में तेजी का इंतजार कर सकते हैं।

अरुण योगीराज की बनाई मूर्ति गर्भगृह में लगेगी

22 जनवरी को 12:20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा, 18 को प्रतिमा गर्भगृह में रखी जाएगी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की पूरी जानकारी सामने आ गई है। 22 जनवरी को दोपहर 12.20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऋस्स प्रमुख मोहन भागवत और ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास अपने विचार रखेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में मंदिर निर्माण कार्यशाला में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के प्रकांड विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने तय किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कर्मकांड वाराणसी के महंत लक्ष्मीकांत दीक्षित करेंगे।

भारत की सभी नदियों के जल से अभिषेक होगा

भारत की सभी मुख्य नदियों का जल अयोध्या आ चुका है। सभी जलों से रामलला का अभिषेक होगा। इसके अलावा नेपाल में राम जी की ससुराल, उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से उपहार आए हैं। जोधपुर से बैलगाड़ी पर घी आया है।

पूजा के समय सभी प्रकार के वाद्य यंत्र बजेंगे

भारत में जितने प्रकार के वाद्य यंत्र हैं उत्तर प्रदेश की बांसुरी, ढोलक, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावण हत्था, बंगाल का श्री खोल जैसे वाद्य यंत्र पूजा के दौरान बजाए जाएंगे।

ये मेहमान होंगे प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी

गर्भगृह में पीएम मोदी, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सभी ट्रस्टी लगभग 150 परम्पराओं के संत, धर्माचार्य मौजूद रहेंगे। भारत में हर तरह की रक्षा पुलिस से लेकर पैरा मिलिट्री फोर्स के अधिकारी, साहित्यकार, पद्म पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। मंदिर निर्माण करने वाली L&T, टाटा के इंजीनियर्स और मंदिर बनाने में लगे 100 लोग रहेंगे। इसके अलावा शैव, वैष्णव, सिख, बौद्ध, जैन, कबीर पंथी, इस्कॉन, भारत सेवाश्रम संघ, राम कृष्ण मिशन, गायत्री परिवार, राधा स्वामी, गुजरात के स्वामी नारायण, लिंगायत के धर्मात्मा रहेंगे।

18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी

चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के चलते 20 और 21 जनवरी को रामलला के दर्शन बंद किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि कल 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जो 21 तक चलेगी। इससे पहले प्रतिमा की जल वास, अन्न वास, शैया वास, औषधि वास, फल वास पूजा होगी।

अरुण योगीराज की बनाई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी

चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में विराजने वाली प्रतिमा का चयन कर लिया गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। मेरे अनुसार उन्हीं की मूर्ति का चयन हुआ है। मूर्ति बनाते वक्त वह 15-15 दिन परिवार से बात नहीं करते थे। बहुत परिश्रमी लड़का है। उसकी मेहनत का फल मिला। अरुण योगीराज ने नीले रंगे की रामलला की मूर्ति बनाई है। इसमें रामलला को खड़े हुए धनुष-बाण लिए दिखाया गया है। प्रतिमा ऐसी है जो राजा के पुत्र की तरह और विष्णु का अवतार लगे। गर्भगृह में रामलला कमल के फूल पर विराजमान होंगे। कमल के फूल के साथ उनकी लंबाई करीब 8 फीट होगी। अभी फाइनल प्रतिमा की फोटो जारी नहीं की गई है।

राम मंदिर रात में सोने की तरह चमकेगा

राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर सोने के सभी 14 दरवाजे लग चुके हैं। गर्भगृह में सिर्फ 1 दरवाजा लगाया गया है। जो 12 फीट ऊंचा और 10 फीट चौड़ा है। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे। इनमें से 42 पर 100द्ध सोने की परत चढ़ाई जाएगी। सीढ़ियों के पास 4 दरवाजे लगेंगे। इन पर सोने की परत नहीं होगी। इन दरवाजों को महाराष्ट्र की सागौन की लकड़ी से बनाया गया है। इन पर हैदराबाद के कारीगरों ने नक्काशी का काम किया है। इसके बाद इन पर तांबे की परत लगाई गई। फिर सोने की परत चढ़ाई जा रही है। रामलला का सिंहासन भी सोने का बनाया जाना है। यह काम भी 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर का शिखर भी सोने का होगा, लेकिन इस काम को बाद में किया जाएगा।

सुपुर्द ए खाक हो गए मशहूर शायर मुनव्वर राना, जावेद अख्तर सहित कई मशहूर हस्तियों ने दी विदाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मशहूर शायर मुनव्वर राना सोमवार को लखनऊ के ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक हो गए। परिजनों और करीबियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। रविवार की रात उनका निधन हो गया था। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। एसजीपीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। गीतकार जावेद अख्तर भी उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे और कहा कि हकीकत ये है कि आज शायरी का, उर्दू का और हिंदुस्तान की तहजीब का नुकसान हुआ है। हिंदुस्तान की तहजीब का ये एक अहम हिस्सा था जो गिर गया। एक पीढ़ी जा रही है। एक नस्ल जो धीरे धीरे जा रही है। निदा फाजली, राहत साहब और अब मुन्नवर साहब का जाना, इसकी भरपाई तो नही हो पाएगी। उनके परिवार को हिम्मत मिले पर हकीकत है जो आता है वो जाता है। वो हमेशा शायरी के लिए ही जाने जाएंगे। मां को उन्होंने पहली बार शायरी का हिस्सा बनाया। उनका शेर कहने का अपना रंग था।

'शुक्रिया मोदी भाईजान' की शुरुआत

महिलाओं ने निकाली रैली, पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले, मोदी जी वोट की सियासत नहीं करते

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आज यानी सोमवार को शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान शुरू किया गया। अभियान की शुरुआत लखनऊ के क्राइस्ट चर्च में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने अभियान की शुरुआत की। पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा, शुक्रिया मोदी भाईजान है क्योंकि उन्होंने जो काम करके दिखाया है। खासकर बहनों के लिए। उनका नारा है सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। दूसरे लोग तो वोट की सियासत करते हैं, मोदी जी वोट की सियासत नहीं करते और न ही कभी वोट की परवाह की। वो जो कहते हैं वो करते हैं। इसलिए मुस्लिम बहनों ने कहा, शुक्रिया मोदी भाईजान।

मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी के लिये नया प्लान तैयार

बीजेपी का मुस्लिम मोर्चा की आज से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान चलाएगा। कार्यक्रम का टैग लाइन होगा 'ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है।' इस अभियान के जरिए बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश की बड़ी मुस्लिम आबादी को साधने का काम करेगी। बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा शुरू किए गए शुक्रिया भाई जान अभियान में यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर 1000 मुस्लिम महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं। इन मुस्लिम महिलाओं को भाजपा के द्वारा किए गए कामों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बोले, पिछली सरकारों में भाई-भतीजावादा होता था

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, पिछली सरकारों में भेदभाव होता था, लेकिन हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ काम कर रही है। पिछली सरकारों में भाई-भतीजावाद होता था लेकिन हमारी सरकार में सबको हर योजना का लाभ मिल रहा है। चाहे कोई हमारी विचारधारा को मानता हो या ना मानता हो। पहले कि सरकार एक खास वर्ग को केवल वोटबैंक ही समझता था। लेकिन हम सबको साथ लेकर चलते हैं।

पीएम मोदी का शुक्रिया करते दिखीं महिलाएं

अभियान के तहत मुस्लिम समुदाय के लोग केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा कर रहे हैं। इस दौरान महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाती हुई नजर आईं। मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने के लिए पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करती दिखीं।

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

लोकसभा चुनाव | अपने जन्मदिन के मौके पर स्पष्ट तौर पर कह दिया कि उनकी पार्टी इस बार का लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी

मायावती को 'इंडिया' गठबंधन में लाने की उम्मीद पर पानी फिरा

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- बसपा सुप्रीमो मायावती ने इंडिया गठबंधन में शामिल होने से साफ मना कर दिया
- बसपा सुप्रीमो ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को गिरगिट की तरह रंग बदलने वाला बताया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को कमजोर करने और 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इंडिया गठबंधन में शामिल होने से साफ मना कर दिया है। मायावती ने सोमवार को स्पष्ट तौर पर कह दिया कि उनकी पार्टी इस बार का लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। यही नहीं, उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्हें गिरगिट की तरह रंग बदलने वाला बताया है। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने चुनावी साल में भतीजे अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में बुआ-भतीजे की जोड़ी काफी चर्चित रही थी, पर फिलहाल बुआ अपने भतीजे से बेहद खफा लग रही हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए काफी तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। इससे पहले मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि अखिलेश यादव बसपा सुप्रीमो को इंडिया गंठबंधन में लाने के लिए पूरा जोर लगाया था। अखिलेश यादव ने सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तक तैयार कर लिया था।

अयोध्या जाने पर करेंगे विचार

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मुझे राम मंदिर रे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है, मैंने इसपर कोई फैसला नहीं लिया है क्योंकि मैं अपने पार्टी के काम में व्यस्त हूं, लेकिन अयोध्या में 22 जनवरी को जो कार्यक्रम हो रहा है उसका हम स्वागत करते हैं। आगे चलकर अगर मस्जिद को लेकर ऐसा कोई कार्यक्रम होता है तो उसका भी हम स्वागत करेंगे। हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का स्वागत किया

बसपा प्रमुख ने इसके साथ अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने वाले रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर उत्साह जताया है। उन?होंने कहा कि उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता मिला है, लेकिन इसमें शामिल होने को लेकर फिलहाल उन्होंने कोई फैसला नहीं लिया है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का स्वागत करती हैं।

फिलहाल धर्म और संप्रदाय के आधार पर राजनीति हो रही है

मायावती ने मौजूदा सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोगों को राशन देकर उन्हें गुलाम बना रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों को रोजगार देती थी। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जब उनकी सरकार थी तो सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर काम करती थी। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल धर्म और संप्रदाय के आधार पर राजनीति हो रही है। जो देश के सिद्धांत के अनुसार उचित नहीं है।

लकड़ी बेचने जा रही महिला की करंट लगने से मौत, शिकार के लिए बिछाया था प्रवाहित तार

* रेंजर मुख्यालय में रहकर पूरी करते ड्यूटी, शिकार पर कैसे लगेगी लगाम?
* रात्रि गश्त का दावा पूरी तरह से झूंठा, अराजकता का बोलबाला

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

रानीपुर टाइगर रिजर्व जंगल शिकारियों का गढ़ और सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। यहां शिकारियों का गिरोह बड़ी तेजी से सक्रिय है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मारकुंडी वन परिक्षेत्र में अवैध तरीके से शिकारी शिकार कर रहे हैं। कई हादसे होने के बावजूद प्रशासन और वन विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे शिकारियों के हौसले बुलंद हैं। कहीं करंट फैलाकर तो कहीं जलाशयों मे जहरीला पदार्थ घोलकर वन्यजीवों का शिकार कर रहे हैं। जिसकी चपेट मे जानवरों के साथ मानव भी आ रहे हैं। ताजा मामला सोमवार की सुबह मारकुंडी वनपरिक्षेत्र द्वितीय के छेरिहा टंकी से सटे जंगल से सामने आई है।

जंगली जानवरों के शिकार करने के लिए बिछाए तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। जानवरों के शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार मे 35 वर्षीय महिला शांति पत्नी राम कुशल सुबह तड़के सर पर लकड़ी का गट्ठर लेकर जा रही थी, जंगल के किनारे से निकलने के दौरान बिजली तार मे फंसकर महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच में जुट गई है।

मौके पर फंसी मिला करंट प्रवाहित तार

सूचना पर पहुंचे परिजन और पुलिस ने मौके पर करंट प्रवाहित कटिया लगी थी। 11 हजार हाईटेंशन लाइन से कनेक्शन भी जुड़ा था। तकरीबन ढाई सौ मीटर लंबी कटिया जलाशय के चारो तरफ लगाकर पगडंडी के बीच लगा दिया था। बिजली विभाग के कर्मचारियों के आने के बाद लाईन कटकर कनेक्शन काटा गया।

जगह-जगह लगाई जा रही कटिया

लोगों ने कहा कि जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए कई लोग बिजली का तार बिछाकर रखते हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व मे जगह-जगह शिकारियों के ठीहा हैं। जिसमें जंगली जानवरों के साथ लोग शिकार हो रहे हैं। ऐसा करना गैर कानूनी है। लेकिन शिकारियों पर कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले बुलंद है।

लंबे समय से जारी है अवैध शिकार

टाईगर रिजर्व में काफी वन्य जीव विचरण करते हुए पाए जाते हैं। शिकारी हाईटेंशन तार से जंगलों और खेतों में विद्युत लाइन बिछाकर वन्य प्राणियों का शिकार करते हैं। लंबे से अवैध काम की जानकारी होने के बावजूद पुलिस प्रशासन, वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है। वन विभाग की मिली ढील से शिकारियों के हौसले बुलंद हैं। वन्य जीवों का शिकार करने के लिए बिछाए तार की चपेट में आकर कई इंसानी जान जा चुकी है। हादसों के बावजूद शिकारी विद्युत तार लगाकर वन्य जीवों का शिकार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासन भी मसले में कड़ा रुख नहीं अपना रहा है।

बाल-बाल बची महिलाएं

सर मे गट्ठर लेकर एक दर्जन के करीब महिलाएं जा रही थी,तभी आगे चल रही शांति अचानक गिर गई और देखते-देखते जलने लगी। पीछे चल रही महिलाएं सतर्कता दिखाते हुए पीछे हटीं। अगर थोड़ा भी चूक होती तो और महिलाओं की करंट की चपेट मे आने से भी जान जा सकती थी।

रेंजर मुख्यालय मे रहकर करते हैं ड्यूटी,अराजकता का बोलबाला

वनपरिक्षेत्र मारकुंडी द्वितीय मे तैनात रेंजर मो. नदीम जिला मुख्यालय मे रहकर जंगलों की रखवाली कर रहे हैं। जिसके चलते जंगल मे भारी अराजकता फैली हुई है। रेंजर कर्बी मे अपना आवास बना रखा है। रेंज कार्यालय, आवास मे कोई भी के नहीं रहने से शिकारी और तस्करों की मनमानी चल रही है। ऐसे मे रात्रि गश्त का दावा बेमानी साबित हो रहा है।

रात्रि गश्त का दावा पूरी तरह से झूंठा

गौरतलब हो कि शिकारियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाई तार से पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी है जिसमे पालतू पशुओं और कई ग्रामीणों की जान जा चुकी है, रानीपुर टाइगर रिजर्व महकमा रात्रि गश्त की लगातार बात करता रहा है लेकिन इस घटना ने वन कर्मियों द्वारा की जा रही निगरानी की पोल खोल कर रख दी है। अगर वन विभाग सख्त होता तो शायद महिला की जान न जाती।

फास्ट फॉरवर्ड

मायके में विवाहिता ने कुएं में कूदकर जान दी

जन एक्सप्रेस/बदौसा। विवाहिता ने रविवार देर शाम घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं में छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जब तक उसे कुएं से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जनपद महोबा के कुलपहाड़ थानांतर्गत मुराड़ी गांव निवासी रामकृपाल की 22 वर्षीय पत्नी गोरीबाई को उसके पिता रामनिहोर मकर संक्रांति पर्व के मौके पर बेटी को मायके थाना बदौसा के भुसासी गांव के मजरा साधौपुर ले आए थे। रविवार की शाम गोरीबाई अपनी ढाई वर्षीय बेटी को घर में छोड़कर कुछ दूरी पर स्थित यादव कुआं पहुंची और छलांग लगा दी। अंधेरा होने के कारण पानी में कुछ गिरने की आवाज ग्रामीणों ने सुनी। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह गोरीबाई को कुएं से बाहर निकलवाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि ससुरालीजन उनकी बेटी को कामकाज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसी के चलते सने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मूतका के ढाई वर्ष की एक पुत्री रक्षा है।

ठंड की चपेट में आए 12 लोग भर्ती

जन एक्सप्रेस/बांदा, जबरदस्त शीतलहरी की चपेट में आकर लोग बीमार हो रहे हैं। 12 लोगों को पेट दर्द, उल्टी व कोल्ड डायरिया से पीड़ित होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को तेज धूप खिलने की वजह से लोगों को ठंड से राहत मिली थी। लोगों का मानना था कि अब मौसम साफ हो जाएगा। लेकिन सोमवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली तो आसमान कोहरे की आगोश में था। पिछले चौबीस घंटों में ठंड की चपेट में आने से 12 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें 65 वर्षीय कमला देवी गायत्री नगर, 65 वर्षीय रामप्रताप महोखर, शुकुल कुआं निवासी 20 वर्षीय सत्यम, 22 वर्षीय अर्चना निवासी शांती नगर, 37 वर्षीय सुशीला निवासी जौरही, 20 वर्षीय खुशनुमा निवासी मर्दननाका, पैलानी निवासी 22 वर्षीय राजन सिंह, बंगालीपुरा मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय मुन्नी, पैलानी निवासी 3 वर्षीय शिवांगी, गुरेह निवासी 20 वर्षीय चंद्रभूषण, छावनी निवासी 42 वर्षीय गौरी और नरैनी निवासी 7 वर्षीय मानसी शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

खुटहा को हराकर अतर्रा ने जीता मैच

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में सोमवार को मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला अतर्रा और खुटहा टीम के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र व जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद चित्रकूट राजेन्द्र त्रिवेदी ने किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अतर्रा की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 147 रन बनाये। अतर्रा के शिवम ठाकुर ने सर्वाधिक 54 रन और आशुतोष ने 23 रन बनाये। खुटहा के मिथलेश, अरविंद और अनीश ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खुटहा की टीम ने अतर्रा टीम के घातक गेंदबाजी के आगे खुटहा की टीम 6 विकेट खोकर 81 रन बना पायी और मुकाबला 66 रन से हार गयी। अतर्रा के बच्चा और बटलर ने 2-2 विकेट लिए। अतर्रा के 54 रन बनाने वाले खिलाड़ी शिवम ठाकुर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुभाष चंद्र मिश्र, मेराज सिद्दीकी द्वारा दिया गया। मैच में अंपायर अंकुर त्रिवेदी और रोहित, कॉमेंटेटर इब्रान खान, रमेश मिश्र, स्कोरर सत्यनारायण, रमेश मिश्रा रहे। इस मौके पर अध्यक्ष अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित, हिमांशु, अंकुर आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा ने बताया कि कल सीतापुर व मझगवां और कर्वी व बरवारा के बीच मुकाबला होगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कराया बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट में युवा पखवाडा के उपलक्ष्य में खेलों भारत के तहत तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हो गया। जिसमें विजेता राशि 5100 रूपए व शील्ड, उपविजेता 2100 रूपए दे कर खिलाडियों को पुरस्कृत किया। समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक उपस्थिति रहे। जिला सह संयोजक तेज प्रकाश ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाती है। जिसमें एक सप्ताह युवा पखवाडा के रूप में पूरे देश भर में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि परिषद एक छात्र संगठन होने के कारण अपना आदर्श स्वामी विवेकानंद को मानती है। जिसमें छात्र हित व राष्ट्र हित के लिए कार्य किए जाते हैं। परिषद में विभिन्न प्रकार के प्रतिभाओं वाले छात्र जुडे होते हैं, जिसमें उनके रुचि के अनुसार अनेक गतिविधियों के माध्यम से उनके कला को आगे बढाने का कार्य किया जाता है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के हीरो मिश्रा, मोहित मिश्रा, अभिषेक ओझा, विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक पुष्पेन्द्र गर्ग, जिला संगठन मंत्री राम, अनुज निषाद आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 53 क्वार्टर देशी शराब बरामद गयी। मऊ थाने के उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी संदीप कुमार द्वारा सोनू सिंह निवासी पोखरी खानदेह को 35 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पहाड़ी थाने के उप निरीक्षक मातादीन तथा आरक्षी शरद कुमार द्वारा रामभरोसा निवासी उडकी का पुरवा मजरा चैरा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूद्ध थाना पहाड़ी में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए किया गया जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार

जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट। मऊ नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सोमवार को पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इण्टर कॉलिज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी, उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक व ईओ बालकृष्ण गौतम ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। मऊ नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत सरकार की संकल्प यात्रा की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने वाली गाडी के माध्यम से जानकारी दी गई। डिजिटल युग में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की विकसित भारत संकल्प यात्रा में इलेक्ट्रॉनिक चित्रपटल के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार हो रहा है। अनिल गुप्ता आकाशवाणी कर्वी नोडल अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा को चित्रपटल गाडी से सबको योजनाओं के बारे में दिखाया। मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी व एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने बताया कि नवसृजित नगर पंचायत में 1300 कालोनियां स्वीकृत हुई हैं। जिसमें से 150 लाभार्थियों को प्रमाण, आवास गोल्डन कार्ड भी बांटे गए। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने डबल इंजन की सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लाभ लेने के लिए लाभार्थी अपने अधिकार की लडाई लडे। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि जितने भी 1300 आवास स्वीकृत हुए हैं, उन सबको आवास दिया जाएगा। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने सभी लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुरूप लेने के लिए कहा। साथ ही पात्रता के अनुरूप योजनाओं का लाभ लेने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर मऊ नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ हारून, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, प्रधानाचार्य दिनेश भार्गव आदि मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र पाकर खिले छात्रों के चेहरे

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण सोमवार को किया गया। साथ ही शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को मेहनत करके आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित प्रयागराज रोड के श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय में सोमवार को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक मोहित तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कक्षा सात से लेकर कक्षा 10 तक के उर्त्तीण होनहार बच्चों को यह छात्रवृत्ति दी जाती है। ब्रांच टीम लीडर अनुराग गुप्ता ने बताया कि आज यहां 29 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। ललित कुमार शुक्ला ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए जुलाई-अगस्त माह में छात्र ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। इसका कोई शुल्क नही लिया जाता है। कार्यालय में आकर भी ऑनलाइन फार्म भरे जा सकते हैं।

अस्पताल में गंदगी मिलने पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने क्षेत्र भ्रमण कर अलाव जलने एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। अस्पताल में उन्होंने प्रसव वार्ड में महिलाओं और परिजनों से स्वास्थ्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी की। साथ ही चिकित्सकों को अस्पताल में मौजूद रहकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाए।

सभी दवाओं की उपलब्धता अस्पताल में रहनी चाहिए। जिससे यहां आने वाले क्षेत्रीय मरीजों का समुचित इलाज हो सके।

जीआरपी एसपी झांसी ने थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

ट्रेनों में चलेगा पुलिस स्कॉर्ट, करेगा निगेहबानी : एसपी

जन एक्सप्रेस। बांदा

वार्षिक निरीक्षण करने आए एसपी जीआरपी झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को मद्देनजर नजर रखते हुए सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में पुलिस स्कार्ट तैनात रहेगा और निगरानी करेगा। विशेष तौर पर ट्रेनों में चेकिंग की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था होने से रोका जा सके।

सोमवार को दोपहर एसपी जीआरपी वार्षिक निरीक्षण के लिए जीआरपी थाने पहुंचे। सबसे पहले उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद एसपी ने थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान मालखाने को चेक किया। सभी रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए कहा कि महिला अपराधों पर पैनी निगाह रखी जाए। थाना प्रभारी से तमाम जानकारियां हासिल की। एसपी ने निर्देश दिए कि आगामी 22 जनवरी को श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की विशेष चेकिंग की जाए। यह भी कहा कि सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में पुलिस स्कार्ट चलेगी, जो ट्रेनों में चेकिंग करेगी और किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने वालों या आपराधिक किस्म के लोगों को दबोचने का काम करेगी। निरीक्षण के दौरान एसओ जीआरपी और पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

खगोलीय परिवर्तन ही मकर संक्रान्ति पर्व, खिचड़ी भोज की परम्परा

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

सनातन धर्म मे सातवार नौ त्योहार की परम्परा आदि कालीन है। सभी पर्वो का कही न कही अपना सामाजिक, धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व का विवरण भी मिलता है। कही सामाजिक परम्पराओ को मजबूत करना तो कही भौगोलिक परिवर्तन और वैज्ञानिक महत्व को धार्मिक परम्पराओ से जोडकर पर्वो के रुप मे मनाते आ रहे है। पर्वो मे रोचकता पैदा करने के लिए देश-काल एवं परिस्थितियो के अनुसार नामाकरण और रीतियो मे परिवर्तन किया गया है।

मकर-संक्रान्ति पर्व जहॉ सामजिक-धार्मिक दृष्टि से स्नान और दान के पर्व के रुप मे जाना जाता है। मकर संक्रान्ति पर्व को लोग बहुत ही श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास से गंगा स्नान करके सुपात्र को दान देकर मनाते है। ऐसा कहॉ जाता है कि गंगा-यमुना और सरस्वती के संगम पर सभी देवतागणो सहित देविया भी भेष बदलकर संगम स्नान करने आते है ऐसी मान्यता है। जिससे आज के दिन गंगा स्नान का विषेश महत्व भी बताया गया है। जब कि दूसरी तरफ खगोल शास्त्रियो के अनुसार प्रमुख ग्रह सूर्य अपनी कक्षाओ मे परिवर्तन करने के कारण विषेश महत्व बताया जाता है। आज के दिन से ही रात छोटी और दिन बडा होने लगता है दिन बडा होने से सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर देर तक रहने से जीवो को अधिक समय तक जीवन रक्षक वायु और चेतना मिलती है। ऐसा वैज्ञानिक महत्व बताया जाता है। वही पूरे देश मे अलग-अलग नामो एवं विभिन्न कारणो से देश-काल तथा सामाजिक, भौगोलिक परिस्थियो से पर्व को अलग-अलग तरह से मनाते है और अति प्रचीन मान्यता के अनुसार गंगा स्नान करके अपने से श्रेष्ठ को खिचडी सहित अनेक वस्तुये दान देते है। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस मे मकर संक्रान्ति का वर्णन करते हुये लिखा है कि ''माघ मकरगत रवि जब होई।

तीरथजतिहि आव सब कोई।।'' क्षेत्र में नगर सहित कई स्थानो मे खिचडी भोज तथा गरीबो को दान का आयोजन सामाजिक संगठनो तथा राजनैतिक संगठनो द्वारा परम्परागत आयोजित किया जाता है और खिचडी खिलाकर कम्बल आदि बॉटे गये। हिन्दू धर्म मे अनेक पर्वो को कही सामाजिक स्थित को मद्देनजर तो कही धार्मिक मान्यताओ के अनुसार मनाते आ रहे है। जब कि आधुनिकता के चलते प्राचीन परम्पराओ का लोप होता जा रहा है जिससे सामाजिक परिवर्तन के चलते समाज को विसंगतियो से जूझना पड रहा है।

जबकि आधुनिकता के चलते प्राचीन परम्पराओ का लोप होता जा रहा है जिससे सामाजिक परिवर्तन के चलते समाज को विसंगतियो से जूझना पड रहा है। जिससे अति प्राचीन परम्पासओ का लोप होता जा रहा है और आधुनिक परिवेश मे धार्मिक सामाजिक रीतियो मे परिवर्तन करना ही अधुनिकता की परिभाषा बताया जा रहा है। जबकि प्रचीन परम्पराओ के पीछे कही सामाजिक तो कही वैज्ञानिक कारण होते रहे है।

वाल्मीकि आश्रम लालपुर पहुंची चरण पादुका यात्रा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। श्रीलंका से चलकर चित्रकूट होते हुए चरण पादुका यात्रा महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालपुर में सोमवार को पहुंचने पर आश्रम के महंत भरत दास महाराज ने विधिवत पादुका पूजन किया। साथ ही सभी भक्तों का महंत भरत दास ने स्वागत सम्मान किया। आचार्य रामऔतार शर्मा द्वारा राम पथ गमन मार्ग को लेकर महंत भरत दास द्वारा चर्चा की गई। 22 जनवरी के बाद राम पथ गमन मार्ग को लेकर आचार्य राम शर्मा द्वारा प्रशासन के साथ एक बैठक रखने का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके पूर्व भौरी ग्राम पंचायत में मनोज कुमार त्रिपाठी द्वारा चरण पादुका की पूजा अर्चना करते हुए स्वागत किया गया। इस मौके पर युवा पत्रकार प्रदोष चैहान, रागिनी तिवारी, देवराज त्रिपाठी, भाजपा नेता बद्री विशाल त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिमोहन त्रिपाठी, विनय कुमार त्रिपाठी, राजाबाबू त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, सूरज त्रिपाठी, विवेकानंद, आशुतोष, यात्रा के संघ प्रचारक विनोद, मनोज त्रिपाठी, मोनू चैधरी, गुरुदत्त द्विवेदी, वाल्मीकि आश्रम के महंत रामजन्म दास महाराज आदि मौजूद रहे।

श्रीराम चरण पादुका का खोही में हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर श्रीराम चरण पादुका यात्रा का स्वागत किया। जनपद में भगवान श्रीरामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा के लिए भरतकूप से चरण पादुका लेकर खोही चैराहे पर पहुंचे। साथ ही रास्ते में चरण पादुका का स्वागत करने के लिए जनमानस ने हर्षोल्लास के साथ पुष्प वर्षा की। चरण पादुका की विधिवत पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर पादुका रथ यात्रा को रवाना किया।

साथ ही तपोस्थली चित्रकूट के साधु संत एवं आम जनमानस ने भी चरण पादुका की पूजा अर्चन कर पुष्प वर्षा किया। यह चरण पादुका रथ भरतकूप से चलकर खोही तिराहा होते हुए बरहा हनुमान मंदिर पर्यटक तिराहा से राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में पहुंची।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर वितरित किया अक्षत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मऊ तहसील के पूरब पताई गढवा गांव में हिन्दू वादी संगठनों ने मऊ खण्ड की अभियान समिति की ओर से शोभा यात्रा निकाली। जिसमें ग्रामीणों को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की जानकारी देते हुए स्थानीय स्तर पर धूमधाम से दीपोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के पूजित अक्षत वितरण किए गए। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विकास मिश्रा, मऊ खण्ड प्रचारक अतुल, खण्ड कार्यवाह विकास, उमेश प्रताप, रमेश मिश्रा, रोशन, गिरिश आदि मौजूद रहे।

गौवंशों से भरी संदिग्ध पिकप को पुलिस ने किया बरामद, ग्रामीणों व पुलिस के बीच हुई नोक-झोक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

खखरेरु थाना क्षेत्र के कोट गांव मजरा चंदनमऊ में बीती रात गौवंश से भरी पिकअप जाने की सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को हिरासत में लिया। इस दौरान मौके से चालक फरार हो गया। कुछ ही देर बाद मौके पर बडी सख्या मे ग्रामीण एकत्रित हो गये जिसमे महिलाओं की तादात ज्यादा बतायी गयी। ग्रामीणों ने पुलिस के सामने अन्ना पशुओं को गौशाला छोड़ने को लेकर विरोध करना शुरू कर दिया। घंटो रोड जामकर ग्रामीणों ने हंगामा काटा इस बीच पुलिस व ग्रामीणों के बीच तीखी बहस भी हुई।

जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के कोट गांव मजरा चंदनमऊ में बीती रात गौवंश से भरी पिकअप को पुलिस ने धर दबोचा गया। पुलिस को देखकर चालक मौके से फरार हो गया। थोड़ी देर बाद सैकड़ो की तादात में ग्रामीण एकत्रित हो गये। सभी ने पुलिस प्रशासन को यह बताने लगे की गौवंशो को पास के गौशाला में छोड़ने के लिए भेजा जा रहा था। इस दौरान जब पुलिस ने ग्रामीणों से पूंछा की गौशाला से संबंधित लिखित पत्र हैं तो इन्होने विजयीपुर क्षेत्र में कार्यरत सचिव मनीष कुमार, को बताकर अपना हवाला पेश किया।

ग्रामीणों में दयालाल, ननकई, दयाराम, बच्चू कुमार रज्जु कुमार,राम नारायण, अकलेश सोनकर, राम मिलन, शंकर निषाद, लाल बाबू, चन्द्र भूषण, सुखलाल, राम प्रसाद समेत दो सैकड़ा किसानों ने बताया की क्षेत्र में अन्ना पशुओं का आतंक हमेशा से रहा हैं। जिसको लेकर किसान रात भर खेत की रखवाली करता हैं। यहा तक की हर रोज गांव में मुनादी पिटाकर फसल बचाने की एक मोहिम भी चलाई जा रहीं हैं। पास में गौशाला न होने के कारण अन्ना पशुओं को हर दिन खेत से दौड़ाया जाता हैं। किसानों की परेशानी कोई नहीं देखता हैं क्षेत्र में झुंड बनाकर घूम रहें अन्ना पशुओं को गढ़ा क्षेत्र में बनी गौशाला में छोड़ने के लिए किसानों ने मिलकर चंदा भी किया हैं। ताकि कोई बड़ा वाहन किराए में लेकर इन अन्ना पशुओं को गौशाला में भेज दिया जाय। इसी को लेकर पिकअप बुलाकर अन्ना पशुओं को भरकर भेजा जा रहा था। तभी किसी शातिर ने पुलिस को गुमराह करते हुए सुचना दें दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने गौवंश से भरी पिकअप को हिरासत में ले लिया। इस पूरे प्रकरण को लेकर देर रात पुलिस व ग्रामीणों के बीच नोकझोक चलती रहीं। पूरे प्रकरण को लेकर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की गौवंश से लदी पिकअप की सुचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जहॉ चालक मौके से फरार हो गया इस बीच स्थानीय थाने में गौवंशो को लेकर मुकदमा पंजीकृत किया गया हैं।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । मंगलवार । 16 जनवरी 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 10 के मध्य तेज़ हवाओं, गरज-चमक एवं ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय शीत लहर/घने कोहरा छाये रहने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 17.4 (-2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 8.0 (+1.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0
- कृषि मौसम वैज्ञानिक

12 वर्ष के मासूम को उसकी मां के प्रेमी ने ही उतारा था मौत के घाट

* प्रेमी ने अपनी पत्नी और दो बाल अपचारियों संग मिलकर दिया था घटना को अंजाम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती 4 जनवरी को थाना सेन पश्चिम पर क्षेत्र से लापता हुए 12 वर्षीय वरुण की हत्या का कारण और कोई नहीं खुद उसकी मां निकली है, मासूम वरुण की मां के प्रेमी ने अपनी पत्नी और दो बाल अपचारियों से मिलकर वरुण की हत्या की थी, पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों को हिरासत में लेने के बाद जेजे एक्ट का अनुपालन करते हुए बाल संरक्षण अधिकारी के समक्ष पेश करने की बात कही है वहीं मृतक की मां के प्रेमी और उसकी पत्नी की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस टीमों को भी लगाया गया है।

ज्ञातव्य हो कि बीती 10 जनवरी 2023 को थाना चकेरी क्षेत्र स्थित सानिगवां नहर में एक बच्चे का शव पुलिस को मिला शव की पहचान थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के स्वर्ण जयंती बिहार निवासी मनोज गुप्ता के 12 वर्षीय पुत्र वरुण के रुप में हुई थी, वरुण की मां ममता का कहना था कि वरुण बीती 4 जनवरी से ही लापता था, ममता ने थाना सेन पश्चिम पारा में 9 जनवरी को तहरीर देकर आईपीसी की धारा 363 में मुकदमा भी दर्ज कराया था, ठीक इसी के बाद पुलिस टीम जांच में जुट गई थी और बीते दिन सोमवार को डीसीपी साउथ के कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कानपुर पुलिस द्वारा पूरी घटना से पर्दा उठाया गया।

मृतक वरुण की मां ममता प्रेमी पर संपत्ति के लिए बना रही थी दबाव

प्रेस वार्ता के दौरान एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि मृतक वरुण की मां ममता के प्रेम संबंध अमित राजपूत उर्फ पंचू से थे, ममता प्रेमी पंचू पर संपत्ति बेटे वरुण के नाम करने का दबाव बना रही थी, जिसके बाद अमित राजपूत उर्फ पंचू वा उसकी पत्नी गुड़िया ने दो बालअपचारी संग मिल एकराय होकर 04 जनवरी को समय करीब 16:30 बजे दुकान से नमकीन बिस्कुट लेने जाते समय वरुण का अपहरण कर चाकू से गला रेत कर हत्या करके साक्ष्य को छिपाने के लिये शव को सनिगवां बम्बा में फेंक दिया था, थाना सेन पश्चिम पारा में बीती 9 जनवरी को दर्ज किए गए मुकदमे में 302/201/34 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है तथा फरार चल रहे अमित राजपूत उर्फ पंचू पुत्र स्व0 राधेलाल 2. गुड़िया पत्नी अमित राजपूत उर्फ पंचू निवासीगण ग्राम गणेशपुर थाना चकेरी कानपुर नगर की तलाश पुलिस टीम कर रही है।

मंदिरों एवं घाटों के किनारे भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व भाजपा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सोमवार को मंदिरों एवं घाटों के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे भाजपा दक्षिण में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा छावनी, जूही, गोलाघाट शिव मंदिर, मैस्कर घाट, कोयला घाट, डबकेश्वर घाट, बारादेवी मंदिर, भुवनेश्वर मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, गोविंद नगर एवं जूही गुरुद्वारा, जालपा देवी मंदिर, झूलेलाल मंदिर, फूलमती मंदिर, हनुमान मंदिर, आनंदी माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, काली माता मंदिर सहित 37 मठ, मंदिरों एवं घाटों के किनारे स्वच्छता अभियान चलाने के साथ मठ, मंदिरों के मुख्य द्वार और चौराहों को रंग, बिरंगी रंगोली से सजाया गया। वही क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने मकर संक्रांति के अवसर पर पशुओं को हरी पत्तेदार सब्जियां खिलाने के साथ 21 गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम के दिव्य, भव्य मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह उत्सव केवल अयोध्या का नहीं बल्कि सभी देशवासियों का है। जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी मठ, मंदिरों और गुरुद्वारों की साफ सफाई कर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को देव कार्य मानकर हम सभी अपने घर, गली, मोहल्लों, पार्क, मठ, मंदिर, जैन मंदिरों में स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर नरेश कटेरिया, रमाकांत शर्मा, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, हरि स्वरूप तिवारी, अर्जुन बेरिया, शिव पूजन सविता आदि मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड में कम्बल पाकर श्रमिकों के खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश क्रम में सोमवार को निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ.विजय यादव द्वारा विश्वविद्यालय के नवीन दुग्ध प्रक्षेत्र एवं तिलहन शोध प्रक्षेत्र पर श्रमिकों को कंबल वितरित किए गए। डॉ. यादव ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर वर्तमान समय में पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए प्रक्षेत्र के श्रमिकों को लगातार कंबल वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसी जरूरतमंद की मदद कर आत्मिक सुख प्राप्त होता है। इस अवसर पर गेस्ट फैकल्टी डॉक्टर हेमंत कुमार व शोध छात्र उपस्थित रहे।

लाटूश रोड से निकली शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

17 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह जी की याद में मनाए जाने वाला प्रकाश पर्व उत्सव के पहले लाटूश रोड से शोभा यात्रा निकाली गई, इस दौरान सैकड़ो लोगो ने हिस्सा लिया हरविंदर सिंह लार्ड ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व का उत्सव कानपुर के मोतीझील पार्क में बड़ी धूम धाम से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम शोभा यात्रा निकाली जा रही है भीषण सर्दी होने के बावजूद लोगो में उत्साह और जोश है, बताया कि गुरु गोविंद सिंह के सबसे छोटे बेटे को एक दीवार में चुनवा दिया गया था और गुरु गोविंद सिंह ने हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया था आज हिंदू सनातन संस्कृति विराजमान है वो गुरु गोविंद सिंह जी की देन है।

14 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को मिलेगा शिशिक्षु अधिनियम का लाभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उद्योगो व अधिष्ठानों के संचालन के लिए शिशिक्षु अधिनियम 1961 संशोधन उपरांत 2019 में निहित प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी युवा किसी भी औद्योगिक सेवा क्षेत्र के लिए निर्धारित किये प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश ले सकता है। राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर के नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए आए युवाओं को शिशिक्षु कहा जाता है यह योजना राष्ट्रीय स्तर पर शिशिक्षु कों भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल को विकसित कर संचालित की गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत जनपद में स्थित उद्योगों अधिष्ठानों में एक से अधिक अभ्यर्थियों को शिशिक्षु प्रशिक्षण के लिए योजित किए जाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। जिसमें जनपद की युवा जन शक्ति एवं जनपद के प्रतिष्ठित सरकारी सहकारी निजी उद्योग प्रतिष्ठान संस्थाओं को शिक्षित प्रशिक्षण योजनाओं के लिए संचालित वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी औद्योगिक इकाइयों अधिष्ठानों का पंजीकरण करते हुए अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को शिशिक्षु के रूप में अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्रदान कराया जाए। डॉ.नरेश कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी www.apprenticeindia.org.in वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।पंजीकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर के प्लेसमेंट/अप्रेंटिस सेल में अंगद राज या प्रमोद कुमार पाण्डेय से संपर्क कर सकते है।

शिवराजपुर पुलिस ने 10000 के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अपराधियों के लगाम कसने का काम तेजी से चल रहा है शिवराजपुर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनामी को गिरफ्तार किया। एक देशी कट्टा और दो कारतूस ने साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। मक्कापुरवा गांव निवासी सनी गिहार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कस्बा इंचार्ज बोध स्वरूप सिपाही सोनू चाहर पंकज सिंह ने किया गिरफ्तार। कई हफ्तों पहले पुलिस ने जिलाबदर की कार्यवाही की थी जिला बदर का आरोपी पुलिस को खुलेआम चुनौती देते गांव में घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस घेराबंदी कर उसे वर्दी में कुछ शादी वर्दी में इंतजार कर रहे थे इस समय आरोपित किसी घटना को अंजाम देने के लिए निकाला था पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने दौड़कर गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराधियों को क्षेत्र में घूमते देख पुलिस हर संभव प्रयास कर जेल भेज रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्षों की सूची जारी होते ही बधाइयों का तांता

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विधानसभा में लोकसभा चुनाव का समय करीब आते ही ऐसे में भाजपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण दिनेश सिंह कुशवाहा ने मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर मंडल प्रभारियों को बड़ी जिम्मेदारी के निर्देश दिए हैं साथ ही फिर उत्तरी पूरा से नील कुमार पाल को अच्छी पार्टी के प्रति जिम्मेदारी निष्ठा पूर्वक निभाने के बाद उत्तरी पूरा मंडल अध्यक्ष की पुनः जिम्मेदारी सौंप कर बड़ा भरोसा जताया साथ ही जैसे समर्थको को सूचना मिली तो बधाई का तांता लगा रहा वहीं बिठूर से पुष्कर शुक्ला, मझावन कमल कुशवाहा, विधनू श्याम सिंह चंदेल, सचेडी गोविंद कुशवाह, भीतरगांव विनय शुक्ला, घाटमपुर नगर अनूप अवस्थी, पतारा कुलदीप सिंह, रेउना सौरभ कुशवाहा, नौरंगा संदीप पाल, वरिपाल ब्रिजेंद्र कुमार निषाद, बिल्हौर ग्रामीण शुभ्राशू कटियार, बिल्हौर नगर सौरभ शर्मा, पूरा उत्तरी नील कुमार पाल शिवराजपुर अनुराग शुक्ला चौबेपुर जितेन्द्र राजपूत ककवन से शानू राठौर को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

एल्डिको गार्डन अपार्टमेंट में हुआ अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र व रामलल्ला के पूजित अक्षत का वितरण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रायपुरवा स्थित एल्डिको गार्डन अपार्टमेंट में अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र व रामलल्ला के पूजित अक्षत का वितरण किया गया। फैम के मध्य उत्तर प्रदेश प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी को होने वालें भगवान श्री राम जी के नवीन मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण कैंपस में बड़ी एलईडी टीवी पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कैंपस के नागरिकों द्वारा सुबह हवन पूजन, दोपहर को महाप्रसाद व शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी राजेश शुक्ला, सह प्रभारी राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष ओ.पी.गुप्ता, दुर्गा केसरवानी, बी.एस.मिश्रा, देव साहब, विजय गुप्ता व महिला शक्ति में संध्या गुप्ता, ऊषा गुप्ता, एकता गुप्ता, उपमा शुक्ला, इंदू अग्रवाल, मधुलिका भट्टाचार्य, ऊषा कनौजिया आदि मौजूद रहे।

फिर एक आवारा सांड ने ली नाबालिग की जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में फिर एक आवारा सांड ने एक नाबालिक की जान ले ली, घटना विश्व बैंक बर्रा की है जहां के रहने वाले राकेश मिश्रा का 16 वर्षीय पुत्र रविवार शाम को किसी काम से अपनी साइकिल से जा रहा था। राकेश मिश्रा ने बताया कि रास्तें में एक आवार सांड ने उनके पुत्र को उठाकर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटो आई। सूचना मिलते वह अपने पुत्र को हैलट अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अचानक पुत्र की मौत से पूरे परिवार में मातम फैल गया वहीं घटना सीसी टीवी फुटेज में कैद हो गयी। यह पहली घटना नहीं है ऐसी कई घटनाये शहर में होती रहती है, जिसमें लोग जख्मी होते रहते है और यह छोटी-मोटी घटना उद्धघटित नही होती। आखिर शहर की जनता नगर निगम कैटिल विभाग की लापरवाही के कारण कब तक हादसों का शिकार होती रहेगी।

गोलगप्पे फ्री न मिलने पर दबंगों ने गरीब को पीटा, मौत

* शहर के थाना चकेरी इलाके के सफीपुर क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना चकेरी इलाके के सफीपुर क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गोल गप्पे फ्री में खिलाने से मना करने पर दबंगों के द्वारा एक गरीब की पिटाई से मौत हो जाने का मामला सामने आया, घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज छानबीन शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक प्रेम चंद्र निषाद गोल गप्पे की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे, रोज की तरह प्रेम चंद्र निषाद घर से गोल गप्पे की रेहड़ी लगाकर रविवार को बेचने निकले तभी क्षेत्र में रहने वाले दबंग धीरज कुमार जो की विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आवास के बगल में स्थित स्कूल में साफ सफाई का काम करता है उसके द्वारा मृतक प्रेम चंद्र निषाद से फ्री में गोल गप्पे खिलाने के लिए बोला गया आरोप है की मृतक ने मनाकर दिया तो धीरज ने अपने चार पांच साथियों को बुलाकर प्रेमचंद्र की जमकर पिटाई कर दी। क्षेत्रीय लोगो ने बीच बचाव करके मामला शांत करा दिया। पिटाई से घायल प्रेम चंद्र ने घर वापस आकर आप बीती परिजनों को बताई और सोने चले गए। वही बेटे अनुज ने बताया की सुबह जब वह अपने पिता को जगाने गया तो पिता की मौत हो चुकी परिजन आनन फानन में अस्पताल ले कर गए लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

ओला कैब से ड्राइवर से लूट करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती 13 जनवरी को थाना सचेंडी में दर्ज किए गए मुकदमें में पुलिस टीम ने घटना का सफल खुलासा महज 48 घंटे में कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, घटना का खुलासा करने वाली टीम को डीसीपी पश्चिम विजय ढुल द्वारा इनाम दिए जाने की बात भी कही गई है।

मिली जानकारी के अनुसार विमल बाथम ओला कैब कम्पनी से अनुबन्ध पर कार चलाते हैं, बीती 13 जनवरी को रात्रि में नौबस्ता बाईपास से भौती बाईपास के लिए ओला कैब बुक की गयी कम्पनी के निर्देश के अनुसार ड्राइवर सवारी को लेने नौबस्ता बाईपास पर पहुंचा तो नौबस्ता से बारा देवी जाने वाले रास्ते पर अपना बिहारी ढाबा के सामने बुकिंग कराने वाली सवारी व उसके साथ 04 लोग अन्य कार में बैठ गये और गाड़ी को भौती बाईपास चलने के लिए कहा गया, विमल बाथम ने पांचो लोगों को बैठाकर उनके बताये हुए स्थान के लिए हाइवे के सर्विस रोड से चल दिया। जब गाडी भौती बाई पास से पहले पहुंची तो पांचो लोगों ने चालक से गाड़ी को साइड में लगाने के लिए कहा जब चालक द्वारा गाडी को सीधी करके साइड में खड़ी कर दिया तब पांचो लोगों ने मिलकर चालक को मारना पीटना शुरू कर दिया विरोध करने पर पांचो लोगों ने मिलकर चालक के दो एन्ड्रोड मोबाइल फोन व 300 रूयपे छीन लिए और चालक को गाडी की ड्राइवर शीट से खींचकर पीछे बैठा दिया और उन लोगों में से एक व्यक्ति चालक की शीट पर आकर गाडी को स्टार्ट कर रनिया की तरफ लेकर चला गया रनिया के पहले पहुंचकर ओवर ब्रिज से पहले चालक को खींचकर उतार दिया और चालक की गाडी, दो मोबाइल व 300 रूपये छीनकर भाग गये थे पुलिस टीम ने मुकदमा दर्ज कर जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनके नाम अनुज गुप्ता, तरूण गौतम उर्फ गोलू, आकाश कुमार दुबे नुमान खान पुत्र स्व) सगीर खान वा अर्पित शर्मा पुत्र छुन्ना शर्मा हैं, इन सभी को जेल भेज दिया गया है।

चोरी करने के आरोप में युवक को जनता ने पकड़ कर पीटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में ई रिक्शा चालक घर की ग्रिल तोड़ते पकड़ा गया। मोहल्ले के लोगों ने आरोपी को पकड़ कर जमकर पीटा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई। आरोपी ने अपना नाम शिव कटियार निवासी बारासिरोही बताया है। पुलिस युवक द्वारा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है। कल्याणपुर कैलाश विहार निवासी अभिनव मिश्रा ने बताया कि आज सोमवार दोपहर एक युवक उनकी घर की बाउंड्री पर आकर लोहे की ग्रिल तोड़ने लगा। राहगीरों ने देखा तो उसे पकड़ा शोर सुनकर वह भी बाहर आए और पुलिस को फोन कर बुलाया। युवक कई दिनों से ई रिक्शा से आकर मोहल्ले की रेकी कर रहा था। मोहल्ले में पहले भी कार सवारों ने बंद घर से लाखों की चोरी की थी। कई बार मोहल्ले में चोरी हो चुकी है।

पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के थाना चमनगंज क्षेत्र अंतर्गत रूपम चौराहा स्थित पांच मंजिला इमारत के बेसमेंट में कपड़े व चमड़े के कारखाने में सोमवार रात भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई, क्षेत्रीय लोगों ने इमारत में इमारत से धुआं निकलता देख दमकल व पुलिस को सूचना दी। साथ ही साथ आग पर पानी डालकर काबू पाने की कोशिश करनी शुरू कर दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसकी दहशत से अगल-बगल की बिल्डिंग के लोग घरों से बाहर निकल भागने लगे। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग काबू पाने की कोशिश में जुट गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है। लेकिन राहत की खबर यह है कि इमारत में इमारत में फंसे लोगों को फायर के कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। क्षेत्र के लोगों ने बताया इमारत का मालिक जावेद ने रिहायशी बिल्डिंग के बेसमेंट में कपड़े व चमड़े का कारखाना किराए पर दे रखा था, खबर लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही थी।

कड़ाके की ठण्ड में श्रृद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा तटों पर मेले जैसा महौल बना रहा। कड़ाके की ठण्ड श्रृद्धा के सामने बौनी नजर आई और सुबह तड़के हजारों श्रृद्धालुओं ने माता गंगा में डुबकी लगाई। सरसैया घाट, मैस्कर घाट, गोला घाट, मैग्जीन घाट आदि स्थानों पर श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सोमवार की सुबह मकर संक्रान्ति के अवसर पर शहर के लगभग सभी घाटों पर एक जैसा नजारा देखने को मिला। मुख्य घाटों में मैग्जीन घाट, सरसैया घाट, मैस्कर घाट पर भारी संख्या में श्रृद्धालू पहुंचे। शहर ही नही आसपास के क्षेत्रों से भी भक्त गंगा में स्नान करने पहुंचे। घाटों पर दुकाने सजी हुई थी और कड़ाके की ठंड के बीच श्रृद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर दान-दक्षिणा कर पर्व को उत्साह के साथ मनाया। घरों में भी पूजा-दानकर पंव को उल्लापूर्वक मनाया।

विमान गिराने की बात सुनकर दिल्ली तक मचा हडकंप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। देश विदेश में हवाई यात्रा कराने वाली इंडिगो एयरलाइन कम्पनी के कस्टमर केयर में कॉल करके सूचना दी गयी कि 40 विमानों को रिहायशी इलाके में गिरा दिया जायेगा, जिसके बाद दिल्ली तक हड़कंप मच गया और जांच में कॉल नम्बर यूपी के कानपुर का पाया गया बात पुलिस तक पहुंची और सक्रिय हुई कमिश्नरेट पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जब कॉल की लोकशन ट्रेस करना शुरू की तो वह नम्बर सेन पश्चिम पापरा थाने की न्यू आजाद नगर चौकी के पास का निकला, जहां एक 15 वर्ष के छात्र द्वारा यह कॉल की गयी थी। छात्र की एक शरारत ने पूरे महकमें में हडकंप मचा दिया था। यह कोई छोटी बात नही थी। छात्र ने कॉल करके कहा था कि उसके पास इनपुट है कि इंडिगों एयरलाइन के 40 विमान को रिहाइशी क्षेत्रों में गिरा दिया जायेगा। इस पूरी घटनाक्रम पर न्यू आजाद नगर चौकी इंचार्ज धर्मा कुशवाहा ने बताया कि उन्हे क्राइम ब्रांच से सूचना मिली थी थी कि इंडिगों एयरलाइन के विमानो को गिराने की धमकी दी गयी है और उसका लोकेशन उसकी क्षेत्र में है। बताया कि लोकेशन महादेव मंदिर के पास की निकली, जिसके बाद वहां मौके पर फोर्स पहुंची गयी, जहां से एक 15 वर्षीय हाईस्कूल के नाबालिग छात्र के द्वारा की गयी इस हरकत का पता चला। उन्होंने बताया कि छात्र अपने परिवार के साथ वहां किराए के मकान पर रहता है और उसकी ने अपने पिता के फोन से इंडिगो एयरलाइन के कस्टमर केयर में 40 विमान वाली सूचना दी थी। बताया गया कि पता चला है कि छात्र मूल रूप से कुशीनगर के बकनहा गांव थाना कसमा का रहने वाला है तथा उसने इजराइल-हमास युद्ध की खबरें व वीडियों देखा था और उसने गूगल से इंडिगों एयर लाइन का नम्बर निकालकर अपने पिता के फोन से कस्टमर केयर में कॉल की थी।

ठंड ने बिगाड़ दी हालत, गलन भरी सर्दी से कांप रहे लोग

प्रशासन की ओर से अलाव, कंबल आदि का नहीं दिख रहा भरपूर इंतजाम, जरूरतमंद मेहनत,मजदूरी में कड़ाके की ठंड बन रही बाधा

जन एक्सप्रेस। अमेठी

घने कोहरे के बीच शीतलहर का प्रकोप जारी देखा जा रहा है। ठंड के कारण लोग पूरे दिन गर्म कपड़ों से ढके होने के 2बाद भी ठिठुरते देखे जा रहे हैं। घर-घर आग और अलाव का इंतजाम हो रहा है। कोहरे के कारण दिन में भी गाड़ियां लाइट जलाकर चल रही हैं।गांव कस्बा हर ओर जन जीवन प्रभावित देखा जा रहा है। प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय गौरीगंज कस्बे में एक दो स्थानों को छोड़कर अलाव का इंतजाम पर्याप्त नहीं किया गया है। जिससे नागरिक खुद इधर उधर से लकड़ी आदि का इंतजाम कर आग जलाते देखे जा रहे हैं।

गरीबों के लिए भारी सर्दी की रातें, ठंड से बचाव के लिए देख रहे किसी मसीहा की राह

सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। उन्हें तलाश रहती है, किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके। ठिठुरते हुई रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं, जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं। और गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। गरीबों के लिए सर्दी का मौसम काफी कष्टप्रद रहता है। गर्मी में तो काम चल जाता है, कहीं भी पड़े रहो इतनी दिक्कत नहीं होती लेकिन सर्दी में उनके लिए भारी मुसीबत होती है। जब कड़ाके की ठंड में बिना कपड़ों के उनको रातें गुजारनी पड़ती हैं। ठिठुरते हुए वह रात किसी तरह से रात व्यतीत करते हैं। हालांकि दिन में भी उनको परेशानी होती है। लेकिन धूप निकलने पर कुछ राहत मिल जाती है। इस स्थिति में गरीब लोग किसी ऐसे मसीहा की राह देखते हैं जो उनको गर्म कपड़े और कंबल आदि का वितरण करे। समाज में कई लोग ऐसे हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हैं, और उनकी मदद के लिए आगे भी आते हैं।

केक काटकर धूमधाम से मनाया मायावती का जन्मदिन

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी

विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा मवैया रहमतगढ़ के धनेसा पाठक गांव स्थित बौद्ध सभा जिला अध्यक्ष रमकुमार भारती के संरक्षण में बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुप्रीमों मायावती का 68वां जन्म दिन धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्षा मायावती के दीर्घायु होने की कामना की। पार्टी की नीतियों सिद्धांतों को लोगों को जन जन तक पहुंचाकर एक बार फिर से प्रदेश में मजबूती के लिए जुटने का आह्वान किया।

जन्म दिन के अवसर पर एक दूसरे को केक खिलाकर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया उनके निर्देशों का पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर बौद्ध सभा जिला अध्यक्ष रामकुमार भारती ने कहा प्रदेश में केवल बसपा ही सुशासन ला सकती है। क्योंकि बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने जब भी प्रदेश की बागडोर संभाली तब कानून व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त और दुरुस्त रही है। अन्य सरकारों में प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठते रहे हैं।

इस अवसर पर देवी दयाल शर्मा मिश्रीलाल गौतम विजय गौतम पचाई गौतम गोविंद संजय मल्लू अजीत प्रकाश रघुनाथ नरेंद्र यादव बृजेश यादव कामता प्रसाद आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मकरसंक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज आयोजित

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

सोमवार को मकर संक्रांति पर्व पर सुल्तानपुर जिले की मानी जानी प्रसिद्ध ब्राह्मण संगठन परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक भारत के नेतृत्व में भगवान श्री परशुराम चौक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमे लगभग कई हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। लोगो ने कहाकि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव अतुल मिश्रा, पीयूष तिवारी, राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी अतुल पाठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की कड़ी मेहनत से कार्यक्रम सफल हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी कानूनी सलाहकार एडवोकेट विपिन मिश्रा, एडवोकेट देवेंद्र पाठक, नितिन मिश्रा, डॉक्टर प्रभात, सुधाकर मिश्रा उर्फ भल्लर, दीपेश पाठक, राजदेव शुक्ला उर्फ बेनू, अरुण कुमार तिवारी, विजय शकर मिश्रा, सिंपल पांडेय, जयशंकर त्रिपाठी, सतीश पांडेय हाथी, गोपाल पांडेय, विकास मिश्रा ठेकेदार, अनुराग मिश्रा शुभ, अभिषेक तिवारी, प्रियांशु शुक्ला, अनिल कुमार तिवारी, अमित, सूर्या पांडेय, बृजेश पांडेय, रंजित मिश्रा फौजी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, मोहित शेखर मिश्रा, अखिल त्रिपाठी, संतोष मिश्रा, रोहित तिवारी, शरद चंद्र मिश्र, पवन मिश्रा, अकांश मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, कृष्ण नंद दुबे, अमर नाथ दुबे व अन्य लोगों के कड़ी मेहनत से कार्यक्रम सफल हुआ।

संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। संदिग्ध अवस्था में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। अधेड़ का शव ट्यूबेल के पास जमीन पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णानगर गांव की है। जानकारी के अनुसार गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णानगर निवासी राकेश पाण्डेय (55वर्ष) पुत्र राम प्रगट पाण्डेय रविवार शाम को भोजन करने के बाद गांव के बाहर खेत में लगे ट्यूबेल के कमरे में सो रहा था। सोमवार सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने देखा तो राकेश पाण्डेय का शव ट्यूबेल के कमरे के बाहर जमीन पर पड़ा हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की नाक से खून निकला दिखाई पड़ रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उसकी दो पुत्रियां हैं जो ननिहाल में रहती हैं। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया मृतक टीबी का मरीज था।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में उतरे कांग्रेसी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

देश में शांति और न्याय का दौर वापस लाने हेतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मणिपुर से मुंबई तक की 2.0 भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ किया। इसके संदर्भ में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जनपद में देर शाम नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी की मौजूदगी में एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के पूर्व कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी का शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत के उपरांत नवनियुक्त जनपद प्रभारी अर्जुन पासी ने कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं से परिचय प्राप्त कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा उन्होंने सभी से संगठन को मजबूत कर एवं वर्तमान तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मकसद को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला कार्यालय से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2.0 का बैनर लेकर न्याय यात्रा की थीम बजाते हुए जिला कार्यालय से लाल डिग्गी चौराहा, डाकखाना चौराहा, गल्ला मंडी, जिला चिकित्सालय, नगर कोतवाली, बस अड्डा, आजाद पार्क, तिकोनिया पार्क, पंत स्टेडियम होते हुए वापस जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। जहां न्याय यात्रा का समापन किया गया। ज्ञात हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2.0 रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से 15 राज्य एवं लगभग 110 जिलों का सफर तय कर मुंबई पहुंचेगी।यह यात्रा भाजपा सरकार के तानाशाही के खिलाफ एवं देश की जनता को न्याय दिलाने अथवा देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं अन्याय के खिलाफ है इस यात्रा का मकसद देश में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखने हेतु निकाली गई है। जिला कार्यालय में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 2.0 भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को न्याय दिलाने की यात्रा है जिसे आज मणिपुर से 15 राज्य लगभग 110 जिलों से होकर मुंबई तक का सफर तय करेगी। देश में भाजपा सरकार की तानाशाही एवं देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी व देश के अवाम के साथ हो रहे अन्याय और नफरत की राजनीति के खिलाफहै। देश में अमन चौन भाईचारा एवं हर धर्म व समुदाय के लोगों को न्याय का अधिकार दिलाने हेतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मणिपुर से शुभारंभ किया जिसका सफर मुंबई तक तय होगा। आज हम लोग अपने जननायक व जननेता के समर्थन में शहर के विभिन्न मार्गो पर पैदल चलकर पदयात्रा निकाली। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, कृष्ण कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, नफीस फारुकी, तेजबहादुर पाठक, हौसिला प्रसाद भीम, राहुल त्रिपाठी, रणजीत सिंह सलूजा आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर, राहुल त्रिपाठी, योगेश पांडेय, विजय पाल, मदन तिवारी, सलाउद्दीन हाशमी, पंकज सिंह, नफीस पठान, शक्ति प्रसाद तिवारी, नंदलाल मौर्य, मनीष तिवारी, एडवोकेट मिर्जा अकरम वेग, प्रेमचंद भारती, महेंद्र प्रताप सिंह, सिराज अहमद भोला, मो. कमर खान, मीनू यादव, मेराज अहमद, अर्श खान लकी, ममनून आलम, राजदेव शुक्ला, आवेश अहमद, ओम प्रकाश दुबे, जनार्दन शुक्ल, एडवोकेट हामिद राइन आदि लोग सम्मिलित रहे।

नवागत सीडीओ ने ग्रहण किया कार्यभार

जन एक्सप्रेस। अमेठी

सोमवार को सूरज पटेल आईएएस ने मुख्य विकास अधिकारी अमेठी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व नवागत सीडीओ ने मां दुर्गन भवानी में विधिवत दर्शन पूजन किया। नवागत मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।इससे पूर्व वै जनपद फतेहपुर में बतौर मुख्य विकास अधिकारी व जनपद गोण्डा तथा मेरठ में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं।

समुदाय विशेष के अराजकतत्वों ने देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी, तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

धम्मौर थाने के एसओ ने बड़ी वारदात होने से जिले को बचा लिया। समुदाय विशेष के तीन अराजकतत्व युवकों ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिपण्णी कर दिया। जिसमें हिंदू वादी संगठन के लोगों ने थाने पर शिकायत किया। एसओ ने तत्काल आरोपियों धर दबोचा और आज कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

धम्मौर एसओ तरुण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि थानाक्षेत्र के समुदाय विशेष के तीन अराजकतत्व युवकों ने आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश किया। तीनों अराजकतत्वों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किया। जिस पर हिंदू संगठन ने आपत्ति जाहिर की। ये मामला जैसे ही हमारे संज्ञान में आया हमने एसपी को सूचित किया। उनके निर्देश पर मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया।

थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने उप निरीक्षक जमील अहमद, हेड कॉन्स्टेबल सुशील शुक्ला, कॉन्स्टेबल भूपेन्द्र यादव के साथ सरकारी वाहन से महेशनाथ मंदिर वाली रोड पर नहर की पुलिया के पास चेकिंग लगा रखा था। जहां से अभियुक्तगण इम्तियाज उर्फ सोनू (26) पुत्र इमाम अली, सोहिल अली (19) पुत्र मुकादम अली और सहबान अली (19) पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम धरमैतेपुर थाना धम्मौर को गिरफ्तार किया। तीनों कर के पास से 3 एण्ड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया गया जहां से जज ने उन्हें जेल भेजा गया है।

राज्य स्तरीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता में रायबरेली के खिलाड़ियों ने पदकों की लगा दी झड़ी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जु-जुत्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा एक दिवसीय राज्य स्तरीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता का आयोजन रास फील्ड अकादमी कल्याणपुर लखनऊ में किया गया जिसमें जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ रायबरेली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी जिसमें आशीष जायसवाल, शिवानी साहू, अंजलि साहू, रितिका गुप्ता, शुभम सोनकर, निखिल गुप्ता, गौरव पटेल ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया तो वहीं आंचल, मोहम्मद हुसैन ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया टीम कोच मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय जुजुत्सु प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्नालाल साहू ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे जनपद के खिलाड़ियों ने जिस प्रकार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में परचम लहराया है वैसे ही मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भी रायबरेली के खिलाड़ी परचम लहराएंगे।

श्री गुरू गोविन्द सिंह महराज जी के पावन प्रकाश पर्व पर शोभा यात्रा शौर्य का प्रतीक

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

श्री गुरू गोविन्द सिंह महराज जी के पावन प्रकाश पर्व पर शोभा यात्रा शौर्य का प्रतीक है। गुरूद्वारे से शोभा यात्रा प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार की झाकियाँ आकर्षण का केन्द्र बनी थी। शोभा यात्रा में पूरे सिक्ख समाज की भागेदारी एकता की कहानी बयां कर रही थी।

गुरूद्वारा के प्रधान सरदार बसन्त सिंह बग्गा पंच प्यारे की अगवानी कर रहे थे। भव्य शोभा यात्रा का भिन्न-भिन्न स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। घण्टाघर चौराहे पर उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में व्यापारियों ने स्वागत किया।कोतवाली रोड पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने स्वागत किया।

मुकेश कम्प्यूटर्स संस्थान पर वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी यादव, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सन्त गाडगे सेवक कमलेश चौधरी, सेवारत स्वर्णकार संस्थान के अध्यक्ष भौमेश कुमार, पूर्व प्राचार्य शिव नारायण सोनी, इं. दुर्गा प्रसाद, प्रमोद वर्मा, सतीश सोनी, ओरीलाल स्वर्णकार, पूर्व प्रधान भोला चौधरी, शत्रुघ्न पटेल आदि लोगों ने स्वागत किया।कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, नगर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, पालिका अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर, दीवानी तिराहे पर विश्व परिषद के नेता हरिश्चन्द्र शर्मा आदि लोगों ने पंच प्यारों को माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं दरबार साहब पर मिष्ठान अर्पित कर प्रसाद प्राप्त किया।जगह-जगह पर पुष्प वर्षा की गयी, तोरणद्वारों से शहर को सजाया गया, पूरे रास्ते प्रसाद वितरण होता रहा। गुरु गोविन्द सिंह शौर्य, साहस व एकता के प्रतीक थे।

घर-घर अक्षत व निमंत्रण पत्र पहुंचा रही राम भक्तों की टोली

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल अमेठी

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर में रामलाल के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निवेदन पत्र का चित्र एवं अक्षत विश्व हिंदू परिषद व संघ केरहे कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों की टोली घर-घर पहुंच रही है। इसी क्रम में ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी रविंद्र सिंह के नेतृत्व में शिवली सहित अनेक गांवों में राम भक्तों की टोली ने निवेदन पत्र पूजित अक्षत घर-घर देते हुए हिंदू जनमानस से कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के समय ईष्ट देव की पूजा अर्चना आरती कर प्रसाद वितरण करें एवं शाम को भव्य दीपोत्सव कर अयोध्या जैसे आनंद का माहौल अपने गांव में बनाएं। गांवो में राम भक्तों व संघ की टोली जब निवेदन पत्र व अक्षत वितरण के लिए पहुंची तब ग्रामवासियों ने शंखनाद कर आए हुए राम भक्तों का अभिनंदन किया।

अभियान में बाल बजरंगी हाथों में ध्वज लिए श्रीराम जन्मभूमि एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि जय श्री राम के जयघोष का नजारा देखा जा रहा था।

उत्तर रेलवे
निर्माण संगठन
रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा लखनऊ मण्डल के अयोध्या से सलारपुर रेलवे सेक्शन के नई दोहरीकरण रेल लाइन का निरीक्षण
लखनऊ मण्डल के **अयोध्या से सलारपुर** सेक्शन **(11.18 किमी)** में नई निर्मित दोहरीकरण लाइन इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालन के लिए शीघ्र ही खोली जायेगी। विशेष ट्रेन द्वारा खण्ड का उच्चगति परीक्षण रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा दिनांक **16.01.2024** को ट्राली निरीक्षण के बाद किया जायेगा। उसके बाद **अयोध्या – सलारपुर** सेक्शन में दोनों दिशाओं से दोहरी लाइन पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जायेगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त खण्ड में रेलवे लाइनों से दूर रहे। ट्रैक को केवल लेवल क्रासिंग से पार किया जाना चाहिए। लेवल क्रासिंग के अलावा किसी भी अन्य स्थान से ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध है और रेलवे अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी है। 182/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पति-पत्नी का दिखा अटूट प्रेम, पत्नी की तेरहवीं से एक दिन पहले पति ने तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। सात फेरे लेकर सात जन्म तक साथ जीने-मरने का वादा सभी करते हैं लेकिन ऐसा किसी-किसी को ही नसीब होता है। सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत सेमरी कस्बे में ऐसा देखने को मिला। जहां पत्नी की मृत्यु के बाद उसकी तेरहवीं नहीं हो पाई थी और शोकाकुल पति ने दम तोड़ दिया। सेमरी कस्बा निवासी रामबहाल (65) की पत्नी श्यामकाली (62) का निधन 3 जनवरी को बीमारी के चलते हो गया था। तब से रामबहाल एकांतवासी व विचलित रहने लगे थे। आज पत्नी की तेरहवीं थी, जिसके निमंत्रण बट गए थे। रिश्तेदार भी घर आ गए थे। लेकिन रविवार को पिंडदान कर रामबहाल जब घर वापस आए तो अचानक उन्हें बेचौनी हुई और पसीना आने लगा व बेहोश हो गए। परिजन उन्हें निजी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही कस्बे के लोग इकट्ठा हो गए। इस प्यार को देखकर सबकी आंखे नम हो गई। वही, अब पूरे इलाके में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। आज दोपहर बाद राम बहाल का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया।

कनिष्ठ अभियंता बन जिले की बेटी ने बढ़ाया मान

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

जिले की बिजेथुआ महावीरन गांव की अलका ने एसएससी भर्ती की प्री और मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग विभाग में बतौर कनिष्ठ अभियंता पद पर चयनित होकर क्षेत्र को गौरवांवित कर दिया। अलका के पिता राकेश जिला पंचायत सुल्तानपुर में सीनियर क्लर्क और मां राजकुमारी गृहणी हैं।

कर्मचारी चयन आयोग की अखिल भारतीय कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल तथा मेकेनिकल की 1374 सीटों के लिए डिप्लोमा बीटेक तथा एमटेक योग्यता रखने वाले लाखों अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जिसमें जिले की अलका ने बाजी मारी। माता की अस्वस्थता के चलते घर के काम बटाने की वजह से अलका की प्रारंभिक से लेकर डिप्लोमा तक की पढ़ाई जिले के शिक्षण संस्थाओं में घर पर रहकर हुई। राजकीय पॉलीटेक्निक केनौरा सुल्तानपुर से 2020 में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया। तत्पश्चात इंजीनियर भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयागराज की एक्सीलेंटविजन से ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से तैयारी की। अपनी सफलता का मार्गदर्शन श्रेय अंब्रीश श्रीवास्तव, सुमित सेंगर और बलवीर सिंह को दिया।

पिछली बार एसएससी जेई भर्ती परीक्षा में मुख्य परीक्षा से असफल होने के बाद पुनः धैर्य, आत्मविश्वास और ईमानदारी से सतत अध्ययन करते हुए इस बार सीपीडब्ल्यूडी में चयनित होकर पैरेंट्स, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया। बड़ी बहन वर्षा, छोटी बहन अंचल और छोटा भाई आदर्श बहन की उपलब्धि पर खुश हैं। गुरु अरहम सिद्दीकी ने कहा शुरू से ही मेधावी अलका भविष्य में और भी सफलताएं अर्जित करेगी।अलका ने अपनी कामयाबी में अपनी सहेलियों पूजा और वशिष्ठ का भी महत्वपूर्ण योगदान बताया। अलका की इस शानदार कामयाबी पर शिक्षक नवीन वर्मा, जीतू शाक्य, शशि भूषण सिंह और रवि शंकर वर्मा ने बधाइयां दी।

युवा खेल महोत्सव के चौथे दिन जिला स्तरीय जूडो कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायबरेली द्वारा आयोजित युवा खेल महोत्सव के चौथे दिन जिला स्तरीय जूडो कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रीता पासी, सदर कोतवाल राजेश सिंह जिला कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और प्रांत के साथ एसएफएस संयोजक आनंद कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। जिले भर से कुल 75 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एनटीपीसी ऊंचाहार की टीम डलमऊ की टीम रायबरेली की टीम और बछरावां की टीम ने प्रतिभा किया था जिसमें प्रथम स्थान पाने वालों में आराध्या पाल प्रेरणा शाक्य जीविका आर्यन शुभी अग्रवाल अंजली साहू आंचल बालक वर्ग में नैतिक शाक्य नितेंद्र प्रजापति लक्ष्य सिंह पंकज रितिक गुप्ता मो हुसैन अक्षत शर्मा द्वितीय स्थान पाने वालों में अंश मौर्य मनु गौतम शाह आरिश अनमोल मानव बालिका वर्ग में मायरा पूर्वी पलक खुशी और तृतीय स्थान पाने वालों में रहे एलेना अल्हमाद मयंक को मिला।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	16°C	07°C
कानपुर	16°C	06°C
देहरादून	16°C	08°C
नई दिल्ली	16°C	07°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 16 जनवरी 2024

आरएसएस वाले हर पद पर बैठे हैं

अखिलेश बोले, आज सवाल संविधान और लोकतंत्र को बचाने का है, भाजपा को चुनाव में करारी हार मिलेगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, आज सवाल संविधान और लोकतंत्र को बचाने का है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार में आरएसएस की विचारधारा वाले लोग हर पद पर बैठ गए हैं। जो सरकार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने पर तुले हैं। उससे कैसे लड़ाई लड़ी जाए, यह सोचने का विषय है।÷ उन्होंने कहा, ÷जो राजनीतिक दल और लोग संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते है, हम उन्हीं के साथ हैं। इंडिया गठबंधन के साथ पीडीए इस बार भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त देने जा रहा है।

डिंपल यादव के जन्मदिन पर भंडारे का आयोजन

सोमवार यानी 15 जनवरी को सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यालय लखनऊ पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान डिंपल यादव ने अपने हाथों से भंडारे का वितरण किया। साथ ही जरूरतमंदों को कपड़े भी बांटे गए।

'पाकिस्तान से तो हमें खतरा है, लेकिन चीन सीमा पर बड़ा खतरा'

अखिलेश ने कहा, मैं मिलिट्री स्कूल में पढ़ा हूं। मेरे जितने सीनियर और जूनियर हैं, सभी फौज में रहे हैं। नेताजी और डिफेंस की वजह से मेरा रिश्ता फौज से हमेशा बना रहा। पाकिस्तान से तो हमें खतरा है, लेकिन चीन सीमा पर बड़ा खतरा है। चीन हमारी सीमाओं के अंदर आ रहा है। हमारी सीमाएं असुरक्षित हैं और वही हमारे बाजार पर भी कब्जा कर रहा है। चीन से हमें दो तरह से खतरा है। अखिलेश यादव ने कहा, गुजरात से पंजाब के लिए, बंबई से नागपुर के लिए एक्सप्रेस-वे बना। देश में इतने एक्सप्रेस-वे बन रहे, यूपी को दिल्ली सरकार के बजट का एक्सप्रेस-वे क्यों नहीं मिला? यूपी जिसने प्रधानमंत्री दिया, सबसे ज्यादा लोकसभा के सांसद दिए उसमें एक एक्सप्रेस-वे दिल्ली का क्यों नहीं है? इसका मतलब यह है कि दिल्ली वाले यूपी वालों को पैसा नहीं दे रहे हैं।

भाजपा सरकार ने बेच दिया फीनिक्स प्लासियो मॉल को

अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी सरकार के समय में बना फीनिक्स प्लासियो मॉल को भाजपा सरकार ने बेच दिया है। संविधान के प्रस्तावना में समाजवाद शब्द है। हम नेताजी मुलायम सिंह को धन्यवाद देंगे कि उन्होंने हमको वह विरासत दी है, जिसे हमें आगे ले जाना है। बाबा साहब ने हमको जो अधिकार दिए थे, भाजपा उन्हें छीन रही है। इसलिए सपा की जिम्मेदारी बड़ी हो गई है कि वह उन मूल्यों को बचाए। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी की बड़ी भूमिका होगी।

'समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना के पक्ष में नहीं'

अखिलेश ने कहा, चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ ने कहा है कि 2027 तक एक लाख फौजियों की कमी हो जाएगी। अग्निवीर व्यवस्था जानबूझकर लाई गई है। वह इसलिए लाई गई है कि जो हमारे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक भाई फौज में भर्ती हो जाते थे, उनका सोशल स्टेटस बेहतर हो जाता था। भाजपा ने अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया है। चार साल की फौज की नौकरी कौन नौजवान करना चाहेगा? नौजवानों को भाजपा को वोट नहीं देना चाहिए। सपा अग्निवीर योजना के पक्ष में नहीं है। वह पहले जैसी भर्ती की पक्षधर है। इसमें नौजवानों को पूरी नौकरी और पेंशन मिलती थी। नेताजी ने शहीदों को जो सम्मान दिया वह सम्मान अग्निवीरों को नहीं मिल रहा है।

इटौंजा पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के गोहनाखुर्द गांव से पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ़्तार कर लिया। बता दें कि पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन एस एम कासिम आब्दी व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजित आर. शंकर के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी अभिवन के निर्देशन एवं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा का0 मनोज राजवंशी ने गोहनाखुर्द गांव निवासी वीर बहादुर सिंह पुत्र केदार सिंह उम्र करीब 65 वर्ष व सुनील सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह उम्र करीब 37 वर्ष को न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाकर घर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि दोनों अभियुक्त द्वारा गाली गलौज व मारपीट करना एवं जान से मारने की धमकी देते हुये तोड़फोड़ करने का गंभीर मुकदमा दर्ज है, पेशी पर ना जाने से न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू में गिरफ़्तार किया गया है दोनों व्यक्ति को न्यायालय भेज दिया गया है।

डॉक्टर ने पत्नी को घर से निकाला, शादी के बाद 20 लाख दहेज की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के एक निजी अस्पताल में तैनात डॉक्टर के खिलाफ उनकी पत्नी ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई है। डॉक्टर की पत्नी का आरोप है कि पति की गैरमौजूदगी में ससुर ने अश्लीलता की हदें पार करने की कोशिश की। विरोध पर धमकियां दी। वहीं पति ने दहदे में 20 लाख न देने पर घर से निकाल दिया। अवध विहार निवासी डॉक्टर की शादी दिसंबर 2017 में गाजियाबाद निवासी डॉक्टर से हुई थी। पीड़िता के मुताबिक ससुराल पहुंचने के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। जो बेटी के पैदा होने के बाद और बढ़ गई। जिसके चलते मायके वालों ने ससुराल वालों को बहुत समझाया, लेकिन वह एक बाद भी नहीं माने। जिसके चलते दिल्ली में कई दिन किराए का मकान लेकर दो साल की बच्ची के साथ रहना पड़ा। इसीबीच पति की नौकरी लखनऊ के नामी अस्पताल में लग गई। जिसके बाद इन लोगों की मांगे और बढ़ गई। जिसके बाद से दहेज में 20 लाख रुपये न देने तक घर न लौटने की बात कही गई। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र ने बताया कि पीड़िता भी पेशे से डॉक्टर है। उसकी तहरीर पर आरोपी पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ छेड़छाड़, दहेज प्रताड़ना, मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

- बीकेटी में सीतापुर रोड के किनारे तहसील मोड़ के पास की घटना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र में सीतापुर रोड के किनारे तहसील मोड़ से चंद कदमों की दूरी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बता दें कि राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर बीकेटी पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पहचान में जुट गई है। राहगीर एक व्यक्ति ने डायल 112 को सूचना दी की एक व्यक्ति बेसुध व अर्धनग्न हालत में तहसील मोड़ के पास सीतापुर रोड के किनारे पड़ा हुआ है। जिसका गला एक कपड़े के नाड़े से बंधा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची तथा अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान ना हो सकी। मौके पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम भी पहुंचकर जांच पड़ताल करने में जुट गई। बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर में पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति तहसील मोड़ के पास सीतापुर रोड के किनारे पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो व्यक्ति के गले में नाड़ा बंधा हुआ था,और वह अर्धनग्न अवस्था में पड़ा हुआ था व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का कारण व व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

ओटीएस का आज अंतिम दिन उपभोक्ता उठा लें छूट का लाभ

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत छूट का लाभ लेने का कल 16 जनवरी को अंतिम मौका है, जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ओटीएस का लाभ नहीं लिया और अपनी विद्युत् समस्याओं का अब तक समाधान नहीं कराया, उनके लिए कल का दिन शेष और बचा है। ऐसे उपभोक्ता जल्द से जल्द अपनी विद्युत् समस्याओं का समाधान करा लें, इसके पश्चात जिन उपभोक्ताओं के विद्युत चोरी तथा विद्युत बिल बकाया के प्रकरण शेष रहेंगे, उन पर नियमतः कार्रवाई की जाएगी।ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 08 नवंबर से उपभोक्ताओं के हित में एकमुश्त समाधान योजना कई चरणों में चलाई गई।

बीजेपी ने शुरू किया वॉल राइटिंग अभियान

भूपेंद्र चौधरी और केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ से की शुरुआत, बोलें, देश में राम और मोदी लहर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में जीती भारतीय जनता पार्टी ने मकर संक्रांति के दिन से आज अपने दो अभियानों की शुरुआत की जहां एक तरफ भाजपा प्रदेश के सभी जनपदों में वॉल राइटिंग करेगी इस वॉल राइटिंग के तहत बीजेपी बाजरो, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर वॉल पेंटिंग वॉल पेंटिंग में कमल का फूल बनाते हुए चुनावी सिंबल को दर्शाएगी। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से शुरू किया गया वॉलराइटिंग अभियान लोकसभा चुनाव तक चलेगा। इस अभियान में गांव-गांव शहर शहर वॉल पर कमल का फूल बनाने का काम किया जाएगा।

इस राइटिंग अभियान की शुरुआत बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने राजधानी लखनऊ के सहकारिता भवन से वॉल राइटिंग करके किया । अभियान का स्लोगन एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा। उन्होंने कहा कि देशभर में आज से हमारा दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि एक बार फिर से मोदी सरकार स्लोगन के साथ शुरू किए गए दीवार लेखन अभियान में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आत्मसात कर इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को वर्ष 2014 और 2019 में भरपूर आशीर्वाद दिया था। पिछले 10 साल में देश में विकास के नए आयाम शुरू हुए। भारत ने दुनिया में खुद को स्थापित करते हुए छलांग लगाई। इसी छलांग को तीव्र गति से आगे ले जाना है।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अयोध्या में किया वॉल राइटिंग

वही प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नई अभियान की शुरुआत की। प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में वॉल लाइटिंग करके डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने लोगों को संदेश दिया कि। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राजधानी लखनऊ से वॉलराइटिंग की शुरुआत की। वही केशव प्रसाद मौर्य ने कहा की देश में इस बार दो प्रकार की लहर चल रही है एक है राम लहर और दूसरी मोदी लहर । जनता के समर्थन से एक बार फिर देश में मोदी सरकार आने वाली है।

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ मंडल के लखनऊ–बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर आधारिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों के संपादन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेल सेवाओं को उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर आंशिक निरस्त/डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है:–

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी	तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
14205 अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस	सुलतानपुर से	20 से 22.01.2024
14206 दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस	सुलतानपुर पर	19 से 21.01.2024
14231 प्रयागराज संगम–बस्ती मारवाड़ एक्सप्रेस	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ पर	20.01.2024 एवं 22.01.2024
14232 बस्ती–प्रयागराज संगम मारवाड़ एक्सप्रेस	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से	20.01.2024 एवं 22.01.2024
14233 प्रयागराज संगम–मनकापुर सरयू एक्सप्रेस	सुलतानपुर पर	19 से 22.01.2024
14234 मनकापुर–प्रयागराज संगम सरयू एक्सप्रेस	सुलतानपुर से	20 से 23.01.2024

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	परिवर्तित मार्ग	तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
12225 आजमगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस	शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ	20.01.2024 एवं 22.01.2024
12226 दिल्ली जं.–आजमगढ़ कैफियत एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज	21.01.2024
14205 अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस	सुलतानपुर–लखनऊ	20 to 22.01.2024
14206 दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर	19 to 21.01.2024
14853 वाराणसी सिटी–जोधपुर जं. मरुधर एक्सप्रेस	वाराणसी–जंघई–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ	20.01.2024 एवं 22.01.2024
14854 जोधपुर जं.–वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस	लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–जंघई–वाराणसी	20.01.2024
15026 आनन्द विहार(टर्मि.)–मऊ जं. एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज	22.01.2024
15558 आनन्द विहार(टर्मि.)–दरभंगा जं. अमृत भारत एक्सप्रेस	बाराबंकी–गोरखपुर–गोंडा	19.01.2024
19165 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. साबरमती एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद	19.01.2024
19166 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस	ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ	20.01.2024 एवं 22.01.2024
19167 अहमदाबाद जं.–वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद	18.01.2024 एवं 20.01.2024
19168 वाराणसी सिटी–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस	ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ	21.01.2024
22549 गोरखपुर–लखनऊ वन्दे भारत एक्सप्रेस	गोंडा–गोरखपुर–बाराबंकी	21.01.2024 एवं 22.01.2024
22550 लखनऊ–गोरखपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस	बाराबंकी–गोरखपुर–गोंडा	21.01.2024 एवं 22.01.2024

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं.139

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

180/2024

आलोक रंजन की किताब का हुआ विमोचन

डीएम रहते हुए गरीब से गरीब आदमी को बराबर अधिकार देना और हमेशा सकरात्मक रहना जरूरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जिलाधिकारी के लिए सकरात्मक रहना हमेशा जरूरी है। समस्या का समाधान होना जरूरी है। डीएम रहते हुए गरीब से गरीब आदमी को बराबर अधिकारी देना और उनकी बात को सुनने सबसे जरूरी है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में अपनी पुस्तक जिलाधिकारी का विमोचन पर पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने यह जानकारी साझा की। आलोक रंजन ने अलग - अलग शहरों में डीएम रहते हुए अपने अनुभव को किताब के दौर पर प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सिविल सर्विस की तैयारी वालों छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किया। सेवानिवृत्त लेखक और पत्रकार अशोक शर्मा के साथ परिचर्चा में आलोक रंजन ने बताया कि कैसे एक कलेक्टर ज़िले में रेवेन्यू क़ानून व्यवस्था और विकास कार्यों में अपना पूरा योगदान करता है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के पद पर रहते हुए जनता सहयोगी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए कार्य निष्पादन की चुनौतियां तो होती ही हैं पर राजनीतिक और ऊपर के अधिकारियों के दबाव के बावजूद कार्यों को बिना किसी भेदभाव और निष्पक्षता के बेहतर ढंग से अंजाम देना और अधीनस्थों से भी इसी तरह कार्य कराना वाक़ई बेहद चुनौती पूर्ण होता है।

निष्पक्ष होकर काम करने पर सब सरकार साथ देती है

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष होकर काम करने पर कभी कोई राजनीतिक दबाव नहीं होता है। उन्होंने बताया कि सभी सरकार में वह डीएम के पद पर काम कर चुके हैं। बताया कि सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक वह प्रतिदिन आम आदमी से मिलते थे। बताया कि पहले डीएम लोगों के बीच जाकर कार्य करते थे और लोग उनके कार्यों और व्यवहार से प्रभावित होकर उनका गुणगान करते थे, पर अब तो कलेक्टर खुद ही अपने कार्यों और व्यवहार का प्रचार प्रसार मीडिया और सोशल साइट्स पर करते नहीं थकते।

गाजीपुर, इलाहाबाद, आगरा में डीएम रहते अनुभव साझा किया

आलोक रंजन ने किताब में अपने पांच ज़िलों में डीएम रहते हुए अनुभव को शेयर किया। इसमें गाजीपुर, इलाहाबाद, आगरा जैसे शहरों में डीएम रहते हुए कैसे काम किया इसको लेकर उन्होंने अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि गाजीपुर में एक बार डीएम रहते हुए कांग्रेस के नेता जनता के साथ विरोध करने आए। एक प्रधान को सस्पेंड कर दिया गया था। करीब 5000 लोगों के साथ विधायक ने धरना दिया था। उस समय मेरा काफी विरोध किया। बाद में फोन कर बताया कि आप ठीक कर रहे है। जब सही होता है तो नेता भी समर्थन करते हैं। यह अलग बात है कि वोट के चक्कर में सामने आकर समर्थन नहीं कर पाते है। उन्होंने कहा कि अगर आप सूचनाएं समय से शेयर करते रहते हैं तो मीडिया आपके साथ है।

सेना दिवस परेड में दिखा शौर्य और साहस

राजनाथ सिंह बोले, सेना ने हमारे देश वासियों के दिल में एक अलग जगह बनाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सेना दिवस परेड में 76वीं दिवस कार्यक्रम में शौर्य और साहस का नजारा देखने को मिला। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने परेड की समीक्षा की और वीरता पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, हम मीडिया के माध्यम से देशवासियों को शुभकामना देना चाहता हूं। आज हम वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं। जवानों ने अपने देश की रक्षा और सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया है। इनका सर्वोच्च बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। बताया कि पिछले साल सेना दिवस और उससे जुड़े हुए अन्य कार्यक्रम को दिल्ली से बाहर करने का सिलसिला शुरू हुआ था। ऐसे में इस बार आर्मी डे को हमने लखनऊ में मनाने का निश्चय किया था। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य यह है कि आर्मी डे को दिल्ली से बाहर आयोजन करके उस इलाके के नागरिकों से, लोगों से जुड़े रहना. आज सेना ने हमारे देश वासियों के दिल में एक अलग जगह बनाई है। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सेना दिवस परेड के अवसर पर देश सेवा के लिए जान की बाजी लगाने वाले जांबाजों को सेना मेडल वीरता से अलंकृत किया। इन जवानो ने विपरीत परिस्थितियों में अपनी वीरता का अद्भुत उदाहरण पेश किया था। इस दौरान सेना के जवानों की परेड की थल सेनाध्यक्ष ने सलामी ली। पैरा मोटर्स से पैराट्रूपर्स आसमान से जमीन पर उतरे।

इन्हें मिला प्रशंसा पत्र

सेवन गार्ड्स

- 12 पैरा स्पेशल फोर्स
- 27 मद्रास बटालियन
- 4 सिख बटालियन
- 20 सिख बटालियन
- 16 गढ़ राइफल्स बटालियन
- 10 बिहार बटालियन
- 21 महार बटालियन
- 11 जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फेंट्री
- 12 जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फेंट्री
- सेकंड बटालियन फर्स्ट गोरखा राइफल्स
- फर्स्ट बटालियन सिक्किम स्काउट्स
- 93 फील्ड रेजीमेंट
- 202 इंजीनियर रेजीमेंट
- वन राष्ट्रीय राइफल्स
- 9 राष्ट्रीय राइफल्स
- 27 राष्ट्रीय राइफल्स
- 29 राष्ट्रीय राइफल्स
- 55 राष्ट्रीय राइफल्स
- 59 राष्ट्रीय राइफल्स
- 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन
- 43 आसाम राइफल्स
- 4 आसाम राइफल्स

इन्हें मिला गैलेंट्री अवॉर्ड

- **मेजर उमेश शर्मा**: सेना मेडल वीरता पदक
- **मेजर संतोष कुमार**: सेना मेडल वीरता पदक
- **मेजर वंशय कपूर**: सेना मेडल वीरता पदक
- **कैप्टन कार्तिकेय चमोली**: सेना मेडल वीरता पदक
- **कैप्टन सिद्धार्थ शुक्ला**: सेना मेडल वीरता पदक
- **हवलदार गुरुप्रीत सिंह**: सेना मेडल वीरता पदक
- **नायक खेमचंद**: सेना मेडल वीरता पदक
- **गनर रामलिंगम के**: सेना मेडल वीरता पदक
- **सिपाही दिनेश मुर्मू**: सेना मेडल वीरता पदक
- **लांस सफादार रवि शर्मा**: सेना मेडल वीरता पदक
- **सूबेदार प्रभु सिंह (मरणोपरांत)**: सेना मेडल वीरता पदक
- **लांस नायक निशांत सिंह (मरणोपरांत)**: सेना मेडल वीरता पदक
- **सिपाही संतोष यादव**:(मरणोपरांत): सेना मेडल वीरता पदक
- **सिपाही चावण रोमित तानाजी: मरणोपरांत)**: सेना मेडल वीरता पदक

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अमृतकाल

इसी 22 जनवरी को होने वाले प्रतिष्ठ समारोह में वाल्मीकि और रविदास मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति और महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्याधाम हवाई अड्डे का नामकरण, माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषादराज के नाम पर अतिथि निवास, सामाजिक एकता, न्याय और सद्भाव का ही एक उदाहरण है। बौद्ध और जैन परंपराओं में भी इस नगरी का विशेष महात्म्य है। साथ ही अयोध्या के मुस्लिम समुदाय का मंदिर निर्माण की तैयारियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना और फारूक अब्दुल्ला जैसों का यह कहना, कि राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं, राम सभी के हैं, सचमुच एक महान परिवर्तन है।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर का पुनर्निर्माण और प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अभ्युदय का अमृतकाल है। सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि से भरे हमारे देश में सांस्कृतिक धरोहर हमारी पहचान है। धर्म, भाषा, रूपरेखा, शैली और विविध संस्कृतियों और जीवन शैलियों के बाद भी भारत एक है। उसकी आत्मा एक है। हम सब एक-दूसरे से अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े हुए हैं। इसी जुड़ाव को बढ़ाने की दिशा में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर हमें अपनी साझी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखने में मदद देगा। श्रीराम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आए हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्रीराम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं। हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिरकाल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं। यहां राम सब के हैं और सब राम के हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाए हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएं और आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा-दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम-राम से लेकर जय सिया राम और जय श्रीराम हमारे लिए अभिवादन और अभिनन्दन हमारे व्यवहार में समाहित/सन्निहित हैं। भारत ही नहीं राम का संदेश भौगोलिक सीमाओं से परे, सार्वभौम और कालातीत है, उनकी प्रासंगिकता महज भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं है। रामकथा के अनगिनत संस्करण दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, म्यांमार, लाओस में आज भी प्रचलित हैं। आज भी, भगवान राम और देवी सीता का चरित्र चित्रण इन देशों की लोक परंपराओं का हिस्सा हैं। आज यही राम हमारे मानस से निकल कर प्राकट्य में आ रहे हैं। परिणामतः पूरा देश राममय हो गया है। राम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या अपने पुरातन वैभव की पुनः पाते हुए हमारी सांस्कृतिक राजधानी के रूम में प्रतिष्ठापित हो रही है। यह पूरे देश के लिए गौरव बोध का समय है। राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था को जिसमे सभी के लिए शांति, न्याय और समानता हो, सुनिश्चित करती है। इसीलिए श्रीराम मंदिर का निर्माण न केवल भारतीय सांस्कृतिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है, यह सुशासन और सामाजिक समरसता की ओर प्रवृत्त करने की दिशा में एक महती प्रयास भी है। मंदिर ही एक वह जगह होती है जहां सभी वर्गों, जातियों, और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं और साझा व्यवहार करते हैं जिससे धर्मिक एकता का संवर्धन होता है। रामायण में श्रीराम की कथा ने सभी वर्गों और समुदायों को एक साथ लाने का संदेश दिया है तथा भारतीय समाज में धर्म, नैतिकता और सत्य के मूल्यों को प्रोत्साहित किया है। परिणामतः श्रीराम मंदिर निर्माण एक बड़े सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संवाद का हिस्सा बन गया है जो भारतीय समाज को धार्मिक और सांस्कृतिक आधारों पर मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। निःसंदेह समाज में एकता और सभी धर्म-सम्प्रदायों के बीच समरसता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

एक्सप्रेस आलेख

डॉ. विधान चंद्र राय ने 18 अक्टूबर 1946 को बताया था कि नोआखाली के हालात लगातार बिड़गते जा रहे हैं। हिन्दुओं का नरसंहार हो रहा है और उनकी महिलाओं के साथ घृणित कर्म किया जा रहा है। मोहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता में भड़की हिंसा और कत्लेआम का भयंकर असर नोआखाली में भी हुआ था। गांधी जी ने स्थिति की गंभीरता को समझा और उन्होंने 19 अक्टूबर,1946 को नोआखली जाने का फैसला किया। गांधी जी 6 नवंबर 1946 को नोआखली के लिए रवाना हुए और अगले दिन वहां पहुंच गए। उनके साथ उनके निजी सचिव प्यारे लाल नैयर, डॉ. राम मनोहर लोहिया, उनकी अनन्य सहयोगी आभा और मनु बेन वगैरह भी थे।

अब हसीना करें बांग्लादेश के हिन्दुओं का कर्ज अदा

आर.के. सिन्हा

खैर, फिर से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने देश के हिन्दुओं के कर्ज को उतारना होगा जो उनके पक्ष में खुलकर एकमुश्त वोट डालते हैं। शेख हसीना को लेकर भारत सरकार का रवैया सकारात्मक रहा है, वह भी भारत को चाहती हैं। उन्हें पता है कि बांग्लादेश की आजादी में भारत का किस तरह का योगदान रहा था।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में उम्मीद के मुताबिक, मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को विजय हासिल हुई है। शेख हसीना ने फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। पिछली 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी। शेख हसीना 1996 से 2001 तक प्रधानमंत्री थीं। इसके बाद 2009 में फिर प्रधानमंत्री बनीं। तब से अब तक वे लगातार सत्ता पर काबिज हैं। बांग्लादेश में 10 प्रतिशत आबादी वाले हिन्दुओं के वोट एकमुश्त अवामी लीग को गए। इनमें कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां हिन्दू वोटर 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्होंने खुलेआम हसीना के पक्ष में मतदान किया। अब शेख हसीना को भी सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले कट्टरपंथी हमले थम जाएं और वे उनके देश में सम्मान के साथ रहें। पहले देखने में आया है कि देश में अवामी पार्टी की नेता शेख हसीना के आम चुनाव में विजय के बाद हिन्दुओं पर प्रतिशोध में हमले होने लगे थे। राजशाही, जेसोर, दीनाजपुर वगैरह में हिन्दुओं पर भीषण हमले हुए। उन्हें मारा गया और उनकी संपत्ति को हानि पहुंचाई गई। शेख हसीना को अब अपने देश के हिन्दुओं को जिहादी कसाइओं का आसान ग्रास बनाने से बचाना होगा। अफसोस कि वहां पर हिन्दू बुरी तरह से पीड़ित है। मन्दिरों व हिन्दू घरों को खुलेआम तोड़ा व जलाया जाता है। भारत सरकार भी इस बात को सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश की धरती पर हो रहे जिहादियों के नंगे नाच को रोका जाए और जो लोग वहां से पलायन को मजबूर हैं , उन्हें सीमा पर ही सीमा सुरक्षा बल के शिविरों में सुरक्षा व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्मो-सितम रुकते ही नहीं हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर अब वहां हिन्दुओं की कुल आबादी मात्र 8 फीसदी है। बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलर नेताओं तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारने पर इजराइल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? भारत में कुछ लोग अक्सर यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान और भारत के राजनेता अपने स्वार्थ के लिए ही दोनों देशों के बीच खटास पैदा करते रहते हैं, जबकि दोनों देशों के आम लोग अमन चाहते हैं, एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं। ऐसे लोग अपने पाकिस्तान के मित्रों से यह क्यों नहीं पूछते कि पाकिस्तान में हिन्दू एक प्रतिशत से भी कम क्यों रह गए हैं? यदि पाकिस्तान के मुस्लिम अपने यहां के हिन्दुओं से मोहब्बत करते तो वे लुट-पीटकर भारत नहीं आते? पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी कम होने की सबसे बड़ी वजह है जबरिया मतान्तरण। हिन्दुओं को जबरदस्ती इस्लाम कबूलवाया जाता है। इस पर भारतीय सेकुलर कभी कुछ क्यों नहीं बोलते हैं? पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ घटने वाली नृशंस घटनाएं क्या उनकी संवेदनाएं कभी झकझोर पाएंगी? या वे पूर्णतः संवेदनहीन हो चुके हैं? तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास ÷लज्जा÷ में कुछ इसी तरह की जानकारी दी थी, जिसका वहां के मुस्लिम कट्टरपंथियों ने भारी विरोध भी किया था। उस विरोध के कारण ही तस्लीमा नसरीन को पहले बांग्लादेश और फिर भारत के पश्चिम बंगाल राज्य को छोड़ना पड़ा था। कुछ समय पहले खबरें आ रही थीं कि बांग्लादेश के नोआखाली में हिन्दू आबादी कठमुल्लों के निशाने पर थी। यह वही नोआखाली थी जहां पर 1946 में महात्मा गांधी ने जाकर हिन्दुओं के कत्लेआम को रोकने की कोशिश की थी। नोआखाली देश की आजादी के बाद पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बना और पाकिस्तान के दो फाड़ होने के बाद बांग्लादेश का अंग बना। यह सुदूर पूर्वी बंगाल में है। वहां पर धार्मिक उन्मादियों की भीड़ ने इस्कॉन मंदिर में भी तोड़फोड़ की थी। हमलावरों ने मंदिर में मौजूद भक्तों के साथ भी जमकर मारपीट की थी। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि गांधी जी को कांग्रेस के नेता डॉ. विधान चंद्र राय ने 18 अक्टूबर 1946 को बताया था कि नोआखाली के हालात लगातार बिड़गते जा रहे हैं। हिन्दुओं का नरसंहार हो रहा है और उनकी महिलाओं के साथ घृणित कर्म किया जा रहा है। मोहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता में भड़की हिंसा और कत्लेआम का भयंकर असर नोआखाली में भी हुआ था। गांधी जी ने स्थिति की गंभीरता को समझा और उन्होंने 19 अक्टूबर,1946 को नोआखली जाने का फैसला किया। गांधी जी 6 नवंबर 1946 को नोआखली के लिए रवाना हुए और अगले दिन वहां पहुंच गए। उनके साथ उनके निजी सचिव प्यारे लाल नैयर, डॉ. राम मनोहर लोहिया, उनकी अनन्य सहयोगी आभा और मनु बेन वगैरह भी थे। बापू 9 नवंबर को नंगे पैर नोआखली के दौरे पर निकले। उन्होंने अगले सात हफ्तों में 116 मील की दूरी तय की और 47 गांवों का दौरा किया। गांधी जी ने चार महीने मुस्लिम लीग की सरकार की तमाम अड़चनों के बाद भी गांव- गांव पैदल घूम कर पीड़ित हिन्दुओं के आंसू पोंछने और हौसला दिलाने का काम किया। पाकिस्तान बनने के बाद तमाम उथल-पुथल और कानूनी जंग के बावजूद गांधी आश्रम आज भी वहां है। लेकिन वहां कठमुल्ले मौका मिलते ही हिन्दुओं को मारने लगते हैं।

गांधी जी ने चार महीने मुस्लिम लीग की सरकार की तमाम अड़चनों के बाद भी गांव- गांव पैदल घूम कर पीड़ित हिन्दुओं के आंसू पोंछने और हौसला दिलाने का काम किया। पाकिस्तान बनने के बाद तमाम उथल-पुथल और कानूनी जंग के बावजूद गांधी आश्रम आज भी वहां है। लेकिन वहां कठमुल्ले मौका मिलते ही हिन्दुओं को मारने लगते हैं।

एक्सप्रेस कविता

ज़माने को लग गई किसकी नज़र,
मासूम क़ातिल नज़र आने लगे हैं।
अबोध खिखिलाते नहीं अब खुल के,
ज़माने की बंदिश से हकलाने लगे है।
सूरज भी तपने लगा है बेइंतहा,
परिंदे पंख अब फड़फडानें लगे है।
उलटी बयार सरसरा रही है ऐसी।
पेड़ों में नए पत्ते भी सूखे आने लगे है।।
बेरूखि का ये कैसा हो गया असर
श्रवण कुमार माँ बाप से कतराने लगे हैं।
पश्चिम का परचम फैला है इस कदर।
बच्चे देश के विदेशी कहलाने लगे है।
भूख और लाचारी सर उठाने लगी है संजीव।
अन्न दाता ही अब जहर खाने लगे हैं।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जो हो गया उसे सोचा नहीं करते, जो मिल गया उसे खोया नहीं करते, हासिल उन्हें होती है सफलता, जो वक्त और हालात पर रोया नहीं करते!!

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	षष्टी 23:58 तक
नक्षत्रः	उत्तराभाद्रपद 28:38
पक्षः	शुक्ल
वारः	मंगलवार
योगः	परिध, 20:00
सूर्योदयः	07:15
सूर्यास्तः	17:46
चंद्रमाः	मीन राशि में
राहुकालः	15:08-16:27
विक्रमी संवत्ः	2080
शक सम्वतः	1945
मासः	पौष
शुभ मुहूर्तः	12:10-12:51

जन एक्सप्रेस

है साधा निशाना !

पार्टी पर अपनी ही ।
है साधा निशाना ।।
चाह रहे हैं लगता ।
नया कुछ बताना ।।
हो रहे गुमराह ।
बस केवल विरोध ।।
बेवजह बेमतलब ।
है खुद ही अवरोध ।।
देखते ये कितना ।
आता ज्ञान काम ।।
है भरी बस नफ़रत ।
लेकर एक नाम ।।
हो कैसे सुधार ।
इस पर नहीं विचार ।।
सोचते बस केवल ।
बन जाए सरकार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

डायबिटीज में करें मेथी दाना और शहद का सेवन

अनहेल्दी फूड्स का सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने और इंसुलिन प्रोडक्शन खराब होने पर टाइप 2 डायबिटीज का खतरा रहता है। कुछ साल पहले डायबिटीज का खतरा सिर्फ बुजुर्गों और अधिक उम्र वाले लोगों में होता था। लेकिन आज के समय में यह समस्या युवाओं में भी कॉमन हो गयी है। डायबिटीज की बीमारी दो तरह की होती है- एक टाइप 1 डायबिटीज और दूसरा टाइप 2 डायबिटीज। टाइप 2 डायबिटीज मुख्य रूप से खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण होती है। डायबिटीज में मरीज को ब्लड शुगर कंट्रोल करने की सलाह दी जाती है। आप नियमित रूप से मेथी दाना और शहद का सेवन कर इस गंभीर स्थिति से छुटकारा पा सकते हैं।

डायबिटीज में मेथी और शहद की चाय के फायदे: मेथी का इस्तेमाल भारतीय रसोई में मसाले के रूप में किया जाता है। इसमें मौजूद गुण और पोषक तत्व भोजन का स्वाद बढ़ाने और पौष्टिकता बढ़ाने में मदद करते हैं। डायबिटीज में शहद और मेथी दाने का सेवन करने से ब्लड शुगर कंट्रोल करने और इंसुलिन रेजिस्टेंस को ठीक रखने में फायदा मिलता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लिनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷मेथी दाने में एंटी-ऑक्सीडेंट, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस, एंटी-इंफ्लेमेटरी, विटामिन ए, विटामिन डी और फाइबर के गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से डायबिटीज में ब्लड शुगर कंट्रोल करने और इंसुलिन लेवल को ठीक रखने में मदद मिलती है।

डायबिटीज में कैसे करें मेथी और शहद का सेवन?: डायबिटीज के मरीजों को रोजाना एक चम्मच मेथी दाने को पानी में भिगोकर रातभर के लिए रख देना चाहिए। इसके बाद सुबह में शहद के साथ मेथी दाने का सेवन करें। रोजाना सुबह बासी पेट मेथी दाने और शहद का सेवन करने से डायबिटीज में ब्लड शुगर कंट्रोल और इंसुलिन लेवल को ठीक रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा मेथी दाने और शहद का सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। डायबिटीज से बचने के लिए डाइट में सब्जियां, फल और साबुत अनाज को शामिल करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा नियमित रूप से शारीरिक श्रम या व्यायाम करने वाले लोगों में भी डायबिटीज का खतरा कम रहता है। अगर आपको भी डायबिटीज के लक्षण दिखाई देते हैं तो सबसे पहले खानपान और लाइफस्टाइल में सुधार करें और डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

एक्सप्रेस विशेष

भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है

हृदयनारायण दीक्षित

ऋषि ने ऊषा को लेकर सुन्दर मंत्र रचे हैं। कहते हैं कि यह ऊषा जैसे पति से मिलने के लिए मुस्कराती हुई अपना सौंदर्य प्रकट करती है। ऋषियों का भावबोध सौंदर्यबोध भी बहुत गहरा है। कहते हैं, ऊषा अपने पराए का भेद नहीं करती। जैसे छोटी बहन बड़ी बहन के लिए स्थान खाली कर देती है।

दूसरा मेघों बादलों में विद्युत रूप अग्नि और तीसरे सूर्य। ऊषा देवी सूर्योदय के पहले की आभा हैं। ऊषा की स्तुति में कहते हैं, ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी प्रकृति के शाश्वत नियमों के अनुसार चलती है। यहां ऊषा का वस्त्र प्रकाश है। आगे बताते हैं जैसे भद्र नारियां सोए हुए परिजनों को जगाती हैं। वैसे ही ऊषा भी सोने वालों को जगाती हैं।

भारत उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केन्द्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रान्ति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंढ के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनन्द। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनन्दित होते हैं। संप्रति मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं, सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैं। फिर कहते हैं, पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें। सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, आदित्य ही प्राण हैं। छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं,जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं। सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है। आगे सात शब्द का दोहराव है, सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं। पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं। ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं। अंत में कहते हैं, बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है। सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया। सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है, सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं। ऊषा देवी भी उन्हीं का एक आयाम हैं। ऋषि कहते हैं, सविता सूर्य विश्वरूपाणि हैं और ऊषा के बाद प्रकाशित होते हैं। ऋग्वेद (1-141-2) में अग्नि के तीन रूप बताए गए हैं। पहला भौतिक अग्नि।

सैलानियों से फुल रहा दुधवा, खूब हो रही साइटिंग

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

- सोमवार को दुधवा में लखनऊ दिल्ली सहित कई महानगरों से पहुंचे सैलानी
- बाघ का दीदार ना होने से कोई रहा निराश तो कोई बाघ को देखा हुआ रोमांचित
- दुधवा में बाघ का दीदार करने के लिए सैलानियों में दिखा उत्साह

पलियाकलां-खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व में बाघ देखने की मंशा को लेकर पहुंच रहे सैलानियों को इन दिनों जमकर बाघों की साइटिंग हो रही है। सोमवार को दुधवा के पर्यटन परिसर में बड़ी संख्या में सैलानी जिप्सी पर सवार होकर जंगल में जाते नजर आए। कुछ सैलानियों को नजदीक से बाघ के दीदार हुए जिसे देख वह रोमांचित हो उठे, तो कुछ को बाघ ना दिखाई देने से वह निराश नजर आए। दुधवा और किशनपुर में पहुंच रहे सैलानियों को इन दिनों जमकर बाघों की साइटिंग हो रही है। भीषण सर्दी के बीच बड़ी संख्या में सैलानी दुधवा पहुंच रहे हैं। सैलानियों को बाघ भी निराश होकर कम ही जाने दे रहा है। अधिकतर सैलानियों को आसानी से बाघ के दीदार हो रहे हैं। सोमवार को नोएडा व बैंगलोर से पहुंचे सैलानी मनोज गुप्ता, सुबोध दीक्षित, सुजाता मुखर्जी, शरद तिवारी, पवन यादव, देवाशीष कुमार हरीश गेरा, सुमित काकरो, नीलम मिश्रा, नीरा सिंह दीपा पाठक दिव्या, सुबोध दीक्षित, अखिल अग्रवाल देवासीस कुमार, मोहित मित्तल, सागर व कुनाल अपनी टीम के साथ पहुंचे और जंगल सफारी पर सवार होकर दुधवा के दुर्लभ वन्य जीवों के दीदार के साथ ही हरी भरी वन संपदा को देखा। दुधवा पहुंचने वाले कुछ सैलानियों को नजदीक से बाघ के दीदार हुए तो कुछ को बाघ न दिखाई देने से वह मायूस नजर आए। दुधवा टीम के साथ पहुंचे पर्यटक सुबोध दीक्षित ने बताया कि उन्हें दुधवा का वातावरण बहुत सुंदर लगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन किया गया

- मेला का उद्घाटन मंजीत कश्यप भाजपा जिला मंत्री के द्वारा किया गया

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। फरधान क्षेत्र के ग्राम सभा बेल में दिनांक 15/01/2024 को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लखीमपुर डा. सोमदेव सिंह चौहान के दिशानिर्देश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन ग्राम सभा बेल विकास खंड लखीमपुर में किया गया।मेले में 125 पशुपालकों के 395पशुओं का परीक्षण कर समुचित इलाज किया गया।मेले का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी के मंजीत कश्यप जिला मंत्री द्वारा गौपूजन एवं पंडित दीन दयालजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।मेले में पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी डा. प्रदीप कुमार द्वारा विस्तार से दी गई।डा. हेमंत नौटियाल द्वारा पशुओं को बांझपन से बचाव,कृत्रिम गर्भाधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।डॉ. राकेश वर्मा द्वारा हरा चारा, कृमिनासक दवा का महत्व बताया गया।मेला को शकुसल संपन्न कराने में रूपचंद्र , एस पी सिंह, गिरीश वर्मा मनोज शर्मा, मो. नईम ने अपना बहुमूल्य योगदान किया।अंत में पशु चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश वर्मा ने ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बांकेगंज की ब्लॉक कमेटी की बैठक सोवरन लाल इंटर कॉलेज संसारपुर में हुई तथा ब्लाक कुंभी की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला गोकर्णनाथ पर संपन्न हुई दोनों बैठकों का दोनों ब्लॉक अध्यक्षों रघुनंदन राज पासी व मतीन शाह ने आयोजन किया बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल ने की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव प्रभारी जनपद लखीमपुर खीरी माननीय संजीव पांडेय जी के साथ-साथ पूर्व सांसद माननीय रवि प्रकाश वर्मा एवं प्रदेश सचिव/पूर्व प्रत्याशी लोकसभा खीरी डॉक्टर पूर्वी वर्मा ने बहुत ही सही ढंग से संगठन पर प्रकाश डालते हुए संगठन को चुस्त दुरुस्त बनाने पर वल दिया प्रभारी माननीय संजीव पांडेय जी ने 15 फरवरी तक प्रत्येक ब्लॉक में दोबारा से मीटिंग लगाने को कहते हुए ब्लॉक अध्यक्षों के स्पष्ट किया की हर दशा में बूथ स्तर तक संगठन तैयार होना चाहिए दोनों बैठकों में मुख्य रूप से वेद प्रकाश पटेल, के के मिश्रा डॉक्टर रहीसुद्दीन, कमर आलम प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया, तोखनलाल मुखिया, रामाश्रय अर्क वंशी, रामकुमार वर्मा प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग, विधानसभा युवा अध्यक्ष दीपक राजवंशी, जिला सचिव युसूफ खान, अनस खान, नवी शेर खान, शहर नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश बाजपेई, अचल शुक्ला, बन्नेखान ,अनिल शुक्ला, योगेंद्र वाजपेई, नवी शेर खान, अजय शुक्ला गुड्डू, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, संजीव मिश्रा ,फखरुद्दीन अंसारी, पंकज पटेल ,फकीर मोहम्मद , मोनिका राज, सहित सैकड़ो का कांग्रेसजन दोनों मीटिंग में उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

हर्षित सिंह ने आयोजित किया जागरूकता शिविर

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर-खीरी। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के डायरेक्टर हर्षित सिंह ने विनम्र खंड गोमती नगर के कैम्पस में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिशा निर्देशन में लखनऊ पब्लिक कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज एवं लखनऊ पब्लिक स्कूल्स के कर्मचारियों के लिए जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराया। कार्यक्रम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम शाखा कार्यालय कपूरथला की शाखा प्रबंधक कोमल जैन, नरेन्द्र बहादुर सिंह, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, डॉ तराना हाशिम, डॉ राकेश चक्रवर्ती, प्रधानाचार्या अनीता चौधरी, एलपीसीपीएस डायरेक्टर गरिमा सिंह, राजकुमार वर्मा , डीन डॉ. एल. एस. अवस्थी, मीडिया हेड विजय मिश्रा, मुख्य निरीक्षक संजय प्रताप सिंह, सूर्यांश व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। शिविर में बीमित व्यक्ति और महिलाओं को हित लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा बीमितों की समस्याओं व जिज्ञासाओं का त्वरित निस्तारण किया गया। डॉ तराना हाशिम व डॉ राकेश चक्रवर्ती की टीम द्वारा कर्मचारियों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, तापमान एवं पल्स रेट की जांच की गई और संबंधित कर्मचारियों को उचित परामर्श दिया गया।

पुराने फर्नीचर की खरीद फरोख्त को लेकर हुआ विवाद

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर की मोहम्मदी रोड पर एक मेडिकल स्टोर संचालक ने अपना पुराना फर्नीचर बेचने का सौदा कुम्हार टोला निवासी नीरज कुमार से 20 हजार में किया था।नीरज कुमार ने उच्चाधिकारियों को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने फर्नीचर विक्रेता गुलशन कुमार को 20 हजार नगद एडवांस दे दिए थे लेकिन जब वह फर्नीचर लेने गया तो थोड़ा फर्नीचर दे दिया था और बाकी बाद में ले लेना की बात कह कर उसे टरका दिया था। जब वह दोबारा फर्नीचर लेने गया तो गुलशन कुमार ने और उसके लड़के ने कहा कोई फर्नीचर नहीं दिया जाएगा जो तुम्हें मिल गया है उतने में संतोष करो। दोबारा इधर आए तो तुमको जान से मार देंगे। फर्नीचर खरीदार नीरज कुमार वर्मा निवासी कुम्हार टोला ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बाइक सहित चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी। मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार रविवार शाम चौकी प्रभारी बाबूराम,एस आई रामचंद्र यादव आरक्षी शैलेंद्र सिंह पुनीत राणा ,अबूजर हुसैन,और संदीप कुमार की टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान कस्बा के टीपीआरएस स्कूल के पास एक संदिग्ध को रोककर तलाशी ली गई जिसके कब्जे से 315 बोर तमंचा मय कारतूस और बरामद बाइक की जांच करने पर उसका नंबर कुछ दिन पूर्व कचहरी से बाइक चोरी हो जाने का निकला है। सोमवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का माल बरामद होने के पर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

खिचड़ी भोज के साथ सम्पन्न हुआ नमन एप अभियान

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। सोमवार को सदर चौराहे मकरसंक्रांति के अवसर पर गोपाल गुप्ता के संयोजन में खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। विधायक अमन अरविन्द गिरि की उपस्तिथि में नमो एप अभियान के तहत सैकड़ो एंड्राइड फ़ोन उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहित की योजनाओ की जानकारी सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नमो एप डाऊनलोड कर लोगो को भारत के एम्बेसडर के तौर पर जागरूक किया ।विधायक व विधायक चाचा धर्मेंद्र गिरि, पार्टी कार्यकर्ताओं व प्रमुख साथियों के साथ लोगो को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी व नमो एप का महत्व बताया गया ।विधायक अमन गिरि ने अपने पिता स्वर्गीय अरविन्द गिरि विधायक की ही तरह स्वर्गीय नानक चंद्र अग्निहोत्री की स्मृति वाटिका नानक चौकी गोला में लाइटिंग व्यवस्था व सौंदर्यीकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर कार्य को 24 जनवरी तक पूर्णतया समाप्त करने का निर्देश दिया। उक्त अवसर पर राम गुलाम पांडेय, विश्वनाथ सिंह, कौशल जायसवाल, राम प्रकाश अग्रवाल, संजय साहनी, सुधीर कोहली, मानस साहनी, विजय मिश्र, अमित वर्मा, आलोक गुप्ता, संजय गिरि, धर्मेंद्र गिरि मोंटी भैय्या, सचिन सिंह, सरताज खान, मकसूद खान, भोली गिरि, पंकज कोहली सहित भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा ।विधायक ने 22 जनवरी 2024 सायं 5 बजे भगवान भोलेनाथ मन्दिर तीर्थ छोटी काशी प्रांगण में अयोध्या में 500 वर्ष उपरांत भगवान श्री राम के पुनः विराजमान होने के स्वर्णिम महोत्सव के उपलक्ष्य में सवा लाख दीपो का महाउत्सव हेतु प्रत्येक नागरिक को उपस्थित होने का निवेदन कर आमंत्रित किया है।



शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन दुकानों में लाखों के सामान हुआ राख

जन एक्सप्रेस । हरदोई

चौकी क्षेत्र में विद्युत मीटर में सर्किट के चलते लगी आग में टेंट हाउस व शूज सेंटर सहित कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर चौराहे पर मिलन टेंट हाउस के गोदाम में विद्युत मीटर शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई।आग इतनी भीषण थी की समरसेबल आदि से आग नहीं बुझ सकी। जिसमें कुर्सी रजाई गद्दा व शूज सेंटर की गोदाम में आग लग गई जिससे चांद मियां पुत्र शब्बीर का लगभग 3.5 लाख रुपए के जूता चप्पल व बडक्के पुत्र शब्बीर का ?3.5 लाख का टेंट हाउस का सामान और शाकिर पुत्र साजिद की पेप्सी व दो फ्रिजर आदि का सामान जल गया है।पास की दुकान में महनेपुर निवासी विमलेश पुत्र राम प्रकाश क्लाथ इंपोरियम के लगभग 4 लाख का कपड़ा जलकर राख हो गया है।वही पड़ोस की रहने वाली उपासना की किराने की दुकान का सामान जला गया और मकान में दरारें आ गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

मोबाइल पाकर खिले छात्र छात्राओं के चेहरे

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद नगर के बीएन डिग्री कालेज में ग्रेजुएशन कर रहे 172 छात्र छात्राओं को पूर्व विधायक ने मोबाइल वितरित किए। मोबाइल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरों पर खुशी देखी गई। नगर के बीएन डिग्री कालेज के मीटिंग हॉल में शासन द्वारा ग्रेजुएशन कर रहे छात्र छात्राओं को दिए जाने वाले मोबाइल का वितरण मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू द्वारा किया गया।172 बच्चों के चेहरों पर मोबाइल पाकर खुशी देखी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आसिफ खान बब्बू ने कहा शिक्षा से ही विकास होता है। बच्चे ही भारत का भविष्य हैं।शिक्षित लोग ही सभ्य समाज का सृजन करते हैं।इसलिए आप सभी लोग मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने मां बाप का नाम रोशन करें। ग्रेजुएशन के बाद बिना इंटरनेट के सभी संसाधन नहीं जुटाए जा सकते। आप लोग मोबाइल का सदुपयोग करें। इस अवसर पर सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी बीडीओ मनवीर सिंह,कालेज के प्रबंधक डा तौहीद खां,सुषमा देवी,शिल्पी रानी, आदिल एहसान सहित प्रोफेसर और छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

हिस्ट्रीशीटरों को अपराधों से दूर रहने की हिदायत दी गई

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को एक बार फिर से बुलाकर कोतवाली में अपराधों से दूर रहने की नसीहत दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने नसीहत देते हुए सभी को कड़ी चेतावनी भी दी और बताया अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शाहाबाद कोतवाली के रजिस्टरों में 129 हिस्ट्रीशीटरों की हिस्ट्रीशीट खुली हुई है। पुलिस अक्सर हिस्ट्रीटरों को कोतवाली बुलाकर अपराध से दूरी बनाए रखने की नसीहत देती रही है। इसी कड़ी में प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने सोमवार को हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली में बुलाकर अपराधों में संलिप्त न होने की हिदायत दी। 129 हिस्ट्रीशीटरों में से 60 हिस्ट्रीशीटर कोतवाली पहुंचे। हिस्ट्रीशीटरों के गले में उनका नाम, पता और हिस्ट्रीशीट नंबर लिखा हुआ था। सभी ने अपराधों से दूर रहने की शपथ ली। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने कहा अपराधों से दूर रहकर सभी लोग अच्छा सा जीवन जीए और अपने परिवार का ख्याल रखें। मेहनत से पैसा कमाए। उन्होंने कहा आपका अच्छा जीवन आचरण देखकर अपराध के दलदल में पहुंचे अन्य लोग भी अपराध से दूरी बनाने का संकल्प लेंगे। इसलिए आप सभी को कोतवाली बुलाकर अपराधों से दूर रहने की नसीहत दी जा रही है, साथ ही प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने चेतावनी भी दी और बताया अगर कोई भी अपराध में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं समाज में कोई भी व्यक्ति अपराध करके खौफ पैदा न कर सके। पुलिस सरकार के निर्देशों के अनुपालन में कड़ी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित

जन एक्सप्रेस/हरदोई। हरपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मिरगांवा चौधरियापुर व बर्रा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम में सासंद जय प्रकाश रावत एवं ब्लाक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप द्वारा कार्यकम का शुभारम्भ किया गया । सासंद जयप्रकाश रावत द्वारा कार्यकम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसको ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वही उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है ।सांसद ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी।

आरजीएस सोसाइटी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आरजीएस, सोसाइटी के तत्वाधान में आरजीएस, आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर द्वारा जीडी पब्लिक स्कूल व कॉलेज बिरहिमबाद, अटरिया सिधौली सीतापुर विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए, जीवन शैली से उत्पन्न , रोगों से बचाव के क्रम में 13,1,2024 को स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित किया गया इसमें बाडी मास, इंन्डेक्स बी एम आई वजन को कैसे नियमित किया जाय, साथ में रक्तचाप ब्लड प्रेसर र्शफरा सुगर मे प्रायोगिक रुप से बताया गया और आंखों की जांच की गई कुल 67 विद्यार्थियों ने व 5 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, अंत में विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के संबंध में भी बताया गया आर जी एस सोसाइटी द्वारा बी ए एम एस, मेडिकल कॉलेज में तथा बी फॉर्म डी फार्म एंड फार्मेसी की पढ़ाई निरंतर कॉलेज में चलती रहती है।

जवाहर पुर चीनी मिल में स्टीम टैंक फटने से 3 मजदूरों की हुई दर्दनाक मौत, कई घायल

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

सीतापुर। जिले की जवाहरपुर चीनी मिल में उस समय स्टीम टैंक फट गया, जब सभी मजदूर उसमे कार्य कर रहे थे तथा मिल भी चल रही थी। जानकारी के अनुसार अज्ञात कारणों के चलते टैंक फटा है, अभी कारण का पता न चल पाया है । टैंक फटने से 2 मजदूर बरेली के व एक थाना रामकोट का मजदूर की मौत मौके पर ही हो गयी है। तथा लगभग 5 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए हैं, उनको जिला अस्पताल भेज गया है। मिल प्रशासन ने घायल मजदूरों को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजा। यह हादसा टैंक में ग्रिल लगाते समय हुआ हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सीतापुर की जवाहरपुर चीनी मिल में स्टीम टैंक फटने से हुई दुर्घटना का संज्ञान लिया है। शुगर मिल में हुई दुर्घटना का मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया तथा दुःख जताया। तथा मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर को जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री का निर्देश दिए गए हैं कि तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराएं । तथा दुर्घटना में असमय काल-कवलित लोगों के परिजनों के प्रति मुख्यमंत्री ने शोक-संवेदना भी जताई है। मुख्यमंत्री जी ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए काल-कवलित हुए लोगों की आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और उनके परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। तथा मुख्यमंत्री जी ने जनपद के जिलाधिकारी को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने और हादसे में घायल व्यक्तियों के समुचित उपचार के प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभारम्भ, एआरटीओ व उपजिलाधिकारी ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ शहर के नैपालापुर चौराहे पर किया गया। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के समन्वय से आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार शामिल हुए। उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार ने वाहन चालकों को जानकारी देते हुए बताया कि यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिये है। उन्होंने कोहरे में ट्रैक्टर ट्रालियों पर अनिवार्य रूप से रेडियम टेप लगाने के साथ दो पहिया वाहनों पर हेलमेट व चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाने की अपील की। पुलिस क्षेत्राधिकारी महोदय श्री आलोक कुमार ने हिट एण्ड रन मामलों में सोलेशिएम फण्ड के माध्यम से दो लाख रूपये तक मिलने वाली आर्थिक मदद की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसो के बाद वाहन अज्ञात होने की दशा में सोलेशिएम फण्ड से मदद ली जा सकती है। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने गुड सेमेरिटन की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुँचाने में मदद करें। घायल व्यक्ति का जीवन बचाने वाले नेक आदमी को पांच हजार रूपये का पुरस्कार शासन की ओर से दिया जायेगा। उन्होंने यातायात नियमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। एआरटीओ ने बताया कि शासन द्वारा बार-बार सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाये जाने का उद्देश्य आमजनमानस में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक (उत्तरी) फरीद अहमद, नैपालापुर चौकी प्रभारी विमल कुमार, सतीश कुमार, प्रामिश मिश्रा सुरवाइजर के अतिरिक्त अन्य वाहन स्वामी मौजूद रहे। परिवहन विभाग द्वारा 250 ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम कवर लगाने का काम शुरू किया गया। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रालियों में लाल रंग के कपडे पर रेडियम टेप को लगाकर रेडियम कवर तैयार किया गया है। लाल कपड़ा दिन के वक्त चालको को वाहन की दूरी का सही अनुमान लगाने में सहायक होगा वहीं रात्रि में लगा रेडियम की लाईट से वाहन चालको को सहुलियत होगी। उप जिलाधिकारी महोदय द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम कवर लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। एआरटीओ ने बताया कि चीनी मिलों में जाकर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम कवर लगवाये जायेंगें। इनमें सभी चीनी मिलों को भी निर्देशित किया गया है।

एडीजी ज़ोन ने पुलिस अधिकारियों संग किया गूगल मीट

✳ श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था चुस्त रखने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

एडीजी जोन डॉक्टर के एस प्रताप कुमार ने पदभार ग्रहण करने के साथ से ही लगातार जोन के सभी जिलों का भ्रमण किया और जिले के अधिकारियों के साथ बैठक किया। बताते चलें कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात-प्रबंधन के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन द्वारा लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। एडीजी ज़ोन द्वारा विगत दिनों जनपद संतकबीरनगर, बस्ती एवं गोंडा का भ्रमण कर यातायात डायवर्जन के प्रस्तावित स्थानों का निरीक्षण किया था तथा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बस्ती पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी कर अयोध्या धाम में होने वाले कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर जोन के जिलों में किए जाने वाले यातायात-प्रबंधन के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत समीक्षा भी की गई थी।

गोरखपुर जोन के बस्ती एवं गोंडा जनपदों की सीमा अयोध्या से लगती है, साथ ही अयोध्या एवं लखनऊ की तरफ जाने वाले महत्वपूर्ण रास्ते भी गोरखपुर जोन के जनपदों से होकर गुजरते हैं। ऐसे में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में गोरखपुर जोन की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन द्वारा विगत दिवस जोन के समस्त परिक्षेत्रीय एवं जनपदीय प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी भी की गई और आवश्यक विचार-विमर्श किया गया।

जोन कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल है क्रियाशील

यातायात-डायवर्जन के दौरान जोन के अन्तर्गत एवं जोन की सीमा से लगने वाले विभिन्न जनपदों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से एडीजी जोन ने बताया कि जोन कार्यालय में यातायात मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। यह सेल अयोध्या धाम में होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर जोन के विभिन्न जनपदों में ट्रैफिक डायवर्जन एवं ट्रैफिक-व्यवस्था के संबंध में समन्वय स्थापित करेगा, साथ ही जोन के बाहर सीमावर्ती जनपदों के भी संपर्क में रहकर निर्बाध यातायात संचालन के संबंध में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा और वस्तु-स्थिति से उच्चाधिकारीगण को अवगत कराते हुए समय-समय पर दिए जा रहे दिशा-निर्देशों को संबंधित जनपदों के माध्यम से क्रियान्वित कराएगा। जोन कार्यालय में बनाए गए इस कंट्रोल रूम को तत्काल प्रभाव से क्रियाशील कर दिया गया है।

पुलिस व एसओजी ने वांछित 25 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई

एट पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने जिला परिषद से वांछित 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया।

एट थाना पुलिस ने विगत माह पूर्व वाहन चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर में लदा 21 हजार किलो गौमांस बरामद किया था। पूंछताछ के दौरान कंटेनर चालक ने बताया कि उसके द्वारा मांस जगदीश कोल्ड स्टोरेज नयी दिल्ली से लाया गया है, और उसे हैदराबाद ले जाया जा रहा है। प्रपत्रों में फिश फूड अंकित होने व कंटेनर को खोलकर चेक करने पर अंदर संदिग्ध मांस पाये जाने पर मामले की गहराई से छानबीन की गई। जिसमें प्रपत्र कूट रचित फर्जी पाए गए। उधर पशु चिकित्साधिकारी ने सैंपलिंग कराकर परीक्षण के लिए भेजा था। जिसमें गौमांस की पुष्टि हुई थी। मामले में नवीन कुमार पुत्र रूप लाल मेहता निवासी ग्राम बाह थाना भराड़ी विलासपुर हिमांचल प्रदेश व युसुफ पुत्र इस्माइल हक निवासी प्रथम तल ब्रजपुरी एक्सटेंशन खुर्जी लक्ष्मीनगर परवाना रोड दिल्ली को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि इसी मामले का आरोपी गुलजार पुत्र उमर निवासी कस्बा सहसपुर थाना शिवहरा बिजनोर हाल निवास विचपुरी एक्सटेंशन परवाना रोड़ नई दिल्ली फरार चल रहा था। जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। जिसे मुखबिर की सूचना पर शहर के जिला परिषद कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया है।

बीमारी से सफाई कर्मी महिला की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुराना रामनगर निवासी सफाई कर्मी महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुराना रामनगर ईदगाह के पीछे निवासी सुमन 35 वर्ष पत्नी राजेश कुमार मेडिकल कॉलेज में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थी। जो काफी समय से बीमार भी चल रही थी, और शनिवार देर रात को महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक महिला की दो पुत्र व दो पुत्रियां है। फिलहाल सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

कृषि मंत्री ने भी लिया था राम मंदिर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा, 25 दिनों तक रहे जेल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, राम मंदिर के चले आंदोलन की यादें भी ताजा हो रही है। उस आंदोलन में क्या छोटा, क्या बड़ा। सबकों अपने राम के लिए दंड पाना पड़ा था। वर्तमान समय में सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने उस आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। उन पर रासुका भी लगा। पच्चीस दिनों तक जेल में रहे और प्रदर्शन की दौरान पुलिस की लाठी खायी। उस समय के कई साथी अब नहीं है, लेकिन आंदोलन की चर्चा के समय उनका जिक्र आ ही जा रहा था।राम मंदिर का आंदोलन 1989-1990 में तेजी से चला था। कारसेवा के लिए भाजपा, संघ व हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता लोगों के बीच जा रहे थे। जनमत तैयार कर रहे थे। इन्हीं नेताओं में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही भी थे। उस समय कुशीनगर जिला भी देवरिया का हिस्सा था। 1990 सितम्बर में हुई पार्टी नेता लालकृष्ण आडवाणी रथ यात्रा को बिहार से देवरिया होते हुए अयोध्या जाना था। उस यात्रा को बस्ती तक पहुंचाने की जिम्मेदारी श्री शाही समेत जिले के तमाम नेताओं को मिली थी।

श्री शाही बताते हैं कि आडवाणी की बिहार में गिरफ्तारी के बाद प्रदेश में भी व्यापक स्तर पर लोगों की गिरफ्तारी होने लगी। वह बताते हैं कि दल के तमाम नेता भूमिगत रहकर लोगों के बीच संपर्क करने लगे और अयोध्या भेजने में जुट गए। मै भी भूमिगत होकर कार्य में लग गया। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। मेरे पिता राजेन्द्र किशोर शाही को गिरफ्तार कर लिया गया।

मकर संक्रांति पर्व पर पुलिस अधीक्षक ने लगाई जनचौपाल, शांति व्यवस्था पर की गहन चर्चा

जन एक्सप्रेस। महोबा

पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता द्वारा आज मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर कोतवाली चरखारी क्षेत्र के गुलमर्ग पर पुलिस जनचौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी क्षेत्र के आम जनमानस, सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था पर परिचर्चा कर लोगों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर मौजूद क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र व थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार को उनकी समस्याओं पर ध्यानाकर्षण कराते हुए सभी की समस्याओं के तत्काल समस्या के निवारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में धूमधाम से मनाये जा रहे मकर संक्रांति पर्व की स्थानीय लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं गई तथा पारम्परिक मिठाई खिला सभी का मुंह मीठा कराया गया। जनचौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शीत ऋतु के दृष्टिगत असहाय व बुजुर्गों को सर्दी से बचाव हेतु कम्बल का वितरण किया गया व उनकी सहायता हेतु हर सम्भव मदद किये जाने का भरोसा दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई।

पति ने पत्नी को मारी गोली, नाजुक हालत में पहुंची अस्पताल

जन एक्सप्रेस। उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम पतराही में पति ने पत्नी को गोली मार दी। जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर फोर्स के साथ पहुंचे सीओ ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम पतराही निवासी श्यामवीर तोमर अपने बड़े लड़के के साथ जयपुर में पेंटिंग का काम करता है, और पत्नी देवकी अपने दो बच्चों के साथ गांव में ही रहती थी। श्यामवीर त्योहार मनाने के लिए जयपुर से अपने गांव आया था और पत्नी को साथ ले जाने की बात कह रहा था। मगर पत्नी ने उसके साथ चलने से मना कर दिया।जिसपर दोनों में रविवार की देर रात विवाद हो गया। सोमवार को उसे जयपुर वापस जाना था जिससे उसने सोमवार की सुबह पत्नी से दोबारा चलने के लिए कहा जिस पर पत्नी ने फिर मना कर दिया। इस पर दोनों में फिर विवाद शुरू हो गया, और देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि उसने अपनी पत्नी देवकी को गोली मार दी। घटना से गांव में सनसनी फ़ैल गई गई। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ रामसिंह थानाध्यक्ष सहित फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने महिला को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीओ का कहना है कि ग्रह कलह के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कोचिंग के लिए निकला छात्र संदिग्ध हालत में गायब

जन एक्सप्रेस। रुद्रपुर, देवरिया

घर से कोचिंग करने के लिए निकला एक छात्र संदिग्ध हालत में गायब हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने उसके साथ पढ़ने वाले कुछ छात्रों से पूछताछ की, लेकिन 48 घंटे बीतने के बाद भी कोई पता नहीं चला। मामले में कोतवाली में अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज किया गया है।सिलहटा गांव के रहने वाले सत्यवान यादव विदेश में रहते हैं। उनका 16 वर्षीय बेटा शानू शनिवार की सुबह घर से रुद्रपुर कस्बे में कोचिंग पढ़ने के लिए निकला। उसके पास मोबाइल फोन नहीं था। दोपहर बाद जब वह घर नहीं पहुंचा, तब परिजन उसकी तलाश में जुट गए। परिजनों के अनुसार वह बभवली स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ता था। पूछताछ में पता चला कि वह कोचिंग नहीं पहुंचा था। देर शाम तक खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला, तो शानू के बड़े भाई सन्नी ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस ने गायब छात्र के सहपाठियों से पूछताछ की, लेकिन रविवार की शाम तक उसका पता नहीं चल पाया। पुलिस गांव से कोचिंग सेंटर तक जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी का रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस अपहरण का केस दर्ज कर छात्र के बारे में पता लगाने में जुटी है।

दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। मोहल्ला राजेंद्र नगर में हुई दो पक्षों की मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

शहर के मोहल्ला राजेंद्र नगर में रविवार की शाम तिलक नगर चौकी के पास रहने वाले मनोज व पड़ोस में रहने वाले अपूर्व व हर्ष के घर की महिलाओं में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। महिलाओं के बीच हुए विवाद ने इस कदर जोर पकड़ा कि दोनों पक्षों के युवक भी रोड पर आकर एक दूसरे से मारपीट करने लगे। इस दौरान कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अलग करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कुछ लोगों ने छत से मारपीट का वीडियो बना लिया। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने एक पक्ष के अपूर्व हर्ष को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की है। घटना को लेकर को सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर दो युवकों को पकड़ कर कार्रवाई की गई है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

वृंदावन की महिला पहलवान गोपी पांडे ने राजा इटावा को किया चित

जन एक्सप्रेस। पनवाड़ी/महोबा

कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के भरवारा गांव के दिनई मौजा पहाड़ पर स्थित शंभूनाथ आश्रम मंदिर में मकर संक्रांति पर्व को लेकर रविवार को एक दिवसीय बुंदेलखंड स्तरीय भव्य दंगल मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सुरेन्द्र कुमार राजपूत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर फीता काटा साथ में क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इसके बाद दंगल का शुभारम्भ हुआ जिसमे सबसे पहली कुस्ती मोहित गुड़ा और भुवनेश हरदोई के मध्य हुई जिसमें मोहित ने भुवनेश को चित किया उसके बाद दूसरी कुश्ती अरविंद बुढ़ेरा और विनोद कन्नौज के मध्य हुई जिसमें अरविंद बुढ़ेरा ने विनोद को चारों खाने चित कर दिया। तीसरी कुश्ती महेंद्र गुढ़ा और अश्विनी कुरारा के मध्य हुई जिसमें महेंद्र ने अश्वनी को पटकनी लगाकर चित कर दिया तो वही जयसिंह राठिया ने जितेंद्र मसगवा को चित किया। अमर सिंह बागौल ने अभिषेक धारपुरा को पटक जीत दर्ज की उसके बाद विनय धौलपुर और दुर्गेश चंदौली के मध्य हुई जिसमें विनय ने जीत दर्ज की उसके बाद रामू बबेरू और ऊदल बांदा के मध्य हुई जिसमें रामू ने चित किया उसके बाद पुष्पेंद्र दयालपुरा और शंकर फतेहपुर के मध्य हुई जिसमें पुष्पेंद्र ने जीत दर्ज की तो वही राकेश महुआ और विक्रम गोवा के मध्य हुई जिसमें राकेश महुआ ने जीत दर्ज की सबसे आकर्षक की कुश्ती वृंदावन से आई महिला पहलवान गोपी पांडे की हुई जिसने राजा इटावा को पांच बार पटकनी लगाकर जीत को दर्ज किया लगभग दो दर्जन पहलवानों की कुस्तिया हुई सभी को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन हरिसिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस मौके पर मलखान सिंह, डालचंद रिछा, रोहित राजू राजपूत, रामसहाय महेन्द्र, हरिश्चंद्र, शिवकुमार, देशराज, राजेंद्र नरेश फूलसिंह सहित क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

मकर संक्रांति में स्नान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है: विजय प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। महोबा

मकर संक्रांति पर्व बुंदेलखण्ड के अलावा पूरे देश मे श्रद्धा, भक्ति व पूर्ण आस्था के साथ मनाया जाता है। इस पर्व मे स्नान करने के बाद दान-पुण्य का विशेष महत्व है। मंकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण हो जाता है जिससे शुभ कार्य, मांगलिक कार्य जैसे विवाह आदि होने लगते है। इस दिन नदी, तालाबों व कुओं मे स्नान ध्यान के बाद प्रातः सूर्य भगवान व गुरू गोरखनाथ की पूजा अर्चना की जाती है। गुरू गोरखनाथ योगी है इसलिए वे सादा भोजन खिचड़ी ही स्वीकार करते है। इसलिए इस दिन खिचड़ी का भोग पूज अर्चना के दौरान गुरू गोरखनाथ को समर्पित किया जाता है। विभिन्न प्रांतो मे अलग- अलग प्रकार से यह त्यौहार मनाया जाता है। बुंदेलखण्ड मे महोबा के रामकुण्ड, चित्रकूट के भरतकूप, छतरपुर जिले के जटाशंकर मे स्नान करने की परम्परा है। स्नान के दौरान लोग श्रद्धा, व भक्ति भावनाओ से ओत प्रोत लमटेरा गीत गाते प्रातः काल से स्नान के लिए निकलते है। प्रमुख लमटेरा इस प्रकार है। सपर लइयों काशी जी की झिरिय रे, काशी जी की झिरिया कट जैहे जनम के पाप रे, भोले बाबा बड़े रसिया रे, बड़े रसिया रे, माई गौरा संग बैठे जोड़े गाँठ रे। इस पर्व मे स्त्री पुरूष सभी स्नान करने के बाद गरीबों को खिचड़ी दान करते है जिससे चारो फलो, धर्म-अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। महोबा के रामकुण्ड, कीरत सागर, मदन सागर, विजय सागर व दिसरापुर किड़ारी के तालाबो मे स्नान करने वालों की भारी भीड़ उमड़ती है।

राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कराया खिचड़ी भोज, बांटा कम्बल

जन एक्सप्रेस। सलेमपुर देवरिया

सलेमपुर के परसिया खाप में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम मकरसंक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज एवम कम्बल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई।जिसमे गरीब असहाय लोगों को कड़कड़ाती ठंड से निजात दिलाने को सैकड़ों कम्बलों का वितरण किया गया। मन्दिर में भजन कीर्तन करने के बाद गरीबों को खिचड़ी भोज भी कराया गया।राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की बड़ी बारीकी से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाना केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मोदी व योगी का यह सपना है कि कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। भाजपा सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अमरदत्त यादव, विनय पाण्डेय, अजय दूबे वत्स, रविशंकर मिश्र, नागेन्द्र गुप्ता, अमरनाथ सिंह, रामदास उर्फ फेकू बाबा, अमित सिंह, प्रकाश पाण्डेय, अंकित मिश्र, रामप्यारे यादव, सुनील, राजेश, मुरली राजभर, चन्द्रभूषण यादव आदि मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर कई स्थानों पर समाजसेवियों ने कराया खिचड़ी भोज

जन एक्सप्रेस। कालपी

मकर संक्रांति पर सोमवार को नगर के अलग-अलग दर्जन भर सार्वजनिक स्थानों में सामाजिक संगठनों ने खिचड़ी व हलुए का वितरण किया। नगर के मुख्य बाजार टरननगंज में समाजसेवी संस्था घुमन्तु हसन्तु क्लब के सदस्यों ने पंडाल लगाकर राहगीरों को चाय, कॉफी वितरण किया। इस मौके पर पुरुषोत्तम गुप्ता, जय खत्री, रविंद्र श्रीवास्तव, रमेश धवन सहित समाजसेवी मौजूद रहें। इसीक्रम में नगर पालिका के सामने व्यापार मंडल के सदस्यों में व्यापार मंडल अध्यक्ष नमन अग्रवाल, प्रदीप गांधी, राजेंद्र यादव, लल्ला महाराज, सुनील पटवा सभासद ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। वहीं मां बनखंडी देवी शक्ति पीठ में महंत जमुनादास के नेतृत्व में चाय और कचौड़ी बाँटी गई। इस मौके पर मोहन महाराज, देवेंद्र गुप्ता, नीतू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही स्टेशन रोड, दुर्गा मंदिर चौराहा, मुख्य बाजार सहित कई स्थानों में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर शीतला माता मंदिर निवासी महिला की बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर शीतला माता मंदिर निवासी मंजू 30 वर्ष पत्नी महिपाल की रविवार देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतका का पति जिला अस्पताल में स्थित औषधि केंद्र में कार्यरत है। जिसकी शादी करीब सात वर्ष पहले हुई थी, और उसके एक 4 वर्ष का पुत्र है।

20 गांवों के युवाओं के लिए 5 जगह आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

आदर्श गांव खेलकूद प्रतियोगिता में पिपरौठ ने बाजी मारी

जन एक्सप्रेस। मथुरा/फरह

सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत ब्रज क्षेत्र के दीनदयाल धाम में खेलों का आयोजन किया गया, जिसमे कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता ब्लॉक के बीस गॉवो के युवाओ के लिए पांच स्थानों पर आयोजित की जा रही है। पिपरौठ मे ओपन कबड्डी प्रतियोगिता तीन दिन से चल रही है, जिसका समापन सोमवार को हुआ। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना प्रमुख प्रमोद आसरे ने बताया कि खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस (युवा दिवस) के उपलक्ष्य मे 14 जनवरी तक ओपन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमे 16 वर्ष से 35 वर्ष के ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला पिपरौठ व मखदूम टीम के बीच हुआ। इसमें पिपरौठ टीम विजेता रही। निर्णायक राहुल कुमार रहे। विजेता टीम को 5100 रुपए नकद व उपविजेता टीम को इक्कीस सौ रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। शील्ड, मैडल, प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम के अतिथि सोनपाल सिंह निदेशक दीनदयाल धाम, राकेश चौहान प्रधान, जितेंद्र सिंह चौहान रोजगार सेवक, आदर्श मिश्रा क्षेत्र प्रमुख, प्रिन्स गौड़ जिला मंत्री भाजयुमो, मिथलेश कुमार उर्फ़ पप्पू पत्रकार, जीत जादौन, सतीश पचौरी, कन्हैयालाल चौहान, देव अग्रवाल, राजकुमार ओझा, संजय चौहान, सतीश चौहान, अजीत सिंह, श्याम जायसवाल, योगेंद्र चौहान, भगवत स्वरूप, रवि तरकर, राम तरकारी हरेंद्र सिंह, अनिल बघेल, केदारनाथ, नितिन चौहान, यश चौहान, रोहित शिकरवार आदि सेंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के आह्वान को साकार करने की शुरु हुई मुहिम, ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुरू हुआ घर-घर दीप जले अभियान

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और स्वच्छ तीर्थ अभियान को साकार करने को लेकर जिले में **घर-घर दीप जले** अभियान की मुहिम छेड़ दी गई है।इस मुहिम की कमान ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने स्वयं संभाली है जिसकी शुरुआत रविवार को स्वच्छता अभियान से हुई। इस कड़ी में सोमवार को स्वच्छता के साथ बड़े पैमाने पर निराश्रित तथा जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान, कंबल, दीप और तेल का वितरण किया गया। इस वितरण में रामनगरी के दोनों वृद्धाश्रम भी शामिल रहे जहां संवासित वृद्धजन इन उपहारों को पाकर फूले नहीं समाये।ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष श्री सिंह के मुताबिक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से शुरू किया गया स्वच्छता अभियान आगामी 21 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। जिसके साथ असहाय, निराश्रित और जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान कंबल और दीप का वितरण भी किया जाता रहेगा।रविवार को पूरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों से शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के बाद सोमवार को इस अभियान का दायरा शहर तक पहुंच गया। सोमवार की सुबह देवकाली बाईपास, साकेतपुरी और परिक्रमा मार्ग पर श्री सिंह के नेतृत्व में उनके दर्जनों समर्थकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।इसी क्रम में दोपहर में निराश्रित,असहाय और जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान, कंबल और दीपों का वितरण शुरू किया गया जो रामनगरी में नया घाट और मणि पर्वत स्थित वृद्धाश्रम में वितरण के साथ समाप्त हुआ। श्री सिंह ने कहा कि पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद सौभाग्य से अब वह दिन आया है जब हमारे आराध्य प्रभु श्री राम अपने नए भवन में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सप्ताह भर का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर है और शायद इसी कारण इस मौके पर दीप प्रज्वलित कर अपनी खुशियों का इजहार न कर पायें।इसलिए स्वच्छता अभियान के साथ यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी इस अवसर पर दीप जलाकर खुले मन से अपनी खुशियों का इजहार करने से वंचित न रह सके।जिस प्रकार भगवान श्री राम की वापसी पर अयोध्या वासियों ने खुशियों का इजहार किया था, ठीक उसी प्रकार भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन भी अयोध्या वासी खुशियों का इजहार करें।उन्होंने बताया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रवार टीमों को का गठन करके उन्हें वार्डवार तथा मलिन बस्तियों में घर-घर पैकेट को पहुंचाने का जिम्मा दिया गया है जिसमें दीप के साथ अन्य सामान भी मौजूद हैं। बताया गया कि यह अभियान 21 जनवरी की देर शाम तक निरंतर चलता रहेगा। इस दौरान उनके साथ रवि सिंह राजन सिंह सूर्यवंशी हर्ष सिंह सहित बड़ी संख्या में सहयोगी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने धूमधाम से मनाया 30 वां स्थापना दिवस , खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने अपना 30वां स्थापना दिवस अयोध्या धाम के पौराणिक स्थल सूर्य कुंड पर भव्य समारोह के साथ मनाया जिसमें हज़ारों की तादात में ब्राह्मण समाज ने जिले में अपनी एकता का संदेश दिया। दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर ब्राह्मण समाज के राजनितिज्ञों, समाज सेवकों ने एकजुट होकर समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मौके पर आए हुए विशिष्ट जनों ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय अखिल भारतीय चाणक्य परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य पण्डित जय प्रकाश तिवारी के सघन ब्राह्मण जन संपर्क और प्रदेशाध्यक्ष पण्डित दिलीप राम त्रिपाठी और प्रदेश महामंत्री डॉ जय गुरु देव शुक्ल पंडित, राधारमण त्रिपाठी ,प्रदेश मंत्री महंत ओमप्रकाश मिश्र और जिलाध्यक्ष पंडित सत्यदेव मिश्र एवं मुकेश तिवारी महानगर अध्यक्ष अयोध्या और उनकी महानगर जिला एवं ब्लॉक संगठन की मजबूत टीम के अथक परिश्रम और संगठन की मेहनत का ही फल था कि जिले में ब्राह्मण समाज ने अपनी ताकत और एकता का संदेश समाज को दिया और अयोध्या की धरती से पूरे प्रदेश को ब्राह्मण एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगत गुरु रामानंदाचार्य अवधेशाचार्य महाराज, विशिष्ट अतिथि डॉ जीके त्रिपाठी, डॉ संजयन त्रिपाठी, तेज नारायण पाण्डेय पवन, करुणाकर पांडेय समाज सेवी, राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामनारायण शुक्ल राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य काशीनाथ तिवारी, सतीश पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कार्यकारिणी, सदस्य जय प्रकाश तिवारी, गगन आचारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, घनश्याम तिवारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मधु पाठक, विनीत मिश्र प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सत्य देव मिश्र, मुकेश तिवारी महानगर अध्यक्ष, आचार्य राकेश पांडेय आशीष पांडेय जिला उपाध्यक्ष, राजेश चौबे, घनश्याम मिश्रा, संजय पांडे, स्वर्ण दीप तिवारी, दुर्गेश पांडेय, धीरेन्द्र पांडेय, संतोष पांडेय, मनोज पांडेय, बबलू पांडेय, सचिन तिवारी, सुमित तिवारी आदि जिले के हज़ारों कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

सहादतगंज से नया घाट तक लगी प्रतिमाएं उपेक्षित

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

नगर निगम के अंतर्गत सहादतगंज से अयोध्या नया घाट तक भगवान श्रीराम सहित जो प्रतिमाएं लगाई गई है उनकी साफ सफाई नहीं हो रही है वह उपेक्षित हैं। आने वाले 22 जनवरी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है और नगर निगम जी जान से साफ सफाई में जुटा है परंतु इन प्रतिमाओं की ना तो साफ सफाई हो रही है और ना ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है जो की गंभीर विषय है। आपको बताते चलें कि नगर की सीमा सआदतगंज से लेकर रामनगरी तक 12 किलोमीटर लंबे हाईवे पर फव्वारा एवं भगवान राम, सहित ऋषियों एवं राम के अन्य सहयोगियों की प्रतिमा भी लगाई गई है। हाईवे को आकर्षक बनाने के लिए डिवाइडर पर विभिन्न प्रजाति के फूल पौधे रोपित किए गए हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण एवं एनएचएआइ ने मिलकर यह कार्य पूर्ण कराया था जो आकर्षण का केंद्र है।

रोटरी ग्रेटर सदस्यों ने गन्ने की ट्रालियों में लगाए संकेतक रिफलेक्टर

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर मे रोटरी ग्रेटर बलरामपुर के अध्यक्ष डा0 अब्दुल कयूम, सचिव डा0 सौरभ सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व मे कड़ाके की ठंड एवं कोहरे को देखते हुए 200 गरीब बच्चो को सर ढ़कने के लिए ऊनी टोपी नगर के विभिन्न स्थानो पर वितरित की गई। इसी क्रम मे घने कोहरे के कारण दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 28 ट्रॉलियों के आगे और पीछे संकेतक रिफलेक्टर क्लब सदस्यो द्वारा लगाये गये। जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को आयोजित टोपी वितरण कार्यक्रम मे संस्थापक अध्यक्ष डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 विकास अग्रवाल, डा0जुबैर अहमद, राजन जायसवाल, सहज प्रीत सिंह, राजा अग्रवाल, मिहिर मेहरोत्रा, अंकित गोयल, अनूप अग्रवाल, संजय शर्मा व आलोक अग्रवाल सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित हुए। डा0 अब्दुल कयूम ने बताया कि क्लब द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलो मे छात्रो को ऊनी टोपी बांटने एवं कम्बल वितरण का अभियान शीघ्र चलाया जायेगा। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करने मे संयोजक रो0 कीर्ति शेखर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

श्रीरामलला की वर्तमान मूर्ति भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में होगी स्थापित

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उस सवाल का भी जवाब दे दिया, जिसका सभी को बेताबी से इंतजार था। अयोध्या में वर्तमान में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की पूजा अर्चना की जा रही है, उन्हें भी नए मंदिर के गर्भ गृह में ही स्थापित किया जाएगा और नई प्रतिमा के साथ-साथ उनकी भी एक समान पूजा अर्चना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बहुत से लोग जानना चाहते थे कि गर्भ गृह में श्रीरामलला की नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद वर्तमान में जिस मूर्ति की पूजा अर्चना की जा रही है, उसका क्या होगा। सोमवार को इन सभी सवालों का जवाब मिल गया।

70 साल से हो रही है पूजा

चंपत राय ने बताया कि भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 70 साल (1950 से) से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में ही उपस्थित रहेंगी।

उन्होंने बताया कि जैसे अभी उनकी पूजा और उपासना की जा रही है, वैसी ही 22 जनवरी से भी अनवरत की जाएगी।

उन्होंने ये भी बताया कि पुरानी प्रतिमाओं के साथ-साथ श्रीरामलला की नई प्रतिमा को भी अंग वस्त्र पहनाए जाएंगे। मालूम हो कि वर्तमान में जिस मंदिर में श्रीरामलला की पूजा होती है, वहां श्रीरामलला अपने तीनों भाइयों के संग विराजमान हैं।

सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व मंत्री गरीबों और असहायों एवं महिलाओं को कंबल व गर्म कपड़े किए वितरित

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। मकर संक्रांति व समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर आज पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने अपने पैतृक निवास कृष्णापुर पूरा बाजार में एक हजार गरीबों और असहायों एवं महिलाओं को कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। इस दौरान वहां मौजूद सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने भी गरीबों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा से बढ़कर कोई और पुण्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा ध्यान गरीब और असहायों के ऊपर दिया था । जिसके चलते समाजवादी पार्टी को कई बार जनता ने सत्ता चलाने का अवसर दिया। कार्यक्रम के आयोजन पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने इस मौके पर कहा कि भीषण ठंड के चलते लोगों का इन दिनो जीना मुहाल हो चुका है । ऐसे में इन गरीबों और असहायों की मदद करने से बड़ा पुण्य कोई दूसरा नहीं हो सकता । श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हमेशा गरीब और असहायों की मदद किया है। श्री पांडेय ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन है। आप सभी से आशीर्वाद की कामना करता हूं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर केंद्र में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सहयोग से इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बने। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब और सहयोग की मदद किया है इसमें सभी वर्गों को सम्मान भी मिला है। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन द्वारा हमेशा गरीबों और सहयोग की मदद की जाती है।

विद्यालय में ऑनलाइन मनाया गया मकर संक्रान्ति

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज मे सोमवार को मकर संक्रान्ति त्योहार आन लाइन मनाया गया। बच्चो ने भी चित्र कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार 15 जनवरी 2024 को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज, बलरामपुर में ऑनलाइन मकर संक्रांति त्योहार मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन बताया कि जब सूर्य मकर राशि मे प्रवेश करते है, तो हिंदू लोग मकर संक्रांति का त्योहार मनाते है। हिंदू धर्म में इस दिन को एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण और शुभ माना जाता है। लोग अनाज की फसल मिलने पर आभार व्यक्त करने के लिए भगवान सूर्य की पूजा करते है।

मकर संक्रांति की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि लोग इस दिन त्रिवेणी संगम प्रयागराज में पवित्र स्नान करते है, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदियां मिलती है। मकर संक्रांति के दौरान परोसे जाने वाले प्राथमिक व्यंजनों मे से एक है खिचड़ी।

यह मुख्य रूप से चावल, दाल, मटर, गोभी, आलू, मूली, टमाटर और घी से तैयार किया जाता है। खिचड़ी के दिन तिली के लड्डू, तले हुए अनाज, गुड़, मूंगफली और सूखा नारियल खाया जाता है। इस दिन जरूरतमंद लोगो को अनाज, चावल और मिठाई आदि देना अनुष्ठान का हिस्सा है। आम धारणा के अनुसार, जो कोई भी खुले दिल से दान करता है, उसे समृद्धि और खुशी का अनुभव होता है और साथ ही भगवान उसके जीवन मे सभी समस्याओं को दूर कर देते है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काव्या श्रीवास्तव, आराध्या खण्डेलवाल, अविशी मलिक, आदित्य श्रीवास्तव, आस्था तिवारी, आलिया पासवान, रिद्धी श्रीवास्तव, नबीला सिद्धीकी, आराध्या यादव, काव्या पाण्डेय, सिद्धार्थ तिवारी आदि छात्र-छात्राओं ने मनमोहक चित्र कला का प्रदर्शन किया। प्रबन्ध निदेशक डॉ0 तिवारी ने समस्त छात्र-छात्राओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

राजेश महाराज के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम का किया गया आरती पूजन, जय श्री राम के उद्घघोष से गुंजायमान हुई अयोध्या

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

75वां श्री राम प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर सभी संत महंत धर्माचार्य गणमान्य नागरिक राम जन्मभूमि से शुरू हुआ और हजारों की संख्या में रामकोट परिक्रमा करते हुए टेढ़ी बाजार होते हुए पहुँचा द्य अयोध्या तीर्थ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज के द्वारा आरती पूजन करने के बाद भव्य स्वागत और प्रभु श्री राम आरती किया।

राजेश महाराज की अध्यक्षता में पूरी टीम के साथ भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न का आरती और पूजन करते हुए टेढ़ी बाजार में भव्य स्वागत और आरती पूजन कर जय श्री राम का उद्घोष किया द्य आरती पूजन के बाद राजेश महाराज ने अपनी पूरी टीम के साथ भगवान् श्री राम , लक्ष्मण,भरत, और शत्रुघन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और कहा कि आज की शुभ घड़ी ऐसी है कि भगवान के पूजन और आरती का सौभाग्य मुझे और मेरी पूरी टीम को मिल रहा है द्य जय श्री राम का उद्घघोष हुआ और पूरी अयोध्या राम मय होकर गूंजायमान हो रही है द्य उसके बाद राम जन्म भूमि में यह परिक्रमा समाप्त हुआ। इस अवसर पर अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ शिव ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज, महामंत्री महगू लाल पांडे, ननकू महाराज, सोमनाथ, नवीन शर्मा, बलराम सिंह, विनय श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, नन्द गोपाल, अवध बिहारी, शुभम पांडे अजय सिंह अश्वनी श्री रिया गुप्ता, कमलेश सोनकर, हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगा यातायात माह, एआरटीओ ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर मे सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार यादव ने सोमवार को यातायात जागरूकता माह का शुभारंभ सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया।

जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के संबंध में जनमानस के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का 15 जनवरी को प्रथम दिन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार यादव ने प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एआरटीओ अरविन्द कुमार यादव ने वहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। बच्चे 18 वर्ष की आयु पूर्ण किये बिना वाहन न चलायें तथा कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाये तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगायें। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने मौजूद जनमानस को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। कार्यालय परिसर में उपस्थित सभी लोगों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं वीडियों क्लिप के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात के संबंध में जागरूक किया गया।

जीआरपी पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा के निर्देश में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैन्ट राकेश कुमार राय द्वारा जीआरपी अयोध्या कैन्ट की गठित टीम द्वारा थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 43/2023 धारा- 379/411 भादवि में चोरी का टच स्क्रीन INFINIX कम्पनी का व 2. मु0अ0सं0 46/2023 धारा- 379/411 भादवि से सम्बन्धित चोरी के 3260 रू0 नकदी के साथ शातिर चोरपंकज पुत्र ओमप्रकाश निवासी जयसिंहपुर थाना कोतवाली अयोध्या को बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

समाजसेवी ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

ब्लाक हरैया सतघरवा के 110 ग्राम पंचायतों के जरूरतमंदों को पांच हजार कम्बल वितरित किए गए है, ठण्डक में कम्बल मिलते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। कम्बल लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हाथीगर्दा गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राम मनोहर तिवारी शास्त्री ने बताया कि बीते बीस वर्षों से वह ठंडक के दिनों में जरूरतमंदों को कंबल देते चले आ रहे है, सोमवार को पांच हजार कम्बल का वितरण किया गया है। दिव्यांगजनों के घर पर कम्बल उपलब्ध कराया गया है। विकासखंड हरैया सतघरवा के मकुनहवा, बनघुसरी, रतोही, किला, भुसैलिया, लखनीपुर, अमहवा, अम्बरनगर, प्रानपुर, मथुरा, शिवपुरा, सिंहपुर, बरदौलिया, हरैय्या, मणिपुर, चौधरीडीह, विनौहनी, फटवा, धामाचौरी, पाण्डेयपुरवा, भयापुरवा, मोतीपुर, दलपतपुर, त्रिकौलिया, बसंतपुर, जुम्मनडीह, कमदी, मानीचौक, करमैती आदि गाँव के जरुरतमंद ओमप्रकाश, छोटकऊ, लल्लन प्रसाद, अतवारी, बड़का, सहजराम, संतोष कुमार, बेचनप्रसाद, अतवारी, कर्तीराम, पुत्तन, पवन कुमार, अर्जुन कुमार, जयचंद, अनंत कुमार, राधेश्याम, रामतीरथ, अलखराम, शांतीदेवी, मैनावन्ती, बैरागी, संतसरन, तारबाबू आदि को गर्म कम्बल दिए गए है। काफी भीड़ हो जाने के कारण पुलिस बल के मौजूदगी में कम्बल वितरण कराना पड़ा। क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने समाजसेवी राम मनोहर तिवारी शास्त्री के कार्यो की सराहना की है।

मौर्य कर्मचारी संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में मौर्य कर्मचारी संघ भारत का पांचवां प्रादेशिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह मौर्य स्टेट मैरिज हाल रामपुर कला टांडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौर्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष विपिन मौर्या तथा संचालन बालजी मौर्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर रामचंद्र मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य व सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी कुमारगंज रवि प्रकाश मौर्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट स्थिति ने महात्मा गौतम बुद्ध की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान सेवानिवृत्ति सैनिक श्रीराम मौर्य ने कहा कि हम सभी को समाज को शिक्षित बनाने की आवश्यकता है शिक्षा ही सभी तालों की चाबी है जिससे आदमी आगे बढ़ सकता है और अपना जीवन सफल बना सकता है। इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा की आवश्यकता है जिससे समाज के लोग पढ़ लिखकर समाज को विकसित व प्रगतिशील बनाने का कार्य कर सकें। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र - छात्राओं व सरकारी नौकरियों में नियुक्ति प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया साथ ही कार्यक्रम में दूर-दराज से आए अतिथियों सेवानिवृत कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मौर्य कर्मचारी संघ भारत द्वारा पांचवें प्रादेशिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में लगभग 200 लोगों को सम्मानित किया गया। छात्रों व सरकारी नौकरी प्राप्त युवाओं को सम्मान समारोह के दौरान प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व अशोक की लाट के साथ पुस्तक भेंट की गयी। सम्मान समारोह के दौरान कार्यक्रम में डॉ. आर एस मौर्य, संतराम मौर्य, जामवंत मौर्य, दयानंद मौर्य, रजनीश मौर्य, दिनेश मौर्य, राजकुमार मौर्य, विजय मौर्य, नंदन मौर्य, प्रकाश मौर्य वैभव नरेश मौर्य सुनील कुमार धर्मेंद्र मौर्य, राम उजागिर मौर्य, अभिमन्यु कुशवाहा, आरती मौर्य, पूनम मौर्या सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर दिनांक 14 से 22 जनवरी तक जारी वृहद मंदिर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बदलापुर विधानसभा के विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने श्री राम जानकी मंदिर, सरोखनपुर और हनुमान मंदिर, सवंसा पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। मंदिर स्वच्छता अभियान में सहभागिता करके साफ-सफाई की और झाड़ू लगाकर कूड़े को कूड़ेदान में डाला । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आइये, प्रधानमंत्री के आवाहन के अनुरूप 14 से 22 जनवरी तक अपने आसपास, गांव तथा मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रभु श्री राम के आगमन की तैयारी करें। स्वच्छता के मौके पर मंडल अध्यक्ष गण शनि शुक्ल, लवकुश सिंह, सिकंदर मौर्य, वैभव सिंह, साहब लाल चौधरी, अंबुज तिवारी, सुरेश चौहान, पवन उपाध्याय, सूरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

विवादित भूमि का निश्तारण के बाद हुआ अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस। खुटहन। भटपुरा गांव में सप्ताह पूर्व मनबढ़ो के द्वारा पड़ोसी के घर में घुसकर कर लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर बृद्ध सहित सात लोगों को घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल बृद्ध का उपचार बीएचयू के ट्रामा सेंटर में चल रहा था। जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। देर? रात रोते बिलखते स्वजन शव घर लाकर विवाद के निस्तारण के बाद ही अंतिम संस्कार पर अड़ गए। मौके पर पहुंचे प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद सिंह ने सभी आरोपितों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी कापी सौंपते हुए भूमि विवाद को निस्तारित कराने का भरोसा दिया। तब जाकर स्वजन राजी हुए। शव का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर कर दिया गया। गांव निवासी राजेश कुमार बिंद का आरोप था कि वह बीते 7 जनवरी की शाम खाना खाकर बिस्तर पर सो रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी अरविंद बिंद नशे में धुत होकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। मना करने पर मारपीट करने लगा। कुछ देर बाद उसके अलावा दस और लोग लाठी डंडा और कुल्हाड़ी लेकर पहुंच बिस्तर पर सो रहे 80 वर्षीय धनई बिंद,इनके पुत्र राजेश, धर्मेंद्र, पौत्र अभिषेक, अमित, बृद्ध पत्नी कैलाशी और पुत्र बधू अनीता पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। 80 वर्षीय धनई बिंद की उपचार के दौरान मौत हो जाने पर स्वजन शव घर लाए। विवाद के निस्तारण व सभी आरोपितों पर हत्या का केस दर्ज करने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करने पर अड़ गए। प्रभारी निरीक्षक के द्वारा गैर इरादतन हत्या के एफआईआर की कापी देकर भूमि विवाद को राजस्व टीम के साथ बहुत जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर स्वजन 12 घंटे बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु ले गए।

शार्ट सर्किट से लगी दूकान में आग, पंद्रह लाख का नुक़सान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय नगर के साहबगंज मुहल्ले में शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक की दूकान में भीषण आग लग गई। जिसमें दूकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई।आग की इस विभीषिका में दूकान में रखे पंद्रह लाख के इलेक्ट्रॉनिक के सामान जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों की मदद से पांच घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। बताते हैं कि स्थानीय मुहल्ला साहबगंज (रवीन्द्र गली) स्थित दिनेश जायसवाल का मकान है। वह परिवार सहित दूसरे तल पर रहते हैं। नीचे डीके इलेक्ट्रॉनिक के नाम से इलेक्ट्रॉनिक सामानों की एक बड़ी दूकान खुली हुई है।रात को करीब साढे दस बजे दूकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसे किसी ने देखा कि शटर के नीचे से धुआं निकल रहा है। उन्होंने तत्काल दूकान मालिक दिनेश जायसवाल को सूचना दी। जैसे ही वह बाहर निकले और शटर खोला तो आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े लेकिन कोई फर्क नहीं देख फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड के जवान व पुलिस महकमा आग बुझाने की कवायद में जुट गए। घंटो के कड़ी मशक्कत के बाद पाच घंटे में आग पर काबू पाया जा सका तब तक पूरी दूकान जलकर खाक हो चुकी थीं। आग की भयावहता इतनी तेज थी कि छतें चटकने लगी तो घर के लोग डर की वजह से बाहर निकल आये । दूकान मालिक दिनेश जायसवाल के अनुसार आग की वजह शार्ट सर्किट होने की उम्मीद है।आग की वजह से करीब 15 लाख का रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर। रायबरेली हाईवे पर बोलेरो की टक्कर से घायल बाईक सवार युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रतापगढ़ जिले के बसिरहा गांव फतनपुर थाना निवासी ओमप्रकाश यादव 39 वर्ष पुत्र रामेश्वर यादव रविवार दोपहर जौनपुर जिले के कोल्हनामऊ अपने रिश्तेदार के यहां खिचड़ी पहुंचाने गए थे। वहा से देर सांय लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के चक्मुबारकपुर गांव के निकट एक बोलेरो चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर में उनके सिर पर गंभीर चोट लग गई। अगल बगल के लोगो ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें मछलीशहर सी एच सी भिजवाया। जहा चिकित्सक ने उनकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो व चालक को पकड़ कोतवाली लेकर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक यजुवेंद्र सिंह ने बताया की मृतक के भतीजे सुरेश कुमार की तहरीर पर बोलेरो चालक के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा के अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत का घर घर वितरण हुआ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/ बरसठी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा केअयोध्या जी से आए हुए पूजित अक्षत का घर घर वितरण हुआ कार्यकर्ताओं द्वारा मछलीशहर खण्ड के ग्राम सभा सेमरहो में प्रभु श्री राम की गर्जना करते हुए जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए डीजे, शंख,झल्लरी के साथ पावन धाम श्री अयोध्या जी से आए हुए पूजित अक्षत का घर घर वितरण हुआ और प्रभु श्री राम के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर अपने अपने घर पर भव्य दीपावली मनाने हेतु आग्रह किया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रुप से तिलौरा के श्रीराम जानकी मठ मंदिर के महंत श्री रविंद्र देवनीकर जी महाराज जी के साथ में चार अन्य साधु संत महात्मा के साथ ऋस्स के विभाग कार्यकारिणी सदस्य श्री रमेश चंद्र तिवारी जी, जिला कार्यवाह श्री नंदराज जी, खंड कार्यवाह शशांक शेखर तिवारी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, मण्डल अध्यक्ष महेश चौरसिया मण्डल अध्यक्ष बरसठी हरिश्याम पांडेय के के मिश्र बूथ अध्यक्ष जंगी लाल पटेल, शिव कांत आशुतोष तिवारी, शिवचंद, शैलेश तिवारी प्रवेश शर्मा कोटेदार रविश शर्मा, दीपक,विनय पांडे विजय नारायण,अमन,आशीष, राज शेखर आदर्श तिवारी,शांतनु कार्तिकेय, प्रेमसागर के साथ प्रभु श्री राम जी की ढेर सारे अनन्य भक्त श्री राम जी के पावन काम में सम्मिलित होकर का कार्यक्रम को संपन्न कराया। आने वाली 22 जनवरी को हम सभी लोग प्रभु श्री राम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हरि कीर्तन करेगें और भव्य दीपोत्सव कर दीपावली मनायेंगे।

संकल्प यात्रा में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। भाजपा जिलाउपाध्यक्ष जीतेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़नपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। आयोजित सभा में विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास में नया कीर्तिमान बना रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक समान विकास को रफ्तार दी जा रही है। वर्तमान समय में अधिकांश पात्रों के पास पक्की छत है। फ्री राशन, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने उद्देश्य पर खरी उतर रही है। तीन महिलाओं का गोंद भराई व अन्नप्रासन कराया गया। तीन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी भेंट की गई। इस मौके पर प्रधान रीमा,प्रधान संतलाल सोनी, मंडल अध्यक्ष मदन सोनी ,डा0 इंद्रसेनमौर्य , दीपक यादव, राजेन्द्र पाल, अमर बहादुर यादव,गोपीचंद, विमलेश, सुभाषचंद्र उपाध्याय, दिग्विजय सिंह,जितेन्द्र सिंह, प्रतिभा सिंह ,मंगीता, अनीता, निशा,आरती गौतम आदि मौजूद रहीं।

ब्रह्मण चेतना परिषद की ओर से मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोग का हुआ आयोजन

- संजय सिंह गंगवार तथा नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल ने खिचड़ी प्रसाद श्रद्धालुओं को किया विपरीत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आज मकर संक्रांति का पर्व पूरे जनपद भर में बड़े ही हर्षो उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर लोगों ने नदियों एवं सरोवरों में स्नान कर पूजा अर्चना की साथ ही हवन कर दान पुण्य किया साथ ही इसके जगह-जगह खिचड़ी भोज का प्रसाद भी लोगों ने ग्रहण किया। इसी क्रम में सोमवार को भी मकर संक्रांति का पर्व दूसरे दिन भी धूमधाम के साथ मनाया गया।
जगह-जगह खिचड़ी पर्व का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने खिचड़ी प्रसाद का स्वाद चखा। इसी अवसर पर मंकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य मे ब्रह्मण चेतना परिषद के जिलाध्यक्ष पं0 संजय पांडेय के प्रतिष्ठान ओमकार ट्रेडर्स निकट कोतवाली चौराहे पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री गन्ना विकास चीनी मीले संजय सिंह गंगवार उपस्थित हुए और उन्होंने अपने हाथों से लोगों को खिचड़ी का प्रसाद बांटा साथ ही इसके शहर चेयरमैन आस्था अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभात जयसवाल,ब्रह्मण चेतना परिषद के जिला महामन्त्री एंव हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष पं0 पंकज शर्मा, भाजपा के नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, शिव नारायण शर्मा, पत्रकार महेश शर्मा,प्रेम शर्मा, करन चौहान, सिद्धार्थ मिश्रा उपस्थित रहें।

इनकी रही उपस्थित....

मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर वासुदेव पांडेय, आशुतोष पांडेय, आयुष पांडेय, अनश शुक्ला,रिशभ अग्रवाल, अमित अवस्थी,युवा हिन्दू महासभा के जिला महामन्त्री आयुष सकसेना ,कृष्णा साहनी, हिन्दू महासभा के जिला उपाध्यक्ष शलभ गंगवार, त्रिवेदी,शुभम मिश्रा, नीरज सक्सेना,आशीष दीक्षित,दीपक शुक्ला, जिला महामन्त्री हिन्दू महासभा मंयक जयसवाल, स्वाती मिश्रा,पूजा ,रमेश चंद्र पांडेय,नन्द किशोर,पुष्पेन्द्र शुक्ला धीरेन्द्र मिश्रा,अशोक वाजपेई,विवेक अवस्थी,संजीव शर्मा,महेश मिश्रा, आरएम व्याष,उमेश त्रिगुणायत,संजीव मोहन अग्रवाल,कमल गुप्ता असिंचित मिश्रा,शैली शर्मा जिलाध्यक्ष शिवसेना,दीपक विशकर्मा, अरूण मिश्रा, आदि समानीत गणमान्य लोग खिचड़ी सहभोज मे उपस्थित रहें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को दी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

- भाजपा सरकार की योजनाओं का सभी को मिल रहा लाभः गुरभाग
- प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर। घुंघचाई क्षेत्र के कढ़ैया गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। सोमवार कढ़ैया गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी बैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को ग्रामीणों ने सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।भाजपा नेता ने मोदी और योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, हर घर जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सहित सिकलसेल एनीमिया, उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन छात्रवृत्ति योजना, एवं सामुहिक वन धन विकास केंद्र आदि योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान, बीपीएल राशन कार्ड, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं की लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री आवासीय योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। बच्चो का अन्नप्रासन और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की गई। इस मौके पर प्रधान रामचंद्र, सचिव राहुल कनौजिया, वीरेंद्र कुमार, रविंद्र, सरनाम सिंह रितेश सुनील यादव, गुड्डू यादव, राजपाल सिंह यादव, सोनपाल, केदारनाथ, रामवीर, डॉक्टर रामकुमार यादव, अजय कुमार यादव, गुड्डू यादव, नेवाराम सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

भाकियू ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- केशौंपुर गन्ना केंद्र प्रभारी पर किसानों से अभद्रता का आरोप
- समस्याओं का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर। भाकियू टिकैत ग्रुप की मासिक पंचायत तहसील परिसर में संपन्न हुई। पंचायत के बाद किसने की पांच सूत्रीय समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया।शीघ्र समस्याओं का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।
भाकियू (टिकैत) ने एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि तहसील क्षेत्र के जेठापुर में 23 दिसंबर 2023 को अनियमितताओं के बीच राशन कोटा चयन किया गया था। विरोध में भाकियू कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया था। पुनः बैठक का आश्वासन देने के बाद भी जांच नहीं हो सकी। जांच के बाद पुनः बैठक का आयोजन कर कोटा चयन किया जाए। नगर में जेब कतरों का गिरोह सक्रिय है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचने वाले मरीज व उनके तीमार दारों को निशाना बनाया जा रहा हैं। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। दि किसान सहकारी चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों को बेहद कम इंडेट जारी किया जा रहा है। पर्याप्त गन्ना सप्लाई पर्ची न मिलने से किसान खेतों में खड़े गन्ने की छिलाई नहीं कर पा रहे हैं। 1 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक आवारा पशुओं को पड़कर को आश्रय स्थल भिजवाए जाने के लिए अभियान चलाया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान का कोई असर नहीं दिखा। आवारा पशु सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे हैं। घुंघचाई क्षेत्र के गांव केशौंपुर में मकसूदापुर चीनी मिल द्वारा गन्ना क्रय केंद्र लगाया गया है। गन्ना क्रय केंद्र इंचार्ज द्वारा किसानों से अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। सेंटर इंचार्ज के खिलाफ किसानों में नाराजगी है। भाकियू ने समस्त समस्याओं का संज्ञान लेकर शीघ्र निस्तारण की मांग की। समस्याओं का समाधान न होने पर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में लाल मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष, राजेश कुमार, घासीराम, सीताराम घुरईलाल, कमला आदि मौजूद रहे।

जुनेदपुरपुर त्रिस्तरीय समिति गठन कांड

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

- ग्राम पंचायत अधिकारी ने माना की देवेंद्र कुमार यादव पंचायत सदस्य नहीं

जन एक्सप्रेस खबर पर मुहर

संतोष कुमार दीक्षित

जौनपुर जिले के सुईथाकला ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुनेदपुर में कूट रचित त्रिस्तरीय समिति गठित करने के मामले को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने गम्भीरता से संज्ञान में लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार से उक्त मामले का स्पष्टीकरण रिपोर्ट मांगा है। वही ग्राम पंचायत अधिकारी लक्ष्मी चंद ने जन एक्सप्रेस संबाददाता से बेबाक बातचीत में माना कि समिति गठित करने के दौरान मित्रसेन के स्थान पर देवेंद्र कुमार यादव बैठा रहा कार्रवाई

> मामले की रिपोर्ट एडीओ पंचायत सुईथाकला से मांगा गया रिपोर्ट अभी तक आई नहीं है प्राथमिक जांच में देवेंद्र गांव सभा का सदस्य नहीं होने की सूचना जरुर है परन्तु जांच आख्या के बाद ही कुछ अधिकारिक रुप में बता पाऊंगा।
> -सुभाष, खंड विकास अधिकारी जौनपुर

रजिस्टर पर वर्तमान निलंबित प्रधान अन्य सदस्यो ने हस्ताक्षर भी किए किसी ने कोई विरोध नहीं किया जिससे गलतियां हुई जन एक्सप्रेस अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद जब मामले को देखा गया तो वार्ड नंबर 6 से मित्रसेन ही सदस्य हैं और जिसका नाम चुनाव आयोग की सरकारी वेबसाइट पर भी दर्ज है मित्रसेन ने चुनाव के दौरान रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर जीत प्रमाण पत्र भी ले गया है। साथ ही जिलाधिकारी के यहां मौजूद अभिलेखों में भी मित्रसेन का ही नाम सदस्य के रुप में दर्ज है। ग्राम पंचायत अधिकारी की माने तो वाटनर लगाकर मित्रसेन की जगह देवेंद्र करने का भी प्रयास कागजों पर जरूर किया गया है ।परंतु सही जो है वह कागजों पर मौजूद है बहरहाल इस तरीके का मामला पहला मेरे सामने है कि जो ग्राम पंचायत का सदस्य नहीं वह पूरी मीटिंग में सदस्य के रुप में बैठा रहा और किसी पक्ष विपक्ष ने कोई विरोध नही किया उक्त मामले की जांच चल रही है।

अयोध्या जाने वाली बस का राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर एवं फिता काटकर किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने सोमवार को रोडवेज बस स्टैंड पर से अयोध्या को जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। यह बस यात्रियों को अयोध्या जाने के लिए प्रतिदिन पीलीभीत से प्रस्थान करेगी रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि रोडवेज यह बस प्रातः 9:00 बजे अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगी जो पूरनपुर गोला लखीमपुर सीतापुर लखनऊ बाराबंकी होते हुए शाम 7:00 बजे तक अयोध्या पहुंचेगी और उसी दिन रात्रि में 9:00 बजे पीलीभीत के लिए प्रस्थान करेगी जो सुबह 6:00 बजे के लगभग यहां पर पहुंचेगी उन्होंने बताया कि अभी तक यही शेड्यूल बस का तय किया गया है आगे समय में परिवर्तन हो सकता है यह सवारी की उपलब्धता के ऊपर निर्भर करेगा अयोध्या के लिए इस नई बस सेवा की शुरू होने से लखीमपुर लखनऊ की ओर जाने वाली यात्रियों को भी सुविधा प्राप्त होगी।

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मंदिरों में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सोमवार को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मंदिरों में सफाई अभियान चलाकर इसकी शुरुआत की। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सभी मुख्यमंत्री योगी आदिनाथ के आवाहन एवं उनकी प्रेरणा से 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले मंदिरों में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत राज्य मंत्री श्री गंगवार ने यहां मां यशवंतरी देवी एवं मोहल्ला डालचंद स्थित बाल्मीकि मंदिर में जाकर वहां पोछा लगा कर सफाई अभियान की शुरुआत की उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की होने वाली प्रांत रिश्ता कार्यक्रम तक मंदिरों में सफाई अभियान इस दिन चलाकर स्वच्छता का वातावरण पैदा करें और इसका संदेश पूरे भारतवर्ष में पहुंचाएं। इस कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहें।

जंगल से निकलकर आबादी में चीतल को कुत्तों ने नोंचा, पुलिस ने बामुश्किल छुड़ाया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर। आधी रात के वक्त जंगल से भटक कर आबादी क्षेत्र में पहुंची चीतल पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। गश्त कर रही पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चीतल को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया और सामाजिक वानिकी को सूचना दी। बताते हैं पहले तो वन विभाग की टीम मौके पर जाने के लिए आनाकानी करती रही लेकिन डीएम से शिकायत करने की बात कहने पर टीम पहुंच गई। आरोप है कि घायल चीतल को रात में ही जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। वन विभाग के कुछ लोगों की इस कार्यशैली की जानकारी पर वन्यजीव प्रेमियों में उनके खिलाफ रोष देखा जा रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों के किनारे तार फेसिंग न होने से वन्यजीवों के जंगल से बाहर निकलने पर रोक नहीं लग पा रहा है। वन्यजीव जंगल से बाहर आबादी क्षेत्र में पहुंचते रहते हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। कुछ वन्यजीवों पर आवारा कुत्ते भी हमला कर मार देते हैं। रविवार की रात करीब एक बजे एक चीतल बराही रेंज के जंगल से भटक कलीनगर चौराहे के पास पहुंच गई। माधोटांडा थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उस चीतल पर कुत्तों ने हमला कर दिया। उसे बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जब तक कुत्तों से उसे छुड़ाया तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। आरोप है कि पहले तो उन्होंने मौके पर आने के लिए आनाकानी की। इसपर डीएम से शिकायत करने की बात कही तो वन विभाग के लोग मौके पर पहुंचे।

- पीटीआर के जंगल से निकलकर कलीनगर चौराहे पर पहुंच गई थी एक चीतल
- वन विभाग टीम पर घायल चीतल को बगैर उपचार के जंगल में छोड़ने का आरोप

> घायल चीतल को बिना उपचार के जंगल में छोड़ दिया गया है तो यह गलत है। इसकी जानकारी की जा रही है।
> -अंजनी कुमार श्रीवास्तव
> एसडीओ सामाजिक वानिकी

घायल चीतल को उनके सुपुर्द कर दिया। बताते हैं कि टीम द्वारा चीतल को रात में ही जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। जबकि वह गंभीर रूप से चोटिल थी। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि घायल चीतल का पहले उपचार कराना था। इसके बाद जंगल में छोड़ा जाना चाहिए था। वन टीम की इस कार्यशैली से उनमें रोष है।

राहगीरों को घुंघचाई-दियोरिया मार्ग पर जल्द गड्ढों से मिलेगी निजात, निर्माण कार्य शुरू

जन एक्सप्रेस। प्रशांत शर्मा

- वर्षों से जर्जर सड़क पर आवागमन कर रहे थे राहगीर
- 3.76 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग करा रहा 18 कि.मी सड़क का निर्माण कार्य

पूरनपुर। घुंघचाई -दियोरिया जंगल मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए राहत भरी खबर है।पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार से सड़क का निर्माण कार्य की शुरु कर दिया गया है।मार्च माह तक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। पूरनपुर से घुंघचाई होकर जंगल के रास्ते दियोरिया से होकर बीसलपुर को जोड़ने वाली लगभग 18 किलोमीटर लंबी सड़क कई सालों से जर्जर हालत में थी। सड़क में जगह-जगह गड्ढे व उड़ती धूल से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण सड़क के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग कर चुके थे। जनप्रतिनिधियों की मांग पर लोक निर्माण विभाग की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। अप्रैल 2023 में प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिलने के बाद सड़क नवीनीकरण के लिए 3.76 करोड़ का बजट मंजूर कर दिया गया। सड़क निर्माण कार्य के लिए अक्टूबर माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई। विभागीय लापरवाही के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। लोक निर्माण विभाग की ओर से सोमवार तीन मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। दियोरिया रेंज के जंगल में बुलडोजर लगाकर पुरानी सड़क को उखाड़ने का काम किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मार्च माह तक सड़क के नवीनीकरण का काम पूरा कर लिया जाएगा। जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

> घुंघचाई-दियोरिया मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।सड़क का निर्माण कार्य 3.76 करोड की लागत से कराया जा रहा है।मार्च माह तक तीन मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इन दिनों बुलडोजर लगाकर पुरानी सड़क को उखाड़ने का काम किया जा रहा है।
> -उदय नारायण
> अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

लकड़ी व्यापारी समेत तीन के शव फंदे से लटके मिले

* सफीपुर, अजगैन कोतवाली और मौरावां थाना क्षेत्रों की घटनाएं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अलग अलग थाना क्षेत्रों में लकड़ी व्यापारी समेत तीन युवकों के शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटके मिले। दो के शव घर के अंदर तो तीसरा खेत में पेड़ से बंधे फंदे लटका मिला। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनाएं सफीपुर, अजगैन कोतवाली और मौरावां थाना क्षेत्रों की हैं।

केस एक:

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहीखेड़ा गांव निवासी मुकेश (45) पुत्र कल्लू लकड़ी व्यवसाई था। उसका शव घर के कमरे में लगे पंखे में गमछे के सहारे लटका देख मृतक की पत्नी सावित्री ने परिजनों सहित बच्चों को बुलाया। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़ मुकेश को फंदे से उतार कर तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की सूचना से पत्नी सावित्री बदहवास हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह भेजा है। मृतक के चार पुत्र व एक पुत्री है जिनमे बड़े बेटे दीपक की शादी हो चुकी है तथा बेटी कोमल व सबसे छोटे पुत्र पवन का रो रोकर बुरा हाल है। वही दो बेटों में विशाल और निर्मल गैर प्रांत में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं।

केस दो:

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के धारा खेड़ा निवासी सचिन (22) पुत्र देशराज रावत का शव गांव से आधा किलोमीटर दूर एक खेत मे पेड़ से रस्सी के फंदे में संदिग्ध हालातों में लटकता मिला। मृतक के पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करता था। घटना की जानकारी से मां प्रेमा,भाई रामनरेश, श्यामलाल व बहन रोशनी का रोरोकर बुरा हाल है। परिजन घटना का कारण पुलिस को बता नही पाए है। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि घटना का कारणों के पता लगाया जा रहा है।

केस तीन:

मौरावां थाना क्षेत्र के चैनखेड़ा मजरे मवई निवासी अनुज कुमार (23) पुत्र स्व. दयाराम ने रविवार रात खाना खाने के बाद दवा खाई और अपने कमरे में सोने चला गया। अनुज की दिमागी हालत सही न होने के कारण माता रामरती रात में उठ कर बेटे को देखने पहुंची तो उसकी चीख निकल गई। बेटे का शव कमरे में गमछे के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शिवराजपुर राजकीय पशु चिकित्सालय सोमवार को रहा बंद

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सालय शिवराजपुर के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन गौशालाएं आती हैं। जिसमें लगभग 900 गोवंश है। जिसमें प्रमुख रूप से जो सबसे बड़ी कमालपुर खोदन गौशाला जिसमें लगभग 400 गोवंश है। नगर पंचायत शिवरजपुर गौशाला में लगभग 150 गौवंश है। शुघरदेवा गौशाला मे लगभग 75 गौवंश है। महिपालपुर गौशाला में लगभग 70 गौवंश है। काकूपुर सीताराम गौशाला में लगभग 60 गौवंश है। दहेलिया गौशाला मे लगभग 100 गौवंश है। जिसमें लगभग एक दर्जन गौवंश जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। जो कठिन बीमारियों से जूझ रहे हैं वहीं पर एक दर्जन पशु मामूली चोट की वजह से जमीन पर लेटे रहते हैं। सबसे अधिक दैनिक दशा कमलपुर खोदन गौशाला की है जहां पर कभी भी पद चिकित्सक जाते नहीं वहां पर सिर्फ पैरावेट ही यदा-कदा जाकर काम चला लेते हैं और फोन पर बात कर दवाइयां लगा देते। जिम्मेदार शिवराजपुर में बैठने वाले अधिकारी जब कार्यालय आते नहीं हैं यहां पर और गौशाला से संबंधित व्यक्ति जब डॉक्टर को फोन करते हैं तो फोन उठा कर बता देते हैं की मीटिंग में है आखिरकार समस्या के हल मीटिंग में बता कर कहां तक चलेगा जन एक्सप्रेस संवाददाता ने पहुंचकर वहां लोगों से बात की तो हकीकत पता चली कि अस्पताल में अक्सर ताला लटकता रहता है यह फोटो बयां कर रही है कि दोपहर तक ताला लटक रहा है और सोमवार को वहां पर मौजूद आसपास के लोगों ने बताया कि अक्सर दोपहर तक ताला बंद रहता है और आज नहीं खुला है इस संबंध में डॉक्टर से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे उनका पक्ष ज्ञात न हो सका कि आखिरकार इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि अस्पताल नहीं खुलता है ना ही डॉक्टर आते हैं।

मामूली सी बात को लेकर दबंग ने युवक को पीट- पीट कर किया लहुलुहान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईश्वरीगंज गांव के रहने वाले एक दबंग युवक ने मामूली सी बात को लेकर गांव के ही एक युवक की लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने दबंग के खिलाफ बिठूर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। ईश्वरगंज गांव के रहने वाले सूरज मल्लाह उम्र 30 वर्ष पुत्र खुशी लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि रविवार की रात 9:30 बजे वह मजदूरी कर अपने घर वापस लौट रहा था। कि तभी गांव के रहने वाले राम बृजेश उर्फ गुंडा ने पहले तो उसे गाली गलौज की और जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से जमकर पीट दिया। पीड़ित के घर में उसकी पत्नी शिवानी 8 वर्षीय बेटी गौरी और 5 वर्षी बेटा गौरव है। पीड़ित युवक ने दबंग युवक के खिलाफ बिठूर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

सर्दी के प्रकोप के साथ ही कोहरे ने अपना रंग दिखाना किया शुरू

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

सोमवार को सर्दी के प्रकोप के साथ ही कोहरे ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। जिससे लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। रेल संचालन बुरी तरह प्रभावित है। कोहरे की धुंध ट्रेन संचालन पर सबसे ज्यादा असर डाल रही है। लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें तीन से चार घंटे तक विलंब से गुजर रही हैं। जिससे यात्री समय से अपने गंतव्य को नहीं पहुंच पा रहे हैं। शाम ढलते ही सर्दी ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया और गलन बढ़ गई। इसके साथ ही कोहरे की धुंध छा गई। दोपहिया और साइकिल सवार लोग ठंड से कांपते नजर आए। वहीं सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़ों की खरीददारी बदस्तूर जारी है। शाम होते ही बर्फीली हवाएं चलने से आने जाने वाले लोग ठिठुरते रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार फैक्ट्री श्रमिक की मौत

* दही थाना क्षेत्र के पुरवा रोड पर बीती रात हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सड़क हादसे के मृतक के परिजन

दही थाना क्षेत्र के पुरवा मार्ग पर देर रात तेज ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। शाहजहांपुर जिले के गांठ थाना अंतर्गत तिलियनपुर गांव निवासी राजीव चौधरी (25) पुत्र श्यामलाल बीते एक वर्ष से दही थाना क्षेत्र के शिव नगर मोहल्ले में किराए के मकान में अपनी पत्नी के साथ रह कर औद्योगिक क्षेत्र दही में एक चर्म निर्यातक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। रविवार रात किसी काम से घर से निकला था। पुरवा-दही मार्ग सुंदर वाटिका के पास सामने से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाइल के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मौत की सूचना मिलते ही गर्भवती पत्नी माधुरी अचेत हो गई। सोमवार को गांव से पिता सहित अन्य परिजन पहुंचे। बड़े भाई विकास ने बताया कि राजीव की बीते मई में शादी हुई थी वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। जवान बेटे की मौत से पिता सहित दोनों भाई रो-रो कर बेहाल रहे। एसओ अनुराग सिंह ने बताया युवक की सड़क हादसे में मौत हुई है। ट्रक को पकड़ लिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

100 गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को बांटे कम्बल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में शीत लहर के साथ ठंड ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया हैं। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़े या फिर अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा सोमवार का दिन सबसे ठंड भरा दर्ज किया गया। ठंड के ठिठुरन के बीच रविवार की रात को सोशल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन सोनू यादव के सौजन्य से गरीब और जरूरतमंदों को 100 कंबलों का वितरण किया गया। पिछले कुछ दिनों से शीतलहर वाली ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्थाएं विभिन्न चौक, चौराहा और स्लम बस्ती में जाकर बुजुर्ग और निःसहाय के बीच कंबल वितरण किया गया। सोशल इंप्रूवमेंट ट्रस्ट चेयरमैन ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए अगले सात दिनों तक यह कार्यक्रम ट्रस्ट के द्वारा चलाया जायेगा।

31 जनवरी को कानपुर पहुंचेंगे पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 31 जनवरी की सुबह चौबेपुर विकासखंड के अंतर्गत बैदानी गांव के सावित्री नगर में स्थित दक्षिणमुखी बाला जी धाम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पहुंचेंगे। यह जानकारी दक्षिणमुखी बाला जी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में मूर्ति स्थापना के पहले 21 जनवरी को भव्य कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर बिठूर ब्रम्हावर्त घाट तक जाएगी। जिसके बाद 22 जनवरी से राम कथा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सुप्रसिद्ध कथा वाचक चंद्र भूषण पाठक जी के श्रीमुख से राम कथा का सुनाई जाएगी। राम कथा 30 जनवरी तक चलेगी और उसके बाद 31 जनवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के हाथों से कराई जाएंगी। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा बागेश्वर आचार्य पंडित गोपाल शरण पांडे उर्फ राजा भईया व योगी आलोक नाथ जी बागेश्वर धाम काशी के अलावा 19 ब्राह्मण वेद मंत्रों के उपचारित कर कार्यक्रम संपन्न करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंच से उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन भी देंगे। 1 फ़रवरी कों विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। प्रेस वार्ता के दौरान कमल सिंह चौहान, अमित पवार मनोज शिव सिंह बलदेव सिंह मौजूद रहे।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज नहर के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जालिम खेड़ा गांव निवासी शिवपूजन 19 पुत्र विजय शंकर मोटरसाइकिल से सोहरामऊ की ओर जा रहा था। इस दौरान नवाबगंज नहर के समीप ढाबे के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

27 जनवरी से 5 फरवरी के बीच बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय सम्मेलन होगा: किरण निषाद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत ईश्वरिगंज में जिला पंचायत सदस्य दिलीप निषाद मल्हू के आवास पर भारतीय जनता पार्टी मत्स्य प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई।जिसमें मुख्य अतिथि मत्स्य प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक श्रीमती किरण निषाद रही जिन्होंने बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय सम्मेलन निषाद पार्क गंगा बैराज कानपुर में होना है। जिसमें कानपुर बुंदेलखंड के 17 जिलों से जिलों के निषाद लोधी कश्यप बिंद बाथम आदि स्वजातीय समाज के लोगों को आना है यह क्षेत्रीय सम्मेलन 27 जनवरी से 5 फरवरी के मध्य में होना है बैठक का संचालन क्षेत्रीय सहसंयोजक आकाश वर्मा निषाद ने किया बैठक में प्रमुख रूप से प्रकाश नारायण राजपूत पूर्व प्रधान दिलीप निषाद मल्हू लॉयर्स कनिष्क उपाध्यक्ष बृज नारायण निषाद कुसमा निषाद प्रधान हिंगूपुर अशोक निषाद पूर्व प्रधान रवि निषाद जितेंद्र निषाद रामचंद्र निषाद रमेश निषाद सिपाही लाल निषाद सिपाही लाल निषाद राजकुमार निषाद प्रदीप निषाद विक्रम निषाद महेंद्र निषाद राजेंद्र निषाद आदि क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

किसान नेता के हत्यारों को उन्नाव पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पंकज यादव

शुक्लागंज उन्नाव बीते दिन रविवार को किसान नेता विनोद कश्यप की हत्या होने के बाद शासन स्तर से मामले को संज्ञान में लिया गया था, देर रात डीएम अपूर्वा दुबे, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जिसके बाद हत्यारोपी को पकड़ने के लिए एस पी के निर्देश पर स्वाट टीम, गंगा घाट पुलिस के अलावा अन्य टीमें भी लगाई गई। पूरी रात पुलिस फोर्स पश्चिम क्षेत्र के कई मोहल्ले में दबिश देती रही। सूत्रों की माने तो मध्य रात्रि पुलिस ने हरिहरपुर से हत्या के मुख्य आरोपी शमशेर उर्फ़ काले खां, छोटू खां, सुहेल और जमशेद को गिरफ्तार किया था। जिसकी जानकारी पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सोशल मीडिया पर दी है। जिसमें पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही दर्ज एफआईआर में 302 की धारा को भी बढ़ाया गया है। वहीं घटना के बाद पूरी रात पुलिस के आलाधिकारी क्षेत्र पर गश्त करते हुए सुराग कसी में लग रहे। आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस ने कुछ राहत की सांस ली है। वहीं सुबह के समय क्षेत्रीय लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया और हाथों में जय श्री राम के झंडे लेकर नवीन पुल जाम करने जा रहे थे। जिस पर पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

परिजनों ने यह रखी मांग

मृतक के परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार रोक जिला प्रशासन के सामने अपनी शर्तें रखी और कहा कि पत्नी को नौकरी, बच्चों के भरण पोषण, बेटी के विवाह की व्यवस्था की जाये। साथ ही आरोपी काले का एनकाउंटर कर कड़ी सजा दी जाये। हमले में शामिल महिलाओं व क्षेत्रीय पुलिस पर कार्यवाही की मांग की गई है। एसडीएम सदर नमृता सिंह, पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने परिजनों को किसी तरह मनाया। जिसके बाद शव अंतिम संस्कार कराया गया।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने पत्नी से हुए विवाद के बाद ट्रेन से कट कर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी में उसके पास मिले ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए पहचान कर परिजनों को सूचना दी। अजगैन पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रहमतगंज गांव निवासी विनोद (38) पुत्र नन्हकू गांव के ही रामकुमार का ट्रैक्टर चलाता था। रविवार को गांव के ही एक कार्यक्रम के बाद शामियाना व अन्य सामान लाद कर टेंट हाउस में उतारने के बाद ट्रैक्टर खड़ा कर वह घर लौट आया। जहां उसका अपनी पत्नी से खाना देने को लेकर कहासुनी हो गई। शराब के नशे में वह घर से चला आया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बताते है इसी से नाराज होकर वह कानपुर -लखनऊ रेल मार्ग पर पहुंचा और कुसुंभी हाल्ट व जैतीपुर रेलवे स्टेशन के बीच किसी ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्म हत्या कर ली। प्वाइंट मैन ने शव पड़ा देख स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मेमो पर आरपीएफ पहुंची और शव को ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। जामा तलाशी में पास मिले ड्राइविंग लाइसेंस से उसकी पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। अजगैन पुलिस भी पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से उसकी पत्नी सुनीता सहित बेटे अमन, गोलू व बेटी नंदनी रो-रो कर बेहाल रही।

घाटों पर लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

मकर संक्रांति को लेकर सुबह से ही श्रद्धालु ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नगर के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। गंगा स्नान करने वाले स्नानार्थियों का घाटों पर तांता लगा रहा। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओ का आवागमन जारी रहा। अन्य लोग गंगा स्नान करने गये तो घाटों पर और अधिक भीड़ हो गई। जब लोग गंगा स्नान कर बाहर निकले तो स्नानार्थियों ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर घाट पर बैंठे पंडों को दान दक्षिणा भी दी। वहीं दूर दराज से आने वाले सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव, कानपुर समेत तमाम दूर दराज से आने वाले स्नानार्थियों ने मकर संक्रांति पर गंगा स्नान में आस्था की डुबकी लगाई। इसके अलावा दोपहर तक संक्रांति का स्नान चलता रहा। जहां दूर दराज से आने जाने वाले लोगों ने गंगा स्नान किया। स्नान के बाद बाद में अन्न, वस्त्र, दान तथा खिचड़ी भोज का आयोजन कर गरीबों को खिचडी बांटते है। वहीं जगह-जगह खिचड़ी वितरण कराया गया।

बिल्हौर नगर पालिका के सभासद के भाई ने नाबालिग बच्चे को लाठी डंडों से पीटा

* बेटे को बचाने गई मां को भी नहीं बक्शा, भाग कर बचाई जान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली पुलिस की शिथिलता के चलते दबंग के हौसले बुलंद है आए दिन घटनाएं घटती रहती हैं उन पर लगाम नहीं लग पा रही है सोमवार शाम जयप्रकाश नगर के सभासद के भाई बऊवा राठौर पुत्र कैलाश राठौर ने उस समय नाबालिक पर अपनी गुंडई दिखाते हुए रविवार शाम को बाजार में सब्जी लेने गया था वापस आते समय किसी से कोई विवाद हो गया था जिसको लेकर दुकानदार ने अपने घर से लाठी निकालकर नाबालिक को बेरहमी से पीटना शुरू किया चीखपुकार सुन कुछ दूरी पर नाबालिक का घर था किसी ने जाकर बताया कि तुम्हारे बेटे को पीट रहे हैं मां दौड़ते हुए घर से आई और बेटे को बचाने लगी बेरहम दबंग ने लाठी से वार करना बंद नहीं किया जिस मां के बीच चोटे आई हैं जानवरों की तरह नाबालिक चिल्लाता रहा उसे मोहल्ले में किसी ने नहीं बचाया इस बीच एक सांड गया जिसके चलते दबंग वहां से भाग खड़े हुए और मां बेटे ने अपने घर में छुप कर अपनी जान बचाई बराबर पुलिस को फोन करके और प्रार्थना पत्र लेकर मां थाने के चक्कर लगाती रही लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी ना मुकदमा लिखा गया ना ही इलाज कराया गया सोमवार शाम को पीड़िता की मां ने आगे बताया कि 1076 पर भी सूचना दी है लेकिन उसमें भी कुछ अभी तक नहीं हुआ है आखिरकार बीट पुलिसिंग की जिम्मेदारी क्या है क्या दबंग इस तरह से दबंगई दिखाते रहेंगे। नाबालिक की चोटों को देखकर लगता है कि दबंग ने कितनी बर्बरता पूर्वक पिटाई की है पीड़ित की मां ने बताया कि उन लोगों के घर सभी रोड पर ही पडते हैं जिसके चलते हम निकलकर बड़ी मुश्किल से छुप कर जाते हैं एक बार पुलिस आई थी देखकर चली गई कुछ भी नहीं कहा उन्हें के दरवाजे खड़े चाय पीते रहे।

खिचड़ी वितरण में शामिल हुए शहर के गणमान्य नागरिक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

संकल्प समर्पण संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में बंबा रोड चौराहे पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 12 वा सामूहिक खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया एवं लोगों को सम्मानित भी किया गया, आयोजन का शुभारंभ पनकी धाम के बड़े महंत महामंडलेश्वर श्री कृष्ण दास जी व रमेश अवस्थी (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी) के द्वारा किया गया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट, सुरेंद्र मैदान में थाने की विधायक सुरेंद्र नैथानी विधायक गोविंद नगर विधानसभा, अरुण पाठक एमएलसी भारतीय जनता पार्ट, प्रमोद द्विवेदी (अध्यक्ष कानपुर बार एसोसिएशन), विवेक टुटेजा (सोनू), शरद महेश्वरी एडवोकेट, अनुभव चक, रवि दुबे, राम गोविंद शुक्ला(पार्षद) दिनेश बाजपेई (पूर्व पार्षद), रमाकांत मिश्रा (अध्यक्ष पनकी उद्योग व्यापार मंडल) अशोक दुबे पूर्व पार्षद , परमजीत सिंह चंडोक(पम्मे) अनिल द्विवेदी, गुड्डू गुप्ता,लाला भैया, आशीष दीवान, गोलू द्विवेदी(भास्कर), मनोज शुक्ला महाकाल, नितिन मिश्रा, विकास गौड़, शशिकांत पांडे, विनय मिश्रा, मनोज दुबेदी, उपेंद्र सिंह भदौरिया पूर्व उपाध्यक्ष कानपुर बार एसोसिएशन विमलेश पांडे पूर्व उपाध्यक्ष दि लॉयर्स एसोसिएशन) अशोक शुक्ला (दद्दा),, डीपी श्रीवास्तव , राजीव मेहरा उमेश गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, सभी अधिवक्ता गण) लक्ष्मण दास (लच्छ), मनीष गुप्ता, बबलू त्रिपाठी, आदि लोग उपस्थित रहे।

निमंत्रण देने निकली 1931 टोलियां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के तत्वधान में सोमवार को महानगर में 1931 टोलियां निकलीं। राम मंदिर निर्माण में राकेश चंद्र शुक्ला यशोदा नगर पुत्र एवं पौत्र कृषांग के साथ तीन पीढ़ियों ने समर्पण किया था। संघ के पूर्व जलि के संघचालक मोहन जी नगर कार्यवाह गोविंद के साथ पहुँचे राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा का निमंत्रण देने पहुंचें। लोहा पिटवा घुमंतू बस्ती में अक्षत वितरण टोली के साथ किया व 22 जनवरी को पूजा व दीपोत्सव के लिए आग्रह किया. कार्यक्रम प्रात काल कृष्णा नगर मे काशीराम हॉस्पिटल के सामने व जुगल पैलेस सिनेमा के सामने किया टोली मे प्रमुख रूप से विभाग संयोजक मोरमुकुट, बलराम जी सेहगल जी आदि रहे...फल सब्जी रेहड़ी वाले सभी रामभक्तों को दिए जा रहे अक्षत

देर शाम छात्रा को रोककर लूटा सामान

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में घर लौट रही छात्रा के साथ देर शाम लूट हो गयी। रास्ते मे पीछे से आये बाइक सवार युवक ने युवती का मोबाइल पैसे व अन्य सामान छीन कर फरार हो गया। पीड़िता ने 112 पुलिस को सूचना दी। अजगैन कोतवाली पहुंच पुलिस को हादसे की जानकारी दी। सोहरामऊ थाना गांव खैलामऊ निवासी सीमा पत्नी प्रकाश ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री रूबी रविवार को हसनगंज गयी थी। जहां से वापस लौटने पर राजमार्ग पर शाम को साधन से उतरी और पैदल गांव जाने लगी। बताया कि इस दौरान गौरा कठेरवा जैतीपुर रजबहा के समीप पीछे से आये अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति ने उसको रोक कर जोर जबरदस्ती करने लगा। जिसका रूबी ने विरोध किया तो वह मोबाईल, पैसे व अन्य सामान छीनकर नवाबगंज जैतीपुर संपर्क मार्ग की तरफ भाग निकला। रूबी के शोर मचाने पर पहुंचे लालखेड़ा निवासियों ने खोजबीन की लेकिन कोहरे के चलते आरोपी भाग निकला। बताते है जिसके बाद पीड़िता सोहरामऊ थाने पहुंची। जहां उसे घटनास्थल अजगैन कोतवाली क्षेत्र का बताने के साथ वहां जाने की सलाह दे दी। अजगैन कोतवाली पहुंची युवती ने पुलिस को आप बीती बताई। जिसके बाद हरकत में आई अजगैन पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पीड़िता की मां ने अजगैन कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपराध निरीक्षक राम नारायण ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



पीएम ने एक लाख परिवारों को ढाई-ढाई लाख दिए

पक्के घर बनवाने के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे, कहा, कोई कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं होगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (15 जनवरी) को पीएम जनमन योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उत्तराखंड की बोक्सा, छत्तीसगढ़ की कमार-कोरवा, मध्य प्रदेश की बैगा-भील और राजस्थान की सहारिया जनजाति के लोग संवाद से जुड़े। इस दौरान अतिपिछड़े जनजातीय समूह के एक लाख लाभार्थी परिवारों को पक्के घरों के लिए 540 करोड़ रुपए फंड की पहली किस्त भी जारी की गई। यानी सरकार ने एक-एक घर के लिए ढाई लाख रुपए ट्रांसफर किए। संवाद के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। विशेष पिछड़ी जनजातीय लोगों के विकास और उत्थान के लिए केंद्र सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम जनमन योजना शुरू की थी। इसका मुख्य लक्ष्य विशेष रूप से कमजोर जनजातियों का संपूर्ण विकास करना है।

9 केन्द्रीय मंत्रालय 11 सुविधाओं पर करेंगे काम

जनमन योजना के तहत केंद्र सरकार के 9 मंत्रालय 11 सुविधाओं को सुनिश्चित करने का काम करेंगे। इनमें पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए पोषण, बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण, घरों में बिजली पहुंचाना, सोलर पावर, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन के लिए स्किल डेवलपमेंट शामिल हैं।

केंद्र सरकार 3 साल में खर्च करेगी 24104 करोड़

15 नवंबर को प्रधानमंत्री ने योजना की शुरुआत की थी। पिछले दो महीनों में सरकार ने पीएम-जनमन पैकेज के तहत 9 मंत्रालयों के माध्यम से ?4700 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है, जिसमें घरों के लिए एक लाख लाभार्थियों को मिलने वाली पहली किस्त भी शामिल है। इसके अलावा इन जनजातियों की बस्तियों में 8000 किमी सड़कों में से 1207 किमी के निर्माण को मंजूरी दे दी है। छूटे हुए परिवारों को पीएम जल जीवन मिशन से जोड़ने और 916 आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी दी है, जिनमें से 816 के इस महीने के आखिर तक चालू हो जाएंगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने जनमन योजना के तहत 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 22000 बस्तियों में लगभग 7 लाख परिवारों को कवर करने का लक्ष्य रखा है। केंद्र ने इस पैकेज के लिए अगले तीन साल में खर्च किए जाने वाले कुल 24104 करोड़ को मंजूरी दी है, जिसमें से 15336 करोड़ केंद्र ही खर्च करेगा। बाकी 8768 करोड़ राज्य सरकारें उठाएंगी।

त्रेता में राजा राम की कथा हो या...

उन्होंने कहा, 'त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को चार करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए। जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।' प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई। इस दौरान लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा, 'हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी उसकी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे।'

श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव नहीं

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन दिनों उन्होंने भी 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है। इस दौरान वे श्री राम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप प्रभु राम का स्मरण करेंगे तो माता शबरी की याद आना बहुत स्वाभाविक है। श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव ही नहीं है।% उन्होंने कहा कि अयोध्या से जब राम निकले थे तब तो वह राजकुमार थे। लेकिन राजकुमार राम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे सामने आए क्योंकि माता शबरी हो, केवट हो, निषाद राज हो... न जाने कौन-कौन से लोग... जिनके सानिध्य ने राजकुमार राम को प्रभु राम बना दिया।

योजना के लाभ से कोई नहीं छूटेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचे, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा, 'सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे। मेरा कोई अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं।' उन्होंने कहा कि सिर्फ दो महीने में ही पीएम-जनमन अभियान ने वह लक्ष्य हासिल करने शुरू कर दिए हैं जो पहले कभी कोई नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की भावी पीढ़ियों को अब किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, 'पहले सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही चलती रहती थी और असली लाभार्थियों को पता ही नहीं चलता था। जिनको पता चल भी जाता था तो उनको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पीएम-जनमन महाअभियान में हमारी सरकार ने ऐसे सभी नियम बदल दिए हैं, जिससे आपको परेशानी होती हो।'

पिछले साल शुरू की थी पीएम-जनमन

गौरतलब है, पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरुआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सबसे कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इनमें सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बिजली, सडक और संचार जैसी सुविधा तथा टिकाऊ आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना शामिल है।

पीएम मोदी शिवपुरी की ललिता से बोले, आप सुपर फास्ट बोलती हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जनमन अभियान के तहत अलग-अलग राज्यों की महिलाओं से बात की। शिवपुरी के हातोद गांव की ललिता सहरिया आदिवासी महिला से सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने को लेकर सवाल किया। ललिता ने कहा- बेटी को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिला है। बच्चों को ड्रेस मिली। मेरे शीतला माता स्व-सहायता समूह को भी लाभ मिला है।इस पर पीएम ने कहा, आप सुपर फास्ट बोलती जा रही हैं। इतना तो हम भी नहीं बोल सकते। वहीं छरू छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिला से पूछा, कोई नई रेसिपी सीखी या नहीं। तब महिला ने बताया कि उज्ज्वला योजना से मिली गैस के चलते उसे धुस्का, भजिया बनाने में आसानी होने लगी है।

9 साल में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

नीति आयोग की रिपोर्ट, यूपी में सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ लोगों को फायदा, टॉप 4 में बिहार-मध्यप्रदेश भी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। उसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई है। यानी कि पिछले 9 सालों में 17.89 प्रतिशत की कमी आई। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। जिसमें बाल पोषण, मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, घर, संपत्ति और बैंक अकाउंट जैसे फैक्टर शामिल होते हैं।

गरीबी में गिरावट की गति चार प्रतिशत ज्यादा

रिपोर्ट के मुताबिक, 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी में गिरावट की गति 10.66 प्रतिशत रही, जोकि 2005-06 से 2015-16 की तुलना (7.69 प्रतिशत) में बहुत तेज थी। आंकड़ों पर नजर डालें, तो एमपीआई (मल्टीडाइमेंशिनल पोवर्टी इंडेक्स) के सभी 12 इंडिकेटर में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला है। पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

केंद्र सरकार की 5 योजनाएं, जिनसे पहुंचा लाभ...

प्रधानमंत्री उज्वला योजना

प्रधानमंत्री उज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को हुई थी। अब तक 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया जाता है। साथ ही कनेक्शन लेने पर 1600 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाती है ताकि वे गैस कनेक्शन से जुड़ी अन्य जरुरी चीजें भी खरीद लें।

प्रधानमंत्री जन धन योजना

इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी। लगभग 100 प्रतिशत परिवारों को इस सुविधा के तहत लाया जा चुका है। खोले गए खातों में से 60 प्रतिशत खाते ग्रामीण क्षेत्रों में और 40 प्रतिशत खाते शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। जनधन की वेबसाइट के अनुसार 51. 42 करोड़ अकाउंट होल्डर हैं। और उनके खातों में 2 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 2020 में शुरू किया गया था। अब इसे 2029 तक बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल?याण योजना के तहत देश की करीब 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य को 5 किलो गेहूं या चावल हर महीने मिलता है साथ ही एक किलोग्राम साबुत चना दिया जाता है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके जरिए भारत के नागरिक अपना 5 लाख तक का इलाज फ्री में करा सकते हैं। इस योजना की शुरुआत 25 सितंबर, 2018 को हुई थी।

जल जीवन मिशन

इस योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2019 को हुई थी। 2024 तक देश के सभी गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 14 करोड़ घरों तक कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। कुल 19 करोड़ घरों तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

तमिलनाडु में जल्लीकट्टू के पहले ही दिन 45 घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु में मकर संक्रांति पर पोंगल उत्सव मनाया जाता है। जल्लीकट्टू इसका ही एक हिस्सा है। मदुरै के अवनियापुरम में मट्टू पोंगल पर शुरू हुए पहले दिन के खेल में दो पुलिस कर्मियों समेत 45 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 9 लोगों को इलाज के लिए मदुरै के राजाजी अस्पताल में रेफर किया गया है। अवनियापुरम में चल रहे जल्लीकट्टू में लगभग 1000 सांडों और 600 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अवनियापुरम जल्लीकट्टू उत्सव में एक कार दी जाएगी। इस बार केवल पास वाले बैल मालिकों, काबू पाने वालों को ही अवनियापुरम जल्लीकट्टू में प्रवेश की अनुमति दी गई है। अवनियापुरम के बाद 16 जनवरी को पलामेडु और 17 जनवरी को अलंगनल्लूर में जल्लीकट्टू का खेल होगा।

क्या है जल्लीकट्टू का खेल

जल्लीकट्टू तमिल शब्द है। यह कालीकट्टू से बना है। काली का मतलब कॉइन यानी सिक्का और कट्टू का मतलब बांधना होता है। पहले बैलों के सींग पर सिक्कों की पोटली बांध दी जाती थी और जीतने वाले को इनाम में वहीं पोटली मिलती थी। इसमें एक एंट्री गेट से बैलों को छोड़ा जाता है। जो शख्स 15 मीटर के दायरे में बैल को पकड़ लेता है, वह विजेता हो जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल कहा था, जल्लीकट्टू सांस्कृतिक विरासत

2014 में सुप्रीम कोर्ट ने इस खेल पर रोक लगा दी थी। इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने केंद्र से इस खेल को जारी रखने के लिए अध्यादेश लाने की मांग की। 2016 में केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना जारी की और कुछ शर्तों के साथ जल्लीकट्टू के आयोजन को हरी झंडी मिल गई। मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। जहां पशु क्रूरता अधिनियम में बदलावों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई। इस बार पेटा ने फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाई थी, लेकिन स्ष्ट ने मई 2023 में तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र में होने वाली बैलों की परंपरागत दौड़ पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा था कि तमिलनाडु में जल्लीकट्टू पिछली एक सदी से होता आ रहा है। जब विधानसभा ने यह घोषित कर दिया कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत है, तब हम इस पर कोई अलग नजरिया नहीं रख सकते हैं।

जल्लीकट्टू में बैल मरने पर खिलाड़ी सिर मुंडवाते हैं, मृत्युभोज देते हैं

तमिलनाडु के लोग बैल को भगवान शिव का वाहन मानते हैं। उसकी पूजा करते हैं। उनके लिए बैल भाई-बाप की तरह है। उसके मरने के बाद रिश्तेदारों को शोक संदेश भेजते हैं। उसका मृत शरीर फूलों से सजाते हैं। इंसानों की तरह जनाजा निकालते हैं और पवित्र जगह पर दफनाते हैं। घर लौटने के बाद अपना सिर मुंडवाते हैं। गांव के लोगों को मृत्यु भोज देते हैं। कुछ दिनों बाद उस बैल का मंदिर भी बनाते हैं और हर साल उसकी पूजा करते हैं।

फ्रांस में विदेशी इमामों की एंट्री पर बैन

पहले से मौजूद इस्लामी धर्मगुरुओं को उनके देश भेजा जाएगा, नया कानून कट्टरता के खिलाफ सख्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

फ्रांस में अब दूसरे देशों के इमाम काम नहीं कर सकेंगे। इसके लिए प्रेसिडेंट एमैनुएल मैक्रों की सरकार ने नया कानून लागू कर दिया है। 'फॉक्स न्यूज' के मुताबिक- जो विदेशी इमाम पहले से मौजूद हैं, उन्हें भी वापस भेजा जाएगा या लोकल मस्जिदों में उन्हें कोई छोटा काम दिया जा सकता है। फ्रांस सरकार ने 'फोरम ऑफ इस्लाम इन फ्रांस' नाम की एक संस्था बनाई है। इसमें सभी मजहबों के लीडर्स रहेंगे। इस संस्था के जिम्मेदारी देश के मुस्लिमों को सही राह दिखाना और कट्टरपंथ से दूर रखना होगी।

फंडिंग की जांच

- फ्रांस में धार्मिक स्थानों को मिलने वाली फंडिंग की भी जांच हो रही है। आतंकवाद और कट्टरपंथ की फ्रांसीसी वॉच लिस्ट के मुताबिक- कुछ धार्मिक जगहों में शिक्षा के नाम पर कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देने की रिपोर्ट्स के बाद यह फैसला लिया गया था। 2020 में फ्रांस सरकार ने जांच के लिए 2,450 मस्जिदों की लिस्ट बनाई थी।
- फ्रांस की होम मिनिस्ट्री का मानना है कि रूस सहित पूर्वी यूरोप के देशों से शरण मांगने के नाम पर बड़ी संख्या में लोग फ्रांस में बस रहे हैं। ये फ्रांस की डेमोक्रेसी का गलत फायदा उठाकर कट्टरपंथ को बढ़ावा देते हैं।
- फ्रांस ने 2017 से 2021 के दौरान सात लाख लोगों को शरण दी थी। इनमें से छह लाख पाकिस्तान, सीरिया, लीबिया, मोरक्को, और क्रोएशिया के थे। अब सरकार ने शरण मांगने वालों की तादाद 75 हजार कर दी है।
- फ्रांस ने 2004 में स्कूलों में हेडस्कार्फ पहनने पर और 2010 में सार्वजनिक रूप से पूरे चेहरे के नकाब पर प्रतिबंध लगा दिया था।

4 साल बाद कामयाबी

- मैक्रों ने फरवरी 2020 में पहली बार इस कानून को लाने के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था- हमें कट्टरता को खत्म करना होगा। महिलाओं को बराबरी का दर्जा देना होगा। उन्हें दबाया नहीं जा सकेगा। यही हमारे देश की सोच और परंपरा है।
- फ्रांस में 1977 एक नियम बनाया गया था। इसके तहत चार मुस्लिम देशों को यह मंजूरी दी गई थी कि वो अपने इमाम फ्रांस भेज सकते हैं। इनको मजहब और इस्लामिक कल्चर से जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। हालांकि, नई कमेटी पर अभी से सवालिया निशान लगने लगे हैं।
- यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हैम्पशायर में पॉलिटिकल साइंस की प्रोफेसर एलिजाबेथ कार्टर ने फॉक्स न्यूज से कहा- कुछ लोगों को लगता है कि क्या ये संस्था वास्तव में फ्रांस के मुस्लिमों को लीडरशिप दे पाएगी। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ये मानते हैं कि ये फ्रांस के मुसलमानों को कंट्रोल करने की साजिश है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ये मान रहे हैं कि खुद मैक्रों फ्रांस के कट्टरपंथियों में अपना वोट बैंक बढ़ाना चाहते हैं।
- फ्रांस में हालिया वक्त में कई आतंकी हमले हुए हैं और इनमें से ज्यादातर के जिम्मेदार दूसरे देशों से कानूनी और गैर कानूनी तौर पर आए लोग शामिल रहे हैं। 2015 में यहां आतंकी हमले में 130 लोग मारे गए थे और 500 घायल हुए थे। एक अनुमान के मुताबिक- आतंकी संगठन ढ्ढस्ढ्ढस् में फ्रेंच मूल के करीब 1910 लोग शामिल हुए थे।

हिजाब भी मंजूर नहीं

- अगस्त 2023 में फ्रांस सरकार ने सरकारी स्कूलों में इस्लाम से जुड़ी पोशाक पहनने पर रोक लगा दी थी। इसका काफी विरोध हुआ था और ये कहा गया था कि ये मुस्लिमों की पहचान खत्म करने की साजिश है। इसके अलावा मस्जिदों और मुस्लिम एसोसिएशन की कथित निगरानी का मामला भी काफी विवादों में रहा था।
- फ्रांस 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टेटेटिक्स एंड इकोनॉमिक स्टडीज डिपार्टमेंट' के मुताबिक, शहरी इलाकों में मुस्लिमों की आबादी करीब 10 प्रतिशत है। मुस्लिमों की सबसे ज्यादा जनसंख्या भी फ्रांस में ही है।
- जर्मनी और फ्रांस दोनों ने यह तय किया है कि मजहबी मामलों में अब दूसरे देशों का दखल खत्म किया जाएगा। जर्मन सरकार ने 2 जनवरी 2024 को ऐलान किया था कि अब हर साल 100 इमाम जर्मनी में ट्रेंड होंगे। अब तक ये तुर्किये से ट्रेनिंग लेकर आते थे। जर्मनी में करीब 900 मस्जिदें हैं और सभी के इमाम या तो तुर्किये से आए हैं या इन्होंने मजहबी शिक्षा वहां हासिल की है। फ्रांस में मौजूद इमाम अल्जीरिया, तुर्किये और मोरक्को से आए हैं।

अर्जुन गुप्ता को भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा का पुनः महाराष्ट्र उपाध्यक्ष बनाया गया

जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

मुंबई। महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश उत्तर भारतीय मोर्चा की घोषणा कर दी गई है। जिसमें 21 उपाध्यक्ष, 5 महासचिव व 26 सचिव की घोषणा उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष संजय पांडेय ने की है। उत्तर भारतीयों में अच्छी पकड़ रखने वाले जाने-माने समाजसेवक अर्जुन गुप्ता को पुनः उत्तर भारतीय मोर्चा का महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। ज्ञात हो कि अर्जुन गुप्ता को तीसरी बार उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।अर्जुन गुप्ता काफी वर्षों से भाजपा में सक्रिय होकर विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।अर्जुन गुप्ता राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार पत्र अर्जुन प्रताप के संपादक भी हैं। अर्जुन गुप्ता की पुनः उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी एवं उनके कार्यालय पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। अर्जुन गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर पुनः विश्वास जताकर जिम्मेदारी सौंपी है,उसपर पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

उद्धव ठाकरे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले को चुनौती दी, नार्वेकर ने शिंदे गुट को असली शिवसेना बताया था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधानसभा स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। 10 जनवरी को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधानसभा में फैसला देते हुए कहा था कि असली शिवसेना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की है। उन्होंने शिंदे गुट के 16 और उद्धव गुट के 14 विधायकों की सदस्यता भी बरकरार रखी थी। फैसले के बाद उद्धव ठाकरे ने कहा था कि स्पीकर के फैसले से सुप्रीम कोर्ट की अवमानना हुई है। इसलिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई के फैसले में शिंदे गुट के चीफ व्हिप भरत गोगावले की नियुक्ति को अवैध ठहराया था। नार्वेकर ने इसे वैध ठहराया है। उद्धव गुट ने इन सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को इस मामले में आखिरी सुनवाई की थी। तब स्पीकर के लिए फैसला लेने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 10 जनवरी कर दी थी। यानी सुप्रीम कोर्ट में आखिरी सुनवाई के 28वें दिन स्पीकर ने अपना फैसला सुनाया था।

स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले की 3 अहम बातें

- शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक, उनका गुट ही असली शिवसेना। चुनाव आयोग ने भी यही फैसला दिया था।
- शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का फैसला उद्धव का था, पार्टी का नहीं। शिवसेना संविधान के अनुसार वे अकेले किसी को पार्टी से नहीं निकाल सकते।
- शिंदे गुट की तरफ से उद्धव गुट के 14 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग खारिज। शिंदे गुट ने केवल आरोप लगाए, उनके समर्थन में सबूत नहीं दिए।

स्पीकर ने अपने फैसले के दो आधार बताए

- शिवसेना के 1999 के संविधान को ही आधार माना गया। स्पीकर ने कहा- 2018 का संशोधित संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है, इसलिए वह मान्य नहीं।
- 21 जून 2022 को फूट के बाद शिंदे गुट ही असली शिवसेना था। उद्धव गुट के सुनील प्रभु का व्हिप उस तारीख के बाद लागू नहीं होता, इसीलिए बतौर व्हिप भरत गोगावले की नियुक्ति सही है।

शिंदे गुट हाईकोर्ट पहुंचा

उधर, शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने महाराष्ट्र स्पीकर के उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों को अयोग्य न ठहराने के फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है। सोमवार को गुट की ओर से अर्जी लगाई गई है।

महिला सीईओ की पुलिस कस्टडी 5 दिन बढ़ी, पति ने पूछा, बेटे को क्यों मारा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। गोवा में 4 साल के बेटे की हत्या के मामले में जेल में बंद स्टार्टअप कंपनी की सीईओ रही सूचना सेठ की पुलिस कस्टडी 5 दिन बढ़ा दी गई है। गोवा की कैलंगुट पुलिस की मांग पर पणजी की एक कोर्ट ने महिला की कस्टडी बढ़ाई है। कैलंगुट पुलिस ने हत्या के मामले को सिलसिलेवार समझने और ज्यादा सबूत जुटाने के लिए यह कस्टडी मांगी है। इसके अलावा बम्बोलिम में गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में उनके पति वेंकट रमन का डीएनए टेस्ट भी पुलिस ने तय कर रखा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)